फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 86 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 28 अक्टूबर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



In search of the Cobbler and others

The one thing that made the real difference among these well-dressed people was the kind of foot wear they wore.

APPRECIATION: Voice of the Vioceless

The Sun Was Eaten

A program for observing a partial solar eclipse



*अमेरिका के राज्य मेन में 50 साल से टर्न और पफिन चिड़ियों की आबादी को सुरक्षित करने के प्रयासों के परिणामस्वरुप अब एक स्थायी कॉलोनी विकसित हो गई है जहां हजारों की तादाद में पक्षी प्रजनन करते हैं। पैटीट मनान व आस-पास के अन्य छोटे द्वीपों पर स्थित कॉलोनी के पक्षियों ने बीसवीं सदी में क्लाइमेट चेंज का सर्वाधिक बुरा असर झेला है लेकिन अब संरक्षण प्रयासों के बाद ये फिर से पहले की तरह लौट रहे हैं और प्रजनन कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि मेन में पफिन का इतना ज्यादा शिकार किया गया कि, वर्ष 1902 तक मात्र 2 पफिन बची थीं। मेन कोस्टल आइलैंड्स नैशनल वाइल्ड लाइफ रिफ्यूज में ऑडबन सोसायटी के एक सदस्य ने 1972 में न्यूफाउण्डलैण्ड से पफिन के चूजे लाकर यहां बसाने शुरु किए। आज यहां के विभिन्न द्वीपों पर पफिन के 1300 से ज्यादा जोड़े हैं। इनमें अधिकतर ईस्टर्न एग रॉक, सील आईलैंड और मैटिनिकस रॉक द्वीपों पर हैं। यह प्रॉजैक्ट इतिहास का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें सी बर्ड्स की वह कॉलोनी पुनः विकसित हुई, जिसे लोगों ने बरबाद कर दिया था। कॉमन टर्न, आर्कटिक टर्न और रोज़िएट टर्न हज़ारों की संख्या में पैटीट मनान द्वीप पर शरण लिया करते थे। यहां एक लाइट हाउस था। कई सालों तक उसकी देखभाल व संचालन यू.एस. कोस्ट गार्ड के लोग करते थे, फिर 70 के दशक में लाइट हाउस को स्वचालित कर दिया गया और कोस्ट गार्ड यहाँ से चले गए। इससे समुद्री पक्षी, गल्स की संख्या में असंतुलन हो गया, जो यहां घर बनाते थे। अस्सी के दशक में असंतुलन ठीक हुआ, क्योंकि टर्न, जो इस द्वीप को छोड़ गए थे, लौट आए और सन् 2000 आते-आते यहां टर्न के 2500 प्रजननरत जोड़े थे। पक्षियों की वापसी को देखकर प्रोजैक्ट पफिन से जुड़े छात्र व संरक्षणविद्, विपरीत परिस्थितियों से जूझने की इन पक्षियों की क्षमता को देखकर हैरान रह गए हैं। वर्ष 2009 में यहां पफिन के मात्र 47 जोड़े रह गए थे और सिर्फ 16 प्रतिशत बच्चे ही वयस्क हो पाए थे। गत वर्षों में ठंडे मौसम की वापसी से यहां प्रजनन की सफलता बढ़ी है। बड़ी संख्या में चूज़े वयस्क हो रहे हैं तथा वयस्क पफिन प्रजनन के लिए घोंसले बना रहे हैं। कुछ प्रवासी टर्न लंबी-लंबी दूरी तय करके यहाँ आ रहे हैं।*

# सुप्रीम कोर्ट की बार एसोसिएशन व जजों में बेचैनी है

## बेचैनी का कारण है, जजों की नियुक्ति पर सरकार की ''पिक एण्ड चूज़'' नीति तथा सुप्रीम कोर्ट के कोलीजियम का सरकार की इस नीति पर चुप्पी रखना

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस दीपांकर दत्ता को पदोन्नत कर सुप्रीम कोर्ट का जज बनाने और उड़ीसा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एस. मुरलीधर का तबादला कर उन्हें मद्रास हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने की एक माह पूर्व सिफारिश की थी, लेकिन केन्द्र सरकार ने इन्हें अब तक अनुमोदित नहीं किया है। इस विलम्ब ने न्यायपालिका में असहजता पैदा कर दी है क्योंकि इन आरोपों को पुन: बल मिला है कि सरकार जजों के मामले में अपनी पसंद का व्यक्ति चुनने की नीति अपना रही है। कोलीजियम की कई पूर्व सिफारिशें अब भी पैण्डिंग हैं, जिससे सरकार की ''पिक एण्ड चूज़'' पॉलिसी के आरोपों को बल मिल रहा है।

- **''पिक एण्ड चूज़'' नीति के उदाहरण के बतौर बॉम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता का, सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्ति का मामला गिनाया जाता है।**
- **न्यायाधीश दीपांकर दत्ता को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त करने का निर्णय सर्व सम्मति से 27 सितम्बर को लिया था, पर सरकार द्वारा अभी तक यह नियुक्ति नहीं दी गई है जबकि, जब सरकार का मन हो तो, पदोन्नति व नियुक्ति के मामलों पर कोलीजियम की राय प्राप्त होने के अड़तालीस घंटे में ऑर्डर पारित कर दिये जाते हैं।**
- **दूसरा उदाहरण दिल्ली हाई कोर्ट के जज मुरलीधर का दिया जा रहा है। छब्बीस फरवरी 2020 को न्यायाधीश मुरलीधर ने केन्द्रीय सरकार के खिलाफ काफी सख्त टिप्पणी की थी और भाजपा नेता और अनुराग ठाकुर, कपिल मिश्रा आदि द्वारा दिल्ली के साम्प्रदायिक दंगों से पहले उत्तेजना फैलाने व भड़काऊ भाषण देने के आरोपों के संदर्भ में, दिल्ली पुलिस, जो केन्द्रीय सरकार के अधीन काम करती है, द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने पर दिल्ली पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, यह स्पष्ट करने के लिये कि, क्या दिल्ली पुलिस एफ.आई.आर. दर्ज कर रही है या नहीं।**
- **न्यायाधीश अपना पूरा आदेश सुनाते उससे पहले अगले दिन ही न्यायाधीश का ट्रांसफर कर दिया गया था।**

बार और न्यायपालिका में यह धारणा बनती जा रही है कि कोलीजियम के स्वयं की शक्ति को साबित करने के प्रति अनिच्छुक रहने से सरकार कुछ नियुक्तियां रोक के बैठी है या उनकी टुकड़ों में मंजूरी दे रही है, जिससे कुछ जज अपनी सीनियरिटी से वंचित हो रहे हैं। चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) उदय उमेश ललित और सुप्रीम कोर्ट के चार अन्य सीनियर मोस्ट जजों ने गत 27 सितम्बर को सर्वानुमति से एक प्रस्ताव पारित कर जस्टिस दत्ता को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी।

जस्टिस दत्ता 22 जून 2006 को कलकत्ता हाई कोर्ट के स्थायी जज के रूप में नियुक्त हुए थे और 28 अप्रैल 2020 को उन्हें पदोन्नत कर बॉम्बे हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया था।

मद्रास हाई कोर्ट उड़ीसा हाई कोर्ट से बड़ा है और जस्टिस मुरलीधर का तबादला वहां होने का अर्थ है कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति की सिफारिश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'प्रार्थी की इच्छा पर केस खत्म नहीं कर सकते, जारी रहेगी विधिक कार्रवाई'

## ए.सी.बी. मामलों की विशेष अदालत-4 ने गणपति कंस्ट्रक्शन कम्पनी के एक मामले में यह टिप्पणी की

जयपुर, 27 अक्टूबर (का.सं.)। एसीबी मामलों की विशेष अदालत क्रम-4 ने गणपति कंस्ट्रक्शन कंपनी को 2011 में एकल पट्टा जारी करने के मामले में कहा है कि परिवादी की इच्छा पर इस केस को खत्म नहीं किया जा सकता और इसमें विधिनुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

कोर्ट ने कहा कि परिवादी ने अर्जी में कहा है कि वे यह केस आगे नहीं चलाना चाहते हैं, लेकिन उसने प्रोटैस्ट पिटिशन पेश की थी और इसमें सीआरपीसी के अध्याय 15 के प्रावधान लागू होते हैं।

यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट दी है तो कोर्ट खुद निर्धारण कर सकता है कि क्लोजर रिपोर्ट मंजूर किए जाने योग्य है या नहीं। ऐसे में प्रार्थी की इच्छा का कोई अर्थ नहीं है और उसकी अर्जी पर केस खत्म नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट में परिवादी की प्रोटैस्ट पिटीशन पेश करने वाले एडवोकेट संदेश खंडेलवाल मामले में कोर्ट ने कहा कि वह इस प्रकरण में तब तक पैरवी करेंगे जब तक कि परिवादी नियमानुसार अपना वकालतनामा विड्रो नहीं कर लेता। वकालतनामा विड्रो नहीं होने तक एडवोकेट संदेश खंडेलवाल व अनिल चौधरी परिवादी की पैरवी कर सकेंगे।

पैरवी में विरोधाभास होने पर परिवादी का मत लिया जाएगा कि वे किससे पैरवी का समर्थन करते हैं। कोर्ट ने यह निर्देश परिवादी रामशरण सिंह की उस अर्जी पर दिया जिसमें उन्होंने एडवोकेट खंडेलवाल को सभी केसों में पैरवी करने के लिए दिया वकालतनामा वापस लेने की बात कही थी।

- **अदालत ने साफ कहा कि, परिवादी ने अर्ज़ी में केस बंद करने के लिए कहा है, पर उसने प्रोटैस्ट पिटीशन दायर की थी, इसमें जो प्रावधान लागू होते हैं, उनके तहत प्रार्थी की इच्छा का कोई अर्थ नहीं है, उसकी अर्जी पर केस खत्म नहीं हो सकता।**

गौरतलब है कि रामशरण सिंह ने बेटे सुरेन्द्र के जरिए कोर्ट में अर्जी दायर कर कहा था कि उनकी उम्र 93 साल की हो गई है और वे गंभीर रूप से बीमार रहने लगे हैं।

मामले में काफी जांच-पड़ताल हो चुकी है, इसलिए वे इस केस आगे चलाना नहीं चाहते और एडवोकेट संदेश खंडेलवाल को भी अपने केसों में पैरवी नहीं करवाना चाहते।

मामले के अनुसार एसीबी ने 2014 में गणपति कंस्ट्रक्शन कंपनी को एकल पट्टा जारी करने में हुई धांधली की शिकायत पर कंपनी के प्रोपराइटर शैलेन्द्र गर्ग, यूडीएच के पूर्व सचिव जीएस संधू, जेडीए जोन-10 के तत्कालीन उपायुक्त ओंकारमल सैनी, निष्काम दिवाकर, गृह निर्माण सहकारी समिति के पदाधिकारियों अनिल अठावाल व विजय मेहता के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

वहीं प्रकरण में एसीबी ने यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल, तत्कालीन यूडीएच उप सचिव एनएल मीणा को क्लीन चिट देते हुए तत्कालीन जेडीसी ललित के पंवार व तत्कालीन जेडीए अतिरिक्त आयुक्त वीएम कपूर के पक्ष में एफआर दी थी।

# शर्मा की नियुक्ति पर सवाल

जयपुर, 27 अक्टूबर (का.सं.)। राजस्थान हाइकोर्ट ने विद्युत नियामक आयोग आयोग के चेयरमैन पद पर रिटायर आईएएस डॉ. बी.एन. शर्मा की नियुक्ति करने के मामले में मुख्य सचिव, राजस्थान विद्युत नियामक आयोग के सचिव, चयन बोर्ड व अन्य से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस पंकज मिथल व जस्टिस

- **रिटायर्ड आई.ए.एस. बी.एन. शर्मा, जिन्हें विद्युत नियामक आयोग में टैक्निकल मैंबर बनाकर 17 मई 2021 को नियुक्ति दी गई थी, के खिलाफ दायर याचिका पर हाई कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है।**

एम.एम. श्रीवास्तव की खंडपीठ ने यह आदेश मुकुल भत्तानी की जनहित याचिका पर दिए।

याचिका में बताया कि विद्युत नियामक आयोग में चेयरमैन सहित दो मैंबर्स का कमीशन होता है। इनमें से मैंबर का एक पद टैक्निकल होता है,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ''वंदे भारत'' रेलगाड़ियों के निर्माण के टेन्डर जारी होंगे नवम्बर माह में

## प्राइवेट पार्टियों से इन रेलगाड़ियों का निर्माण होगा तथा निर्माण कार्य की कीमत एक लाख करोड़ रूपये है

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। प्रमुख वंदे भारत ट्रेन्स निर्माण के बड़े ठेके नवम्बर माह में दिए जाने की उम्मीद है। अगली पीढ़ी के सैल्फ प्रोपैल्ड ट्रेन सैट्स के 200 चेयरकार वेरिएन्ट्स के निर्माण की पहली नीलामी बिड 15 नवम्बर को खुलेगी, फिर 100 प्लस 10 स्लीपर क्लास ट्रेन्स के निर्माण की दो बिड्स क्रमश: 22 और 29 नवम्बर को छूटेंगी। ये करार भारी भरकम 11 लाख करोड़ रूपयों के होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगस्त 2023 तक 75 ट्रेन्स के संचालन की योजनाओं की घोषणा की है, जबकि मार्च 2024 तक भारतीय ग्रामीण क्षेत्र में करीब 100 वंदे भारत ट्रेन्स के संचालन की संभावना है। कुल 400 वंदे भारत ट्रेन्स के निर्माण की योजना है, लेकिन जैसा कि प्राय: देखा गया है, काम हाथ में लेने के दौरान कई मुश्किलें आ सकती हैं। भारतीय रेलवे का अपने प्रोजैक्ट्स को पूरा करने का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और कई ऐसे प्रोजैक्ट्स हैं, जिनकी शुरूआत तो काफी धूम-धड़ाके के साथ की गई थी,

- **पहली बार प्राइवेट पार्टियों को यह काम सौंपा जायेगा तथा प्राइवेट पार्टियों को रेलवे की जमीन, मशीनें और तकनीकी स्टाफ को काम में लेने की सुविधा दी जायेगी तथा निर्माण कार्य करने वाली पार्टियों को इन मशीनों व रेल मंत्रालय के तकनीकी कर्मचारियों से काम लेने के लिये किराया देना होगा तथा रेलवे के स्टाफ को उनकी तनख्वाह व भत्ते देने होंगे।**
- **इस प्लान के अनुसार 400 वंदे भारत रेलगाड़ियों का निर्माण होगा।**

लेकिन उन्हें सरसरी तौर पर ही छोड़ दिया गया। भारतीय रेलवे प्राइवेट ट्रेन्स के बाद अब ट्रेनों की प्राइवेट मैन्युफैक्चरिंग की परिकल्पना को मूर्त रूप देने पर आ गया है। जैसा कि वंदे भारत के नीलामी दस्तावेजों से पता चलता है, भारत में पहली बार पूरी ट्रेन के निर्माण का ठेका दिया जाएगा, ना कि सिर्फ प्रोपल्शन सिस्टम्स और उपकरणों के निर्माण का। भारतीय रेलवे इसके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 75000 नौकरियां किसे मिलीं?

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। कांग्रेस ने गुरूवार को प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि वह रविवार को एक वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के जरिए स्वयं द्वारा 75 हजार जनों को नियुक्ति पत्र दिए जाने की

- **कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से कहा है, रविवार को रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के जरिए जिन 75000 लोगों को उन्होंने नियुक्ति पत्र दिए हैं, उनका ब्यौरा सार्वजनिक किया जाए।**

डिटेल्स सार्वजनिक करें।

कांग्रेस नेता शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि ''इसके लिए एक वैबसाइट बननी चाहिए, जिसमें सारी सूचना सार्वजनिक हो और कोई भी यह चैक कर सके कि प्रधानमंत्री के रोजगार मेले में किसे जॉब मिली।'' रोजगार योजना के प्रचार को प्रधानमंत्री का एक और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दक्षिण भारत की यात्रा पर निकला भाजपा ''विजय रथ'' दलदल में फंसा?

## तेलंगाना में टी.आर.एस. पार्टी प्रमुख व मु.मंत्री ने आरोप लगाया कि, तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है, चार टी.आर.एस. विधायकों को खरीदने के आरोप में

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का दक्षिण-भारत अभियान, जिसका उद्देश्य विंध्याचल के दक्षिणी हिस्से, जो भाजपा के लिये करीब-करीब अछूता था, से अधिक से अधिक सीटें निकालना था, गड़बड़ होता दिखाई दे रहा है। उसके द्वारा हाल ही में उठाये गये कुछ कदमों के फलस्वरूप उसकी अब तक रही राजनैतिक उपलब्धि भी संकट में पड़ती नजर आ रही है।

भाजपा के लिये दक्षिणी भारत का सबसे अहम दरवाजा माने जाने वाला कर्नाटक उसके सामने आज चुनौतियाँ खड़ी कर रहा है और यह चुनौती उस पार्टी की तरफ से आ रही है, जिसे भाजपा इतिहास के कूड़ेदान की सामग्री माने बैठी है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा तथा उसके स्थानीय नेतृत्व की आक्रामक सार्वजनिक छवि के जरिये, कांग्रेस के पुनरुत्थान के कुछ ठोस चिन्ह दिखाई देने लगे हैं। भाजपा के लिये एक अनिष्टसूचक घटना के अन्तर्गत, उसका ''ऑपरेशन कमल'' उन तीन लोगों की गिरफ्तारी के साथ ही निष्फल हो गया है, जो कथित रूप से, तेलंगाना राष्ट्र समिति के विधायकों को ''खरीदने'' की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार किये गये इन तीन लोगों में भगवान बालाजी के तिरुपति मंदिर का एक पुजारी भी शामिल है। हैदराबाद के एक फार्म हाउस, जो टी.आर.एस. के एक विधायक का है, से बहुत बड़ी मात्रा में नकदी भी जब्त की गई है। इस फार्म हाउस में, ये तीनों ही गिरफ्तार लोग इस बिन्दु पर चर्चा कर रहे थे कि टी.आर.एस. विधायकों को बहुत बड़ी धनराशि देकर तथा महत्वपूर्ण पदों का वादा करके भाजपा में लाया जाये। कहा जा रहा है कि तेलंगाना के सजग मुख्यमंत्री तथा पार्टी प्रमुख के. चन्द्रशेखर राव तथा तेलंगाना के खुफिया तंत्र को इस योजना की भनक लग गई तथा पुलिस ने उस फार्म हाउस की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी, जिस पर ''आपरेशन कमल'' का केन्द्र होने का संदेह था।

- **सायबराबाद के पुलिस कमीशनर ने प्रेस कॉन्फ्रैंस में बताया कि, जिन तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, उनसे भारी नगदी व स्वर्ण आभूषण मिला है तथा इन तीन व्यक्तियों में तिरूपति मंदिर का एक पुजारी भी शामिल है।**
- **जिन चार विधायकों को खरीदने की बातचीत चल रही थी, उनके फोटो भी टी.वी. पर दिखाये गये तथा ये चारों सीधे मु.मंत्री के.सी. आर. के घर पहुंचे और वक्तव्य दिया कि, वे मु.मंत्री के सिपाही हैं तथा उनको खरीदने का प्रयास कभी सफल नहीं हो सका।**
- **इन चार विधायकों में से तीन कांग्रेस के टिकट पर जीते थे तथा जीत के बाद टी.आर.एस. में शामिल हुए थे।**
- **भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा, पुलिस जो सत्ता पक्ष की सहचरी है, ने यह पूरा खरीद का नाटक किया है, मु.मंत्री की प्रेरणा से।**

साइबराबाद पुलिस कमिश्नर स्टीफन रवीन्द्र ने मीडिया को बताया कि इस राजनैतिक गतिविधि का मुख्य आरोपी की पहचान रामचन्द्र भारती उर्फ सतीश शर्मा के रूप में हुई है जो हरियाणा के फरीदाबाद नगर के एक मंदिर से जुड़ा कोई महात्मा है और दिल्ली में रहता है। फार्म हाउस से गिरफ्तार हुये दो अन्य लोगों में एक तिरुपति मंदिर का पुजारी डी. सिमहायाजी तथा दूसरा सरुरनगर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उमेश मिश्रा नए डी.जी.पी. नियुक्त

जयपुर, 27 अक्टूबर। राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर आई.पी.एस. अफसर उमेश मिश्रा (आर.आर. 1989), डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस इंटैलीजैंस राजस्थान, जयपुर, को दो वर्ष की अवधि (सेवानिवृति की तिथि का

- **वे मोहन लाल लाठर का स्थान लेंगे जो 3 नवम्बर को रिटायर हो रहे हैं।**

विचार किए बिना) या अगले आदेश, जो भी पहले हो, तक के लिए राजस्थान का पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है।

वे मोहनलाल लाठर की जगह लेंगे, जो 3 नवम्बर को रिटायर होने जा रहे हैं।

## विचार बिन्दु

**नम्रता और खुदा के खौफ से इज्जत और जिन्दगी मिलती है। –सुलेमान**

# हम कब तक संविधान की अवज्ञा करते रहेंगे

संविधान बनने के बाद, डा. अम्बेडकर ने एक प्रस्ताव पारित करने हेतु विधान सभा में रखा कि विधान सभा द्वारा यथानिर्णित संविधान पारित किया जावे और उसे दिनांक 26 नवम्बर 1949 को स्वीकृत किया गया, इस प्रकार भारत की जनता ने भारत के प्रभुत्व सम्पन्न लोकतांत्रिक गणराज्य का संविधान स्वीकार किया, अधिनियमित किया और अपने आपको अर्पित किया। प्रारूपण समिति के सभापति डा. अम्बेडकर ने उस समय भाषण करते हुये चेतावनी तथा सावधानी के शब्दों में कहा:–

"मैं महसूस करता हूँ कि संविधान चाहे कितना ही अच्छा क्यों न हो, यदि वे लोग, जिन्हें संविधान को अमल में लाने का काम सौंपा गया खराब निकले तो निश्चित रूप से संविधान भी खराब सिद्ध होगा। दूसरी ओर संविधान चाहे कितना ही खराब क्यों न हो, यदि ये लोग, अच्छे हों तो संविधान अच्छा सिद्ध होगा।"

दिनांक 26.01.1950 से संविधान लागू हुआ, और कई सरकारें बदलती गईं, किन्तु संविधान की पूर्ण रूप से पालना नहीं की गई अत: देश जो उन्नति करता, वह नहीं कर सका। अर्थ स्पष्ट है लोगों ने वोटों के लालच में आरक्षण व अल्पसंख्यक के नाम पर वोट बैंक बना लिये। अल्पसंख्यक शब्द का प्रयोग संविधान में अनुच्छेद 29 व 30 के संदर्भ है जो धर्म से संबंधित है और अनुच्छेद 25 धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार के बाबत है। इसके अतिरिक्त अनुच्छेद 334 यह स्पष्ट करता है कि स्थानों का आरक्षण और विशेष प्रतिनिधित्व 10 वर्ष के बाद नहीं रहेगा यह आरक्षण राजनैतिक है और चुनावों से संबंध रखता है। यह प्रावधान सनसेट लॉ के रूप में था और इसकी अवधि संशोधन द्वारा बढाना संविधान के बेसिक सिद्धान्तों के विरूद्ध है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक ओयाग अधिनियम 1992 में अल्पसंख्यक की जो परिभाषा दी है वह संविधान के सर्वथा विपरीत है और साथ ही अनुच्छेद 14 का भी अतिरेक करती है, क्योंकि अल्पसंख्यक की परिभाषा निरंकुश है अतिरंजित है। 1960 ही से अनुच्छेद 334 का प्रावधान समाप्त हो चुका था किन्तु उसे सभी सरकारों ने बिना किसी अधिकार के प्रत्येक 10 वर्ष के बाद बढाया है और राज्य का जनरल मतदाताओं को मतदान से वंचित किया। देश में आजादी के बाद राज्यों का नव गठन हुआ है अत: अल्पसंख्यक का निर्धारण भी राज्यों की भाषा के अनुरूप होना चाहिये अर्थात् पंजाब में चूंकि सिख अन्य जाति से अधिक हैं तो वहां पर हिन्दू माइनोरिटी होंगे, सिख नहीं। कश्मीर में मुसलमानों की संख्या हिन्दुओं के मुकाबले में अधिक है अत: कश्मीर में हिन्दू अल्पसंख्यक माने जावेंगे। अल्पसंख्यकों के मामलों में तथा अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य जातियों के लोगों के बीच विवादों से कोर्ट्स में केसों का अम्बार लग गया। स्थिति स्पष्ट है फिर भी विवादों के कम होने का नाम नहीं हैं, क्योंकि संविधान के निर्देशनों की उसकी आज्ञा को हम मानना ही नहीं चाहते। वस्तुत: सब झगडों का कारण उक्त अधिनियम की अल्पसंख्यक की परिभाषा है जो स्पष्ट रूप से यह बताती है कि अल्पसंख्यक वे हैं, जिसे (जिस कॉमिडिटी को) केन्द्र सरकार नोटिफिकेशन द्वारा घोषित कर दे।

प्राचीन काल में भारत में शासक अपने धर्म से बंधे थे, अत: कोई धर्म का उल्लंघन नहीं करता था किन्तु वर्तमान में संविधान के अधीन जो कानून बनते हैं लोकतंत्र उनसे चलता है। देश धर्म से नहीं, रूल ऑफ लॉ से चलता है। देश तो धर्म निपरेक्ष है। सब लोग अपने अपने धर्मों के अनुसार आचरण करते हैं। वर्तमान में इस प्रकार हम संविधान के अनुसार आचरण न कर, संविधान की अवज्ञा कर रहे हैं। शासक व जनता दोनों ही संविधान की अवज्ञा करने पर आमादा हैं। धर्म के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं। जातियों के आधार पर उम्मीदवार खडे.किये जाते हैं। संविधान कहता है देश की शक्ति का केन्द्र साधारण मतदाता है, किन्तु मतदाता को शक्तिहीन कर दिया है उसे धर्म और जाति में बांट दिया गया। यह बीमारी प्रत्येक वर्ष बढ़ती जा रही है, क्योंकि हम संविधान की अवज्ञा में लीन हैं।

**चुनाव कानूनों में संशोधन हो। नशामुक्त देश हो। राष्ट्र भाषा हिन्दी हो साथ ही राज्यों की मातृभाषा को पर्याप्त सम्मान हो। अनुच्छेद 343 व अनुच्छेद 120 व 210 को साथ पढ़ें तो स्थिति स्पष्ट हो जावेगी। दागी व्यक्तियों को कानून बनाकर चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित किया जावे।**

राजनैतिक पार्टियां अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी करती है फ्रीबीज का बोलवाला है। घोषणा के वायदे कोई पूरा नहीं करता। चुनाव घोषणा पत्र के संबंध में पार्टी की वचन बद्धता का सेशल ऑडिट होना चाहिये इसके लिये चुनाव कानून में व्यवस्था होनी चाहिये। जो पार्टी चुनाव घोषणा पत्रों के अनुसार अपने वायदे पूरे नहीं कर पाये तो उसे आगामी चुनावों में डिसक्वालीफाई किया जाना चाहिये अन्यथा संविधान की पालना नहीं हो सकेगी।

शिक्षा का अधिकार मौलिक अधिकार है वह राज्य की आर्थिक क्षमता पर निर्भर है, वर्तमान समय में शिक्षा के लिये धन की कमी नहीं है। हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान में घोषणा की थी कि संविधान लागू होने के 10 वर्षों की अवधि में राज्य 14 वर्ष तक के बच्चों को नि:शुल्क व अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेगा, किन्तु 10 वर्ष की अवधि के बाद इसे प्रत्येक 10 वर्ष बाद बढ़ा दिया जाता है। राज्यों में इसके विपरीत संविधान में संशोधन कर यह प्रावधान ही समाप्त कर दिया। सरकार का यह कदम Retrogative (प्रतिगामी) है। नीति निदेशक तत्वों के चेप्टर में अनुच्छेद 45 में संशोधन कर दिया जिसके अनुसार यह प्रावधान इस प्रकार है कि राज्य प्रारंभिक शैशवावस्था की देखरेख और सभी बालकों को जब तक कि वे 6 वर्ष की आयु पूर्ण न करलें शिक्षा प्रदान करने का प्रयत्न करेगा अनुच्छेद 21 के बाद अनुच्छेद 21क जोड़ा गया और शिक्षा का जो अधिकार अनुच्छेद 45 में 14 वर्ष की आयु का था उसे 6 से 14 वर्ष की आयु तक सीमित कर दिया। नि:शुल्क व अनिवार्य शिक्षा को प्रदान करने की व्यवस्था राज्य विधि के अधीन निर्धारित की गई। इस प्रकार 6 वर्ष से कम आयु के बालकों को शिक्षा के मूल अधिकार से वंचित कर दिया जबकि सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 21 के तहत आठवीं कक्षा तक की शिक्षा को मूल अधिकार मान चुका है। इस प्रकार अनुच्देद 21क व अनुच्छेद 45क के प्रावधान अवैध हैं और केन्द्र सरकार की आज्ञा, असंवैधानिक है और स्पष्ट संविधान की अवज्ञा है। असंशोधित अनुच्छेद 45 में भी 10 वर्ष की अवधि सनसेट लॉज के सिद्धान्त पर थी।

कैसा मेरा देश है जहाँ आठवीं कक्षा की शिक्षा तो कम से कम सबके लिये अनिवार्य है किन्तु चुनाव में खडे होने के हेतु शिक्षा का कोई बन्धन नहीं है। बिना पढ़ा लिखा व्यक्ति मंत्री तक बन सकता है। क्या यह उचित है? संविधान ने सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक अधिकार सबको दिये हैं, किन्तु अभी तक राज्य सामाजिक व आर्थिक अधिकार देने में असमर्थ रहा है। संविधान समाजवाद की बात करता, किन्तु सरकारी नौकरों के घरों में टनों सोना मिलना और नोटों के अम्बार घरों में पाना हमारी नैतिकता की धज्जियां तो उडा ही रहा है। जहां अपार धन है किन्तु जनसाधारण को एक समय का पूरा खाना भी नसीब नहीं होता। संसार के 10 मिलियन मानव एक समय की रोटी को तरस रहे हैं। शराबबंदी करना राज्य का दायित्व है और इस पर कुछ राज्य गर्व से कह रहे हैं, शराब की आय से वे धन अर्जित कर रहे हैं। क्या लोकतंत्र की भावना से चलाने वाला राज्य अनैतिक आय का सहारा ले सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक निर्णय में माना है कल्याणकारी राज्य, अनैतिक अर्जित आय से संचालित नहीं किया जा सकता। नीति निदेशक तत्वों के अनुसार राज्य लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिये सामाजिक व्यवस्था बनायेगा। कोई भेदभाव नहीं करेगा। सम्पत्ति का संग्रह कुछ व्यक्तियों तक सीमित न होकर उसका उचित वितरण होगा जिससे सर्व साधारण के लिय अहितकारी संकेन्द्रण न हो। सभी को कम से कम निर्वाह मजदूरी प्राप्त हो, नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता होना चाहिये।

संविधान में नागरिकों के अधिकारों के साथ ही मूल कर्त्तव्य भी निर्धारित किये हैं जहां सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण हो जो धर्म भाषा और वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम 1992 रिपील होना चाहिये अथवा अवैध घोषित। नागरिकों का कर्त्तव्य है वे प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करें और प्राणी मात्र के हेतु करूणा भाव रखें, हिंसा से दूर रहें तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाये आदि, किन्तु सरकारों ने इनकी पालना नहीं के बराबर की है और प्रारंभ से आज तक संविधान की अवज्ञा हो रही है, और भविष्य में भी अवज्ञा होती रहेगी।


समय की पुकार है देश को संविधान व कानून के अनुसार चलाया जावे और सभी पक्ष अर्थात् नागरिक व राज्य सरकारें अपने अपने दायित्व को समझें। मतदाताओं को समझना होगा कि मत उसे उन्हें देना है जो पढ़ा लिखा है, दागी नहीं है सद्चरित्र है तथा जो व्यक्ति चुनाव लड़ रहा है उसका कर्त्तव्य हो कि वह संविधान के नीति निदेशक तत्वों को लागूकर उनके आधार पर देश को उन्नति की ओर ले जावे और जनता के मत को खरीदने के हेतु कोई गिफ्ट, नकदी, टीवी, मोबाईल आदि देने का प्रयत्न नहीं करे।

हमारा प्रयत्न हो कि एक अच्छा और उपयोगी कानून बनाकर आरटीआई कानून देश में नागरिकों के मूल अधिकारों की रक्षा कर उन्हें न्याय दिलावे। चुनाव कानूनों में संशोधन हो। हमने संविधान में जो संशोधन किये हैं, उन्हें सुधार कर संविधान को प्रगतिशील बनायें। नशामुक्त देश हो। राष्ट्र भाषा हिन्दी हो साथ ही राज्यों की मातृभाषा को पर्याप्त सम्मान हो। अनुच्छेद 343 व अनुच्छेद 120 व 210 को साथ पढ़ें तो स्थिति स्पष्ट हो जावेगी। दागी व्यक्तियों को कानून बनाकर चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित किया जावे। शिक्षा की अनिवार्यता चुनाव में खड़े होने वाले उम्मीदवार के लिये निश्चित की जावे।

शास्त्रों में लिखा है– **'आ नो भद्रा: क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरितासउद्भिद:'**
अर्थात्– **'ज्ञान जहां से प्राप्त हो उसे अंगीकार करो।'**
दीपावली की शुभ व मंगल कामना के साथ –

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# आधुनिक चिकित्सा के आयाम



**डॉ. श्रीगोपाल काबरा**

1963 में हाउस जॉब खत्म कर मैं राजस्थान आ गया। मेडिकल कालेजों में पढाया। 1984 में जयपुर के निजी मल्टी स्पेशिलिटी अस्पताल में आ गया। तब से आज 2022, 38 वर्ष का लम्बा समय। आधुनिक चिकित्सा में बरबस हुए बदलाव का साक्षी और सारथी रहा हूं। एक बात मैं बिना झिझक और दावे के साथ कह सकता हूं कि आज के आधुनिक चिकित्सकों को चिकित्सा, मानव शरीर की संरचना व कार्यप्रणाली का ज्ञान 50 वर्ष पहले के (मेरे समकक्ष) चिकित्सकों से 1000 गुणा अधिक है, और पुख्ता भी। इस ज्ञान के व्यावहारिक प्रयोग के संदर्भ बदल गए। क्लिनिकल – चिकित्सकीय अनुभव आधारित चिकित्सा उत्तरोतर उपकरण आधारित हो गई है।

निदान, उपचार, मोनिटरिंग सब उपकरण आधारित हो गया। उपकरणो के कम्प्यूटीकृत होने से उनकी अक्यूरेसी बढ गई। आर्टिफीशियल इन्टेलीजेन्स के प्रयोग से उपकरण ओटोमेटिक और ओटोनोमस हो गये हैं। उपकरणीय गणना में चिकित्सक गौण हो गए। उपकरणीय गणना ही मान्य हो गई। क्लिनिकल चिकित्सा या व्यवहारिक चिकित्सा के संदर्भ बदल गए। एविडेन्स बेस्ड, साक्ष्य आधारित, चिकित्सा के संदर्भ बदल गए। चिकित्सक के व्यक्तिगत अनुभव आधारित साक्ष्य अब मान्य नहीं रहे। उपकरण आधारित टैस्ट रिपोर्ट ही मान्य साक्ष्य हो गये – चिकित्सक, रोगी और न्यायालय, सब के लिए। चिकित्सक का क्लिनिकल आंकलन बिना साक्ष्य के निराधार माना जाता है। कंज्यूमर कोर्ट, कंगारू कोर्ट या काजीजी की अदालत, में मांगे जा रहे साक्ष्य। मेडिकल नेग्लीजेंस केस करोड़ो का विधिक व्यापार हो गया है। लाखों करोड़ो का। अस्पताल उसे कवर करने के लिये लागत से बहुत अधिक राशि मरीजो से वसूलते हैं। चिकित्सक शुरूआत ही साक्ष्य जुटाने से करता है। यही अपेक्षित है, यही मान्य और यही आधुनिक चिकित्सा की क्लिनिकल विधि। यह सार्थक भी है, विशेष कर स्पेशिलिस्ट और सुपर स्पेशिलिस्ट द्वारा अपेक्षित और वांछित मल्टी डिसिप्लेनरी चिकित्सा में। आज किसी भी आधुनिक अस्पताल में एक रोगी की कम से कम 10 और अधिक से अधिक 50 डाक्टर साक्ष्य आधारित चिकित्सा करते हैं, करने को बाध्य हैं। अपनी खामियों के बावजूद उच्च स्तर की चिकित्सा आज जन साधारण को मिल रही है। शहर के अस्पतालों में 70 प्र.श. रोगी कस्बों और गांवों से आते हैं। अच्छी सड़के, सहज उपलब्ध परिवाहन। किसी ने सोचा भी नहीं था कि गांव के लोगों को इतने डाक्टरों की सेवाएं और इस स्तर की चिकित्सा सहज सुलभ होगी। अनावश्यक टैस्ट्स का रोना बेमानी है। चिकित्सा के लिए निगेटिव साक्ष्य जुटाना भी उतना ही आवश्यक है, आधुनिक चिकित्सा का अनिवार्य अंग, व्यवहारिक अंग। व्यावहारिक या व्यावसायिक, यह आपकी सोच है।

आधुनिक चिकित्सा में मानव शरीर स्थूल काया नहीं वरन् विभिन्न कोशिकाओं, ऊतकों, अंगों और संस्थानों का क्रियाशील जागृत तंत्र है। क्रियाशीलता जीन प्रेरित कोशिकीय स्तर की रासायनिक प्रक्रियायें हैं। जीवन का आधार यही है, रोग में विकृति का आधार भी यही। चिकित्सक को बाहरी आवरण के पार यही देखना है, और इसका जरिया हैं आज के आधुनिक टैस्ट्, विलक्षण क्षमता व सटीकता वाले टैस्ट्स। इसको रिडक्शनिस्ट एप्रोच (सूक्ष्म स्तरीय) कह कर नकारना और अन्य चिकित्सा प्रणालियों को होलिस्टिक (समग्रता) कह कर प्रचारित करना भ्रामक व आधारहीन है; बाजारवाद की 'यू एस पी' यूनीक सेलिंग पाइन्ट।

यह सच है कि आधुनिक चिकित्सा की अनेक विकृतियां हैं। हमारे देश में कुछ ज्यादा ही। कारण है उन्नत स्तर के रेगुलेटरी मेकेनिज्म का न विकसित होना। यह मेकेनिज्म आंतरिक होगा, जैसा विकसित देशो में है। देश में काजीजी की अदालत द्वारा नियत्रंण ने तो इसे और भी विकृत बना दिया है।

**–डॉ. श्रीगोपाल काबरा,**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# सरोज देवी के पार्थिव शरीर से छात्र करेंगे पढ़ाई

**अजमेर,** (कास)। बिहारीगंज निवासी सरोज देवी शर्मा धर्मपत्नी स्व. हरिप्रसाद शर्मा का निधन होने पर लायंस क्लब अजमेर वेस्ट के माध्यम से उनके परिजन लायन सीमा पाठक ने उनकी इच्छानुसार देहदान कराया। देहदान के डिस्ट्रिक्ट चैयरपर्सन लायन सोमरत्न आर्य ने बताया कि दोपहर को 75 वर्षीय सरोज देवी का निधन हो गया था। परिजन लता शर्मा, वीरेंद्र पाठक, कमल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा की सहमति से जवाहरलाल नेहरू मैडिकल कॉलेज में देहदान कराया गया।

- **लायंस क्लब वेस्ट ने सरोज देवी शर्मा का कराया देहदान**



**परिजनों की सहमति के बाद जवाहरलाल नेहरू मैडिकल कॉलेज की टीम ने देहदान का प्रमाण पत्र परिजनों को सौंपा।**

गुरुवार को उनके पार्थिव शरीर को उनके निवास स्थान बिहारीगंज गली न. 4 से जवाहरलाल नेहरू मैडिकल कॉलेज में देहदान के लिए ले जाया गया। जहां मैडिकल कॉलेज के सरंचना विभाग के छात्रों की शिक्षा एवं शोध के लिए सौंपा गया। विभागाध्यक्ष डॉ. आभा भारद्वाज, डॉ पवन जांगिड़, डॉ ओमप्रकाश, डॉ राहुल एवम् चिकित्सको को पार्थिव देह सौंपी गई। इस अवसर पर पूर्व प्रांतपाल लायन सतीश बंसल, क्लब अध्यक्ष लायन अमितप्रभा शुक्ला , सचिव लायन प्रदीप बंसल, लायंस मार्केटिंग के डिस्ट्रिक चेयरपर्सन लायन राजेंद्र गांधी, लायन सोम रत्न आर्य, लायन हीरामणि पाठक, सहित अन्य उपस्थित थे। मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा सर्टिफिकेट देकर परिजनों को नेक कार्य के लिए आभार जताया।

# 75 साल बाद ढिलकी गांव को सड़क की सौगात

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के नोहर क्षेत्र के गांव ढिलकी में विभिन्न विकास कार्यों का भादरा विधायक बलवान पूनिया व नोहर पंचायत समिति प्रधान सोहन ढिल ने शिलान्यास किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सतपाल व्यास ने की। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। गांव ढिलकी से गोगामेड़ी तक करीब 2 करोड़ 82 लाख की लागत सड़क का निर्माण होगा।

गांव में पेयजल व्यवस्था के लिए 3 करोड़ 47 लाख की लागत से उच्च जलाशय व पाइप लाइन डाली जाएगी। 75 साल बाद गांव को सड़क की सौगात मिली है। लोग लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। वहीं पेयजल के टंकी और पाइप लाइन डलने से पानी की समस्या का स्थायी समाधान होगा। विधायक पूनिया ने ढिलकी में शहीद भगतसिंह पार्क निर्माण, बाइपास सड़क, बस स्टैंड के निर्माण की घोषणा की।

प्रधान सोहन ढिल ने गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं की सुविधा के लिए लाडो

- **3.47 करोड़ की लागत से होगा पेयजल समस्या का समाधान**
- **भादरा विधायक व नोहर प्रधान ने की विकास कार्यों की घोषणा**

शौचालय के निर्माण सहित गौशाला मार्ग पर डिवाइडर रोड़ बनाने की घोषणा की। इस मौके पर महंत रूपनाथ, उप सरपंच सरस्वती देवी, पूर्व सरपंच धनपतराम, राजेश प्रसाद दुगल, रणजीत बाना, मांगेराम, लादूराम नेहरा, शिव कुमार शर्मा, कालूराम बैरड़, रूपराम मील, कुलदीप माकड़, माड़ूराम बैरड़, प्रेम खान, सुबेदीन, सांवरमल बुडानिया, हनुमान ढ़ाका, लादूराम देदड़, गुरूदयाल बुडानिया, राजेंद्र बलवंत नाई, छोटूराम दुगल, सुरेन्द्र गढ़वाल, जगदीश गढ़वाल, रेड़ाराम तिवाड़ी, हरिभगत शर्मा, संतलाल शर्मा, राजेश बैरड़ सहित गामीण मौजूद हैं।

# सड़क पर मिले ढाई लाख रुपए थाने में जमा करवाए

**बीकानेर,** (कासं)। सीआईडी के एसआई को सड़क पर मिले ढाई लाख रुपए उसने थाने में जमा करवाकर अपनी जिम्मेदारी निभाई। सीआईडी एसआई नारायण शंकर सेवग को खरनाड़ा हनुमान मंदिर रोड पर उसके आगे चल रही कुछ बाइक में से एक बाइक से बंडल गिरता दिखा।

उसने बंडल देखा तो उसमें से कुछ नोट बिखर गए थे। उसने नोटों को एकत्रित कर बंडल में डाला। 40 मिनट वहीं इंतजार किया मगर कोई नहीं मिला। वहां मौजूद दुकानदारों के सामने नोट गिने तो वे ढाई लाख रुपए निकले।

- **खरनाड़ा हनुमान मंदिर रोड पर आगे चल रही कुछ बाइक में से एक बाइक से बंडल गिरता दिखा था**

वहां उन्होंने अपने मोबाइल नंबर दिए और रुपए सुरक्षित रख लिए। चार दिन तक रुपए का मालिक नहीं मिलने पर बुधवार को उन्होंने कोटगेट थाने में जाकर रुपए जमा करवा दिए।

# उद्‌घाटन के इंतजार में अग्नि शमन केन्द्र

बीकानेर, (कासं)। शिववैली में शहर का तीसरा अग्नि शमन केन्द्र तैयार हो चुका है। इस अग्नि शमन केन्द्र के तैयार होने के बाद भी निगम प्रशासन इसको शुरु करने में उदासीनता बरत रहा है। बताया जा रहा है कि करीब 43 लाख रुपए की लागत से इसका निर्माण हुआ है। इस फायर स्टेशन के शुरु होने से यहां दो दमकल की गाड़िया खड़ी रह सकती है।

बाजार क्षेत्रों व औद्योगिक क्षेत्र के नजदीक होने से आग की घटना पर यहां से तुरंत पहुंचा भी जा सकता है। यहां अग्निशमन केन्द्र स्थापित हो, इसको लेकर निगम महापौर की ओर से सकारात्मक प्रयास किए गए व कार्य का शिलान्यास किया गया था। शिववैली स्थित अग्नि शमन केन्द्र में एक कंट्रोल रुम सहित छह स्टाफ रूम भी है। निगम के सहायक अभियंता संजय ठोलिया के अनुसार इस फायर स्टेशन में अण्डर ग्राउण्ड पानी का टैंक है, जिसकी क्षमता 25 हजार लीटर है। छत पर भी प्लास्टिक की टंकिया लगा रखी है। 3 एचपी का पम्प लगा है। दो गाड़ियों के यहां खड़े रहने की व्यवस्था है। नगर निगम का दमकल बेडा फायरमैन व गाड़ियों की कमी से जूझ रहा है। वर्तमान में बीछवाल व मुरलीधर व्यास कॉलोनी दो स्थानों पर फायर स्टेशन संचालित है। दोनों केन्द्रों पर कुल नौ गाड़िया है, जिनमें आठ चालू स्थिति में बताई जा रही है। आठ में से सात गाड़िया दस से बीस साल पुरानी है। वहीं फायरमैन के स्वीकृत 42 पदों में से 10 पद ही भरे हुए है। संविदा कार्मिकों से फायर बेडा चल रहा है। दोनो अग्नि शमन केन्द्रों पर भी आवश्यकता के अनुसार स्टाफ व गाड़िया नहीं है। गोपालराम बिरदा, आयुक्त, नगर निगम, बीकानेर का कहना है कि शिववैली अग्निशमन केन्द्र के निर्माण सहित अन्य आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली जाएगी।

# बीकानेर में तीन दिन जुटेंगे देशभर के यूरोलॉजिस्ट

**बीकानेर,** (कासं)। 32 वीं नॉर्थ जोन यूरोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया का अधिवेशन बीकानेर में 28 से 30 अक्टूबर तक पार्क पैराडाइज में होगा । जिसमें देशभर के आठ राज्यों के लगभग 500 से ज्यादा यूरोलॉजिस्ट भाग ले रहे हैं। पत्रकार वार्ता में आयोजन की जानकारी देते हुए एसपी मेडिकल कॉलेज के यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.मुकेश आर्य ने बताया कि तीन दिनों में 350 के आस-पास रिसर्च पेपर विभिन्न स्वरूपों में प्रस्तुत होंगे।

जिसमें यूरोलॉजी विभाग से संबंधित सभी तरह के आधुनिक तकनीक और बीमारी के निदान से लेकर इलाज में हुए बदलाव पर चर्चा की जाएगी। वहीं विदेशों से भी कई न्यूरोलॉजिस्ट ऑनलाइन अधिवेशन का हिस्सा बनेंगे। जिसमें डॉ पारबो और डॉक्टर एनामारी अपने अनुभव साझा करेंगे। डॉ आर्य ने बताया कि यूरो मैट सेशन में यंग फैक ल्टी और रेजिडेट के लिये न्यू ऑपरेशन तकनीक का थ्री डी डेमो भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीकानेर चिकित्सा जगत के इतिहास में यह पहला अधिवेशन होगा




**एसपी मैडिकल कॉलेज के यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.मुकेश आर्य ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया।**

- **आठ राज्यों के लगभग 500 से ज्यादा यूरोलॉजिस्ट भाग ले रहे हैं**
- **आधुनिक तकनीकों पर होगा मंथन**

जिसमें नार्थ जोन के यूरोलॉजिस्ट शामिल होगें।

आयोजन सचिव डॉ जे पी स्वामी ने बताया कि अधिवेशन में राजस्थान से दौ सौ के करीब न्यूरोलॉजिस्ट भागीदारी निभा रहे है। अधिवेशन के दौरान अनेक जनों का सम्मान भी किया जाएगा तथा नई कार्यकारिणी की घोषणा भी होगी। 27 अक्टूबर को रेलवे ग्राउण्ड में दो टीमों के बीच मैच भी खेला गया।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**शुक्रवार 28 अक्टूबर, 2022**

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, अनुराधा नक्षत्र दिन 10:42 तक, शोभन योग रात्रि 1:29 तक, गर करण दिन 10:34 तक, चन्द्रमा वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मिथुन, बुध-तुला, गुरू-मीन, शुक्र-तुला, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 10:42 तक है। राजयोग सूर्योदय से दिन 10:34 तक है। रवियोग दिन 10:42 से आरम्भ होगा। भद्रा रात्रि 9:24 से शनिवार प्रात: 8:14 तक रहेगी। आज विनायक चतुर्थी, दूर्वा गणपति व्रत है और डाला छठ महापर्व आरम्भ होगा। आज रवि उलसानि मु. 4 आरम्भ होगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:01 तक, लाभ-अमृत 8:01 से 10:47 तक, शुभ 12:11 से 1:34 तक, चर 4:20 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:37, सूर्यास्त 5:44

**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**कन्या**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**वृश्चिक**
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**धनु**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित योजना का क्रियान्वयन होगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन**
धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# फ्यूल चार्ज के नाम पर कट रही बिजली उपभोक्ताओं की जेब

## प्रदेश में अगले महीने से बढ़ेगा बिजली का बिल

- उपभोक्ता को अब नवम्बर और दिसम्बर में जारी होने वाली बिल में 21 पैसे प्रति यूनिट अतिरिक्त राशि देनी होगी
- हालांकि कृषि उपभोक्ताओं पर फ्यूल सरचार्ज राशि का प्रभाव नहीं पड़ेगा

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश में फ्यूल चार्ज के नाम पर बिजली उपभोक्ताओं की जेब काटी जा रही है। उपभोक्ता को अब नवम्बर और दिसम्बर में जारी होने वाली बिल में 21 पैसे प्रति यूनिट अतिरिक्त राशि देनी होगी। डिस्कॉम्स प्रशासन ने गुरुवार को इसके आदेश जारी कर दिए हैं। हालांकि कृषि श्रेणी में लगने वाले फ्यूल सरचार्ज की राशि को सरकार अनुदान के रूप में वहन कर रही है।

डिस्कॉम्स अध्यक्ष भास्कर ए. सावंत ने बताया कि डिस्कॉम विद्युत आपूर्ति हेतु विभिन्न स्त्रोतों से राजस्थान राज्य विद्युत विनियामक आयोग द्वारा निर्धारित स्थायी एवं परिवर्तनीय दर से बिजली क्रय करता है। विद्युत विनियामक आयोग के टैरिफ विनियम-2019 के प्रावधान के अनुसार विद्युत खरीद की अनुमोदित परिवर्तित दर एवं विद्युत खरीद की वास्तविक परिवर्तित दर का अन्तर फ्यूल सरचार्ज के रूप में त्रैमासिक आधार पर विद्युत निगमों द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से वसूल करने का प्रावधान है। विद्युत खरीद की वास्तविक परिवर्तित दर अधिक होने का मुख्य कारण कोयले की दरों में वृद्धि, मालभाड़े में वृद्धि एवं विभिन्न करों में बदलाव है।

सावंत ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 की तृतीय तिमाही अक्टूबर, 2021 से दिसम्बर, 2021 के लिए माननीय विद्युत विनियामक आयोग द्वारा निर्धारित गणना प्रक्रिया के अनुसार उपभोक्ताओं से वसूली योग्य फ्यूल सरचार्ज की राशि 21 पैसे प्रति यूनिट निर्धारित की गई है। यह राशि पिछली तिमाही जुलाई, 2021 से सितम्बर, 2021 के उपभोग पर वसूलनीय है।

उन्होंने बताया कि कृषि श्रेणी के अतिरिक्त अन्य उपभोक्ताओं पर आने वाले भार को देखते हुये राहत देने के उद्देश्य से इस फ्यूल सरचार्ज राशि को दो समान किश्तों में माह नवम्बर व दिसम्बर, 2022 के बिजली बिलों के माध्यम से वसूल किया जाना प्रस्तावित है। कृषि श्रेणी में लगने वाले फ्यूल सरचार्ज की राशि को राज्य सरकार द्वारा अनुदान के रूप में वहन किया जाता है।

सावंत ने बताया कि विद्युत विनियामक आयोग के निर्देशानुसार फ्यूल सरचार्ज की गणना को स्वतंत्र ऑडिटर द्वारा वेरिफिकेशन के पश्चात् ही लागू किया जाता है।

## ईटीपी लगाने के लिए 13.88 करोड़ की अनुदान राशि जारी

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन नीति 2014 एवं 2019 के अन्तर्गत औद्योगिक इकाइयों द्वारा अपशिष्ट उपचार संयन्त्र (ईटीपी) की स्थापना के लिए 13.88 करोड़ की अनुदान राशि जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस स्वीकृति से विभिन्न उद्योगों द्वारा उत्सर्जित किए जाने वाले अपशिष्ट का उचित उपचार किया जा सकेगा तथा पर्यावरण संरक्षण में सहायता मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक इकाइयों को अपशिष्ट उपचार संयन्त्र (ईटीपी) लगाने पर प्लांट एवं मशीनरी की लागत का 20 प्रतिशत अनुदान दिए जाने का प्रावधान किया गया है। अधिक से अधिक उद्योगों को अपशिष्ट उपचार संयन्त्र (ईटीपी) स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए उक्त योजना लाई गई है।



राज्यपाल कलराज मिश्र गुरुवार शाम प्रताप नगर में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में सम्मिलित हुए। समारोह में उपस्थित चिकित्सकों एवं विशिष्ट जनों ने मिश्र से मुलाकात कर उनका अभिवादन किया। राज्यपाल ने उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में चिकित्सक उपस्थित रहे।



असम विधानसभा की याचिका समिति के सदस्यों ने राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी.जोशी से निवास स्थान पर शिष्टाचार भेट की। डॉ. जोशी से समिति के सभापति तरोष गेवान समिति के सदस्य नीजानूर रहमान, रूपेश गोवाला, मीहिर कान्तशोर से मुलाकात की। इसके बाद राजस्थान विधानसभा भवन, सदन एवं गैलरियों, राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का भी अवलोकन किया। असम विधान सभा की याचिका समिति के सदस्यों को विधानसभा सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने समिति के सदस्यों को, राजस्थान विधानसभा की प्रक्रिया, नियमावली एवं समिति की आन्तरिक कार्य प्रणाली पुस्तिका व साहित्य भेंट किया।

## 'चिकित्सक संवेदनशीलता के साथ करें मरीजों का इलाज'

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ प्रदेशवासियों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है। स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप गांवों-कस्बों तक उत्कृष्ट चिकित्सकीय सुविधाएं पहुंच रही हैं। इसी का परिणाम है कि आज राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में मॉडल स्टेट बनकर उभरा है।

गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर चिकित्सा महाविद्यालयों के प्राचार्यो के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना तथा मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं प्रारम्भ की हैं। राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए ताकि जानकारी के अभाव में कोई इनके लाभ से वंचित न रहे। प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग के साथ आमजन का फीडबैक लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान आज स्वास्थ्य सेवाओं में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है। आज प्रदेश में एम.आर.आई., सीटी स्केन जैसी महंगी जांचों के साथ-साथ हार्ट, लीवर, बोनमैरो ट्रांसप्लांट जैसा महंगा इलाज निःशुल्क करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निजी अस्पतालों का आह्वान करते हुए कहा कि अस्पतालों में आने वाले मरीजों का इलाज सेवाभाव एवं संवेदनशीलता के साथ मानवीय आधार पर करें। गहलोत ने निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार का सहयोग करने के लिए भी आग्रह किया।

## अल्प आय वर्ग के लोगों को मिलेंगे रियायती दर पर पट्टे

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संवेदनशील निर्णय लेते हुए कृषि भूमि पर बसी हुई कॉलोनियों में अल्प आय वर्ग के लोगों को भूखण्डों की प्रीमियम दर में छूट देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रस्ताव के अनुसार, 120 वर्गमीटर तक के आवासीय भूखण्डों की प्रीमियम दर 5 रूपये प्रति वर्गमीटर पर एवं प्रीमियम दर की चार गुना दर पर दस वर्ष की एकमुश्त लीज राशि जमा करवाने पर तथा 500 रूपए का भवन निर्माण स्वीकृति शुल्क जमा करवाने पर फ्रीहोल्ड पट्टा दिया जा सकेगा। इनमें ऐसी कॉलोनियां शामिल हैं जिनके ले-आउट प्लान स्वीकृत हो चुके हैं अथवा सुओ-मोटो सर्वे एवं धारा 90-ए की कार्यवाही कर ले-आउट प्लान/सर्वे प्लान स्वीकृत किए जाने हैं।

## रमेश मीणा ने उड़ीसा में स्वयं सहायता समूहों का काम देखा

**जयपुर**, (का.सं.)। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री रमेश चन्द मीना ने गुरूवार को उड़ीसा में भगवान जगन्नाथ जी के दर्शन कर प्रदेश की सुख शांति और समृद्धि की कामना की और वहां ग्रास रूट पर जारी ग्रामीण आजीविका विकास के कार्यों की जानकारी ली।

राजस्थान में राजीवका को एक आन्दोलन का रूप देकर गरीब महिलाओं के सशक्तिकरण के लगातार प्रयास कर रहे।

मीना ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान गुरूवार को उड़ीसा में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद किया और वहां आजीविका ग्रामीण आजीविका के विकास के लिए किए जा रहे नवाचारों के संबंध में विशेश चर्चा की। इस दौरान उड़ीसा की आजीविका विकास परिषद से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने उनके नए-नए व्यवसायों के सम्बन्ध में श्री मीना को जानकारी दी।

इसी प्रकार ग्रामीण विकास मंत्री मीना ने भी राजस्थान में राजीविका के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किये जा रहे व्यवसाय एवं नवाचारों के अनुभव उनके साथ साझा किए।

उन्होंने स्वयं सहातया समूहों की महिलाओं द्वारा संचालित एक कैफे में भोजन किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इससे पूर्व उडीसा में जगन्नाथ पुरी पहुंचने पर स्थानीय निवासियों की ओर से मीना का परंपरागत तरीके से स्वागत और अभिनंदन किया गया। मंदिर में दर्शन कर मीना ने समस्त देश और प्रदेश में समृद्धि, भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए प्रार्थना की।

## मेवात क्षेत्र में शिक्षा का प्रसार प्रथम प्राथमिकता : जुबैर खान

- सचिवालय में मेवात क्षेत्रीय विकास मण्डल की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए

**जयपुर**, (का.सं.)। मेवात क्षेत्रीय विकास मण्डल के अध्यक्ष जुबैर खान ने कहा है कि मेवात क्षेत्र में मण्डल के माध्यम से प्राथमिकताएं तय कर अधिकाधिक ऐसे काम हाथ में लिए जाएंगे जिससे क्षेत्र में शिक्षा को बढावा मिले, सड़कों के माध्यम से कनेक्टिविटी में सुधार आए और श्मशान एवं कब्रिस्तान जैसी आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें।

खान ने गुरूवार को सचिवालय में मेवात क्षेत्रीय विकास मण्डल की बैठक के दौरान अधिकारियों को इसी भावना के साथ कार्यों की स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा की अत्यधिक आवश्कता है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नए स्कूल खोलने और उन्हें क्रमोन्नत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है लेकिन अब उनमें आधारभूत सुविधाओं के लिए कार्य किए जाने की आवश्यकता है। बोर्ड भी ऐसे कार्य हाथ में लेकर स्कूलों के विकास के लिए काम करेगा। साथ ही ऐसे गांव या क्षेत्र जो किसी बाधा के कारण अन्य क्षेत्रों से कटे हुए हैं, उनकी कनेक्टिविटी के कार्य भी चरणबद्ध रूप से स्वीकृत किए जाएं। श्मशान की चारदीवारी, टीनशेड निर्माण और कब्रिस्तान की चारदीवारी के कार्य भी योजना में लिए जाएंगे। साथ ही क्षेत्र के ऐसे काम भी हाथ में लिए जाएंगे जो राज्य सरकार की अन्य योजनाओं में शामिल नहीं हैं।

उन्होंने बताया कि बोर्ड के माध्यम से गोशालाओं का भी विकास किया जा रहा है। इसमें एक गोशाला अलवर जिले में एवं एक अन्य भरतपुर जिले में विकसित की जा रही है। इसी प्रकार हाट बाजार विकसित किए जाने की योजना पर भी काम किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के स्थानीय हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों को एक मंच उपलब्ध हो सकेगा एवं मेवात क्षेत्र की गंगा-जमुनी संस्कृति को बढावा मिलेगा।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने भी मेवात क्षेत्र को शिक्षा में समृद्ध बनाना सबसे बड़ी प्राथमिकता बताया। उन्होंने बताया कि गुरूवार की बैठक में अनुमोदित कार्ययोजना में शिक्षा की प्रथम प्राथमिकता रखी गई है ताकि क्षेत्र और आगे वाली पीढी को शिक्षा में समृद्ध बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत अलवर एवं भरतपुर जिलों में 25 करोड़ की राशि विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च की जाती है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की मंत्री जाहिदा खान ने भी बैठक में अपने क्षेत्र के विकास कार्यों एवं शिक्षा एवं कनेक्टिविटी की आवश्यकता के सम्बन्ध में बात रखी। अलवर के रामगढ से विधायक सफिया जुबेर खान ने भी क्षेत्र के सम्बन्ध में अपनी मांग रखी।

विभाग की प्रमुख शासन सचिव अपर्णा अरोरा ने अधिकारियों से कहा कि बोर्ड से सम्बन्धित पूर्व वर्षों के अप्रारम्भ कार्यों का निरस्तीकरण, राशि के समयोजन एवं अपूर्ण कार्यों की जल्द पूर्णता सुनिश्चित करें। ग्रामीण विकास विभाग की शासन सचिव मंजू राजपाल ने कहा कि जल्द ही भरतपुर में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में बोर्ड द्वारा स्वीकृत कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में वीडियो कार्फ्रेसिंग के माध्यम से अलवर एवं भरतपुर जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सचिवालय सभागार में ग्रामीण विकास विभाग, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा एवं अन्य हितधारक विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

## वनपाल परीक्षा के लिए मुफ्त मिलेगी यात्रा सुविधा

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा मुख्यमंत्री की बजट घोषणा 2021-22 की पालना के क्रम मे राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 6 नवम्बर, को आयोजित परीक्षा के परीक्षार्थियों को साधारण एवं एक्सप्रेस बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा के आदेश जारी किये गये है।

राजस्थान रोडवेज मुख्यालय से सभी मुख्य प्रबन्धकों को पाबन्द किया गया है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाली वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा-2020, 6 नवम्बर में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को आने व जाने की सुविधा प्रवेश पत्र के साथ फोटो युक्त आई.डी. के आधार पर एक दिवस पूर्व एवं परीक्षा के एक दिवस बाद के लिये निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करावें। परीक्षार्थी के गांव व शहर से परीक्षा केन्द्र तक जाने व वापिस आने के लिए सीधी बस सेवा उपलब्ध नही होने पर एक से अधिक कनेक्टींग बस का उपयोग कर सकेंगे।

परीक्षार्थियों की थर्मल स्क्रीनिंग, यात्रा के दौरान मास्क की पालना पूर्णरूप से करनी होगी।



दीवाली जाते ही सर्दी की दस्तक, लगने लगे रेनबसेरे। जयपुर नगर निगम ग्रेटर ने रेनबसेरे लगाने शुरू कर दिए हैं। रामनिवास बाग के पीछे गेट पर तैयार रेनबसेरा।

## महानरेगा में 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार मिलेगा

- सौ दिन का रोजगार पूरा करने वाले परिवारों को मिलेगा अतिरिक्त काम
- मास्टर ट्रेनर्स की आमुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

**जयपुर**, (का.सं.)। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन गुरूवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में हुआ।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए ग्रामीण विकास विभाग की सचिव मंजू राजपाल एवं कमिश्नर मनरेगा शिवांगी स्वर्णकार ने योजना का महत्व एवं इसके विविध पक्षों की जानकारी प्रतिभागियों को दी। प्रतिभागियों को बताया गया कि वर्ष 2022-23 में महात्मा गांधी नरेगा योजना में 100 दिवस का रोजगार पूरा करने वाले परिवारों को अतिरिक्त 25 दिवस का रोजगार प्रदान किया जाएगा।

दिनभर में विभिन्न सत्रों के दौरान उन्हें योजना के लिए व्यक्तियों की पात्रता, योजना में व्यक्तिगत लाभ एवं सामुहिक लाभ के अनुमत कार्य, राशि की व्यवस्था अन्य योजनाओं से इस योजना के कन्वर्जेंस की स्थिति, योजना में आवेदन एवं उसकी जांच एवं उसे स्वीकार किए जाने की प्रक्रिया सहित विभिन्न तकनीकी पक्षों की जानकारी कार्यशाला में दी गई।

योजना में राज्य स्तर पर प्रत्येक जिले से 5 मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण उपरान्त 31 अक्टूबर को ये जिला स्तर की कार्यशाला में सभी ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों यथा विकास अधिकारी, सहायक अभियन्ता, सहायक लेखाधिकारी, कनिष्ठ अभियन्ता एवं एमआईएस मैनेजर को प्रशिक्षण देंगे। ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर 2 नवम्बर को सभी सरपंचों, ग्राम विकास अधिकारी, जेटीए, को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था राम भरोसे : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर**। उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि इससे बड़े दुर्भाग्य की बात क्या होगी कि राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, को प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएमएस में गंदगी देखकर शर्मिंदा होना पड़ा वो भी तब जब वह स्वयं अस्पताल में भर्ती थे।

राठौड़ ने कहा कि मरीजों के बाद अब तो खुद मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में व्याप्त गंदगी और अपनी ही सरकार में चरमराई चिकित्सा व्यवस्था की कलई खोल दी है। राज्य के मुखिया का शर्मिंदा होना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था राम भरोसे है और सरकार के तमाम दावे झूठे हैं।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## समर्थन मूल्य पर होगी मूंग, उदड़, सोयाबीन और मूंगफली की खरीद

## किसानों के लिये ऑनलाइन पंजीयन शुरू हुआ

- राजफैड 1 नवम्बर से मूंग, उड़द, सोयाबीन तथा 18 नवम्बर से मूंगफली की करेगा खरीद
- उपज खरीद के लिए केवीएसएस तथा जीएसएस पर बनाए 879 खरीद केन्द्र

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना ने बताया कि प्रदेश मेें राजफैड द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग, उड़द, सोयाबीन एवं मूंगफली की खरीद के लिये ऑनलाइन पंजीकरण 27 अक्टूबर से शुरू हो गया है। 879 खरीद केन्द्रों पर मूंग, उड़द एवं सोयाबीन की 1 नवम्बर से तथा 18 नवम्बर से मूंगफली खरीद की जाएगी।

आंजना ने बताया मूंग के लिए 363, उड़द के लिए 166, मूंगफली के 267 तथा सोयबीन के लिए 83 खरीद केन्द्र खोले गए है। जिसमेंसे 419 केन्द्र क्रय-विक्रय सहकारी समितियों पर तथा 460 ग्राम सेवा सहकारी समितियों पर बनाए गए है।

आंजना ने बताया कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था ई-मित्र एवं खरीद केन्द्रों पर प्रात: 9 बजे से सायं 7 बजे तक की गई है।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा राज्य में समर्थन मूल्य पर मूंग का खरीद का लक्ष्य 3 लाख 2 हजार 745 मीट्रिक टन, उडद का 62 हजार 508 मीट्रिक टन, मूंगफली का 4 लाख 65 हजार 565 मीट्रिक टन तथा सोयाबीन का 3 लाख 61 हजार 790 मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य दिया गया है। मूंग का समर्थन मूल्य 7755 रूपये, उडद का 6600, मूंगफली का 5850 एवं सोयाबीन का 4300 रूपये प्रति क्विंटल एफ.ए.क्यू श्रेणी का घोषित किया गया है।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि किसान को जनआधार कार्ड नम्बर, खसरा गिरदावरी की प्रति एवं बैंक पासबुक की प्रति पंजीयन फार्म के साथ अपलोड़ करनी होगी। जिस किसान द्वारा बिना गिरदावरी के अपना पंजीयन करवाया जायेगा, उसका पंजीयन समर्थन मूल्य पर खरीद के लिये मान्य नहीं होगा। उन्होंने बताया कि ई-मित्र केन्द्र भी समर्थन मूल्य योजना मे किसानों का पंजीयन पूर्ण सावधानी से करें और तहसील से बाहर पंजीयन नही करें।

उन्होंने बताया कि किसान एक जनआधार कार्ड में अंकित नाम में से जिसके नाम गिरदावरी होगी उसके नाम से एक पंजीयन करवा सकेगा। किसान इस बात का विशेष ध्यान रखे कि जिस तहसील में कृषि भूमि में उसी तहसील के कार्यक्षेत्र वाले खरीद केन्द्र पर उपज बेचान हेतु पंजीकरण करावें। दूसरी तहसील में पंजीकरण मान्य नही होगा।

आंजना ने बताया कि किसान पंजीयन कराते समय यह सुनिश्चित कर ले कि पंजीकृत मोबाईल नम्बर, से जनआधार कार्ड से लिंक हो जिससे समय पर तुलाई दिनांक की सूचना मिल सके। किसान प्रचलित बैंक खाता संख्या सही दे ताकि ऑनलाइन भुगतान के समय किसी प्रकार की परेशानी किसान को नहीं हो। उन्होंने बताया कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए 27 अक्टूबर से हेल्प लाइन नम्बर 1800-180-6001 आरम्भ कर दिया जाएगा।

## रोशन सैनी राष्ट्रीय महासचिव बने

**जयपुर** (कासं)। अखिल भारतीय सैनी माली महासंघ की दिल्ली में आयोजित बैठक में जयपुर के जिला अध्यक्ष रोशन सैनी को महासंघ का राष्ट्रीय महासचिव मनोनित किया गया है।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम नरेन्द्र दान से बदलकर नरेन्द्र देथा रख लिया है। भविष्य में मुझे नरेन्द्र देथा पुत्र श्री उमर दान के नाम से जाना जावें। पता-सावन मगरा, बोरूंदा, जोधपुर-342604

विवाहोपरांत मैंने अपना नाम कुमारी भगवानी आहूजा से बदलकर कंचन ठारवानी धर्मपत्नी गोविन्द ठारवानी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये निवासी 66/26 हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 राजस्थान

I have Changed my Name from Mohammed Irfan Khalid to Mohammed Irfan in future. 1952 Dhabai Ji Ka Khurra, Ramganj Bazar, Jaipur.

I army No. 2999519Y Rank TS/NK Sultan Singh S/o Laxman singh plot no. 12 Shri ganesh Nagar near Kardhani Kalwar road Jhotwara Jaipur Raj. That I have changed my Son name From Youvraj Singh to Yuvraj Singh (28.11.2004) vide affidavit dated 27 Oct. 2022 before district notary Jaipur.

**कार्यालय ग्राम पंचायत खेडीगोकुलपुरा प.स. सांगानेर जयपुर**

क्रमांक-26 दिनांक- 27.10.2022

**ई-निविदा सूचना संख्या 04/2022-23**

ग्राम पंचायत खेडीगोकुलपुरा में राजस्थान पंचायतीराज नियम 181 के तहत सक्षम श्रेणी व पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाइन दरें ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति से आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है।

NIB NO. PEZ2223A0076 UBN NO. PEZ2223WSOB00087 to 88

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत खेडीगोकुलपुरा — सरपंच, ग्राम पंचायत खेडीगोकुलपुरा

# दीपावली पर पटाखे चलाने के दौरान हुए विवाद में आधा दर्जन घायल

## बालाघाट थाना क्षेत्र के गांव सिंघानिया में बुधवार देर रात की घटना

**हिण्डौन सिटी,** (कासं)। बालाघाट थाना क्षेत्र के गांव सिंघानिया में गत दिवस देर रात पटाखा चलाने को लेकर दो पक्षों में आपस में झगड़ा हो गया जिसमें दोनों पक्षों की 4 महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को परिजनों ने उपचार के लिए राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

शहर के मोहन नगर से जिला अस्पताल के डॉक्टर अंकुश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बालघाट थाना क्षेत्र के गांव सिंघानिया में गत दिवस गोवर्धन पूजा के बाद एक पक्ष की ओर से पटाखे चलाए जा रहे थे। जिसको लेकर दो पक्षों में आपसी कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया। जिसमें हुई मारपीट में एक पक्ष के लाखन सिंह, बच्चू सिंह व सुमन घायल हो गए तो वहीं दूसरे पक्ष की पूजा कुसंता और छोटी देवी तीन महिलाएं घायल हो गई ।

इस तरह दोनों पक्षों की 4 महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग मारपीट में घायल हुए। जिन्हें परिजनों ने उपचार के लिए देर रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। इधर पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से पर्चा बयान दर्ज कर लिए हैं और मामले में कार्यवाही की जा रही है।

## पीड़ितों से मिले मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जी. के. व्यास गुरुवार को कीर्ति नगर पहुंचे तथा गत दिनों हुए गैस हादसे से पीड़ितों के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

■ **गैस हादसे के पीड़ितों से जानकारी लेकर मदद का आश्वासन दिया**

जस्टिस व्यास ने इस दौरान मोबाइल पर कलक्टर से बातचीत की और मामले में अब तक की रिपोर्ट लेते हुए राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त मदद के बारे में जानकारी ली और पीड़ितों तथा उनके परिवारों के लिए यथासंभव मदद दिलाने के लिए आश्वस्त किया।

# विभाग तीस दिन के भीतर फार्म 16 भरने की अनुमति प्रदान करे: हाईकोर्ट

## फार्म 29 की जगह फार्म जीएसटी आइजी-16 में सूचना देने पर फर्म ब्लॉक की थी

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने एक याचिका का निस्तारण करते हुए कहा है कि गलत फार्म भरने के आधार पर सीजीएसटी आइडेंटीफिकेशन नंबर को लिंक करने से मना नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि विभाग कॉमन पोर्टल को ओपन करे ताकि याचिकाकर्ता अपनी जानकारी तय फार्म में भर सके इसके लिए विभाग को तीस दिन का समय प्रदान किया गया है।

नागौर जिले के मकराना में एएच मार्बल क्राफ्ट के मालिक अब्दुल हमीद भाटी का 31 जनवरी 2018 को निधन हो गया। बेटे ने एक पत्र के माध्यम से सीजीएसटी विभाग को सूचित किया कि उसके पिता का निधन हो गया है।

सीजीएसटी एक्ट में प्रावधान है कि किसी जीएसटी आइडेंटीफिकेशन नंबर को रद्द या ट्रांसफर कराया जा सकता है बशर्ते इसके लिए सूचना विभाग की ओर से तय कॉमन पोर्टल पर फार्म जीएसटी आरईजी-16 में दी जाए। मोहम्मद अफजल की ओर से

■ **सीजीएसटी आइडेंटीफिकेशन को लिंक करने से मना नहीं किया जा सकताः हाईकोर्ट**

■ **राजस्थान हाईकोर्ट ने विभाग को कॉमन पोर्टल ओपन करने के निर्देश भी दिए**

सूचना इस तय फार्म पर नहीं दिए जाने से रिटर्न जमा कराने के लिए उसकी फर्म को ब्लॉक कर दिया गया। इसके बाद मोहम्मद अफजल ने नया जीएसटी नंबर ले लिया। इसके साथ ही उसने हाईकोर्ट में एक याचिका पेश कर सीजीएसटी विभाग के फैसले को चुनौती दी।

राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर स्थित मुख्य पीठ के समक्ष विभाग की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता ने सही फोरमेट में सीजीएसटी आइडेंटीफिकेशन नंबर ट्रांसफर करने के लिए आवेदन नहीं किया। पुराना नंबर रद्द करने के लिए फार्म 29 भरा गया जबकि इसके लिए 16 नंबर का फार्म भरना था। ऐसे में सिस्टम उनके आवेदन को लिंक नहीं कर पाया।

खंडपीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने विभाग को सूचित किया था कि उसके पिता का निधन हो गया। इसी से जाहिर है कि वह बकाया टैक्स को चुकाने के लिए तैयार है।

याचिका का निस्तारण करते हुए खंडपीठ ने कहा कि विभाग तीस दिन के भीतर कॉमन पोर्टल को एक्टिवेट कर याचिकाकर्ता को फार्म 16 भरने की अनुमति प्रदान करे। सारी सूचनाएं जमा कराने के बाद उसके सीजीएसटी नंबर को लिंक करने की प्रक्रिया, इस संदर्भ में 28 मार्च 2019 को जारी सकुर्लर के तहत, पूरी करे।

# हथियार लेकर दो पक्षों के लोग भिड़े, तीन लोग हिरासत में

## एक दूसरे पर लगाए हमला करने का आरोप, डेक की आवाज कम करने का कहने पर हुआ विवाद

**अनूपगढ़,** (निसं)। पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 27 ए के चक 25 ए में देर रात को दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया की नौबत मारपीट तक पहुंच गई। इस झगड़े में दोनों पक्षों का एक-एक व्यक्ति लहूलुहान हो गया।

दोनों को राजकीय चिकित्सालय लाया गया तथा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दोनों पक्षों से मामला की जानकारी ली। दोनों पक्षों ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से हमला करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस को दिए गए बयानों के अनुसार ने गुरचरण सिंह पुत्र प्यारा सिंह के परिजनों ने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति रोज उनके घर के आगे से तेज आवाज में ट्रैक्टर पर डेक बजाकर निकलते थे। बुधवार शाम उन्हें डेक की आवाज धीमी रखने के लिए कहा गया तो एक बारगी हमलावर वहां से चले गए, लेकिन बाद पांच सात लोग तलवारों से लैस होकर उनके घर आए और उन पर हमला बोल दिया। इस हमले में गुरचरण सिंह के सिर पर चोट लग गई। शोर मचाने पर बीच-बचाव कर लोगों ने उन्हें बचाया। इसी प्रकार दूसरे पक्ष के ठाकर सिंह ने आरोप लगाया कि वह रोजाना उसी मार्ग से अपने घर के लिए जाते हैं, आज भी हमेशा की तरह अपने घर जा रहे थे। आरोपियों ने पीछे से आकर उन पर हमला बोल दिया। तेज आवाज में में डेक चलाने का आरोप गलत है। अचानक अपने ऊपर हुए हमले से वह हड़बड़ा गए और शोर मचाकर लोगों को इकट्ठा किया। लोगों द्वारा उन्हें छुड़ाकर राजकीय चिकित्सालय लाया गया।

## 10 ग्राम हेरोइन सहित चार गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले की संगरिया पुलिस ने एनडीपीसी एक्ट में कार्रवाई करते हुए 10 ग्राम हेरोइन सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान शक होने पर रोककर युवकों की तलाश ली और हेरोइन मिलने पर थाने ले आई। संगरिया थानाधिकारी हनुमाना राम बिश्नोई ने बताया कि टीम के साथ गश्त कर रहे थे। जैसे ही गांव मानकसर के पास पहुंचे तो 4 सन्दिग्ध नजर आए। पुलिस ने चारों को रोककर तलाशी ली तो उनके पास से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस चारों को पकड़ कर थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में चारों की पहचान मनोज कुमार (37) पुत्र रामकुमार निवासी वार्ड 7 नगराना, जसवीर सिंह उर्फ मुंदरी सीरा (35) पुत्र बाबरसिंह निवासी वार्ड 13 शेरगढ़, राजेन्द्र सिंह (32) पुत्र जसवंत सिंह जटसिख निवासी वार्ड 1 मानकसर पुलिस थाना संगरिया और शाहनवाज उर्फ शाहबाज (30) पुत्र मोहम्मद रमजान निवासी 2 आरआरडब्लूयू रोही नवा के रूप में हुई।

# तीन नकाबपोशों ने ज्वैलर्स की दुकान के ताले तोड़े

## दो लाख रूपये के आभूषण व नगदी चोरी की

**मालपुरा,** (निसं)। बुधवार की रात को चोरों ने मालपुरा शहर में पुलिस की रात्रिगश्त की पोल खोलते हुए ट्रक स्टैण्ड ख्वासजी की हवेली के पास ज्वैलर्स की दुकान के ताले तोड़ 2 लाख रूपये के सोने-चांदी के आभूषण व नगदी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

वारदात के सारे फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गये। पीड़ित दुकान मालिक मदन लाल सोनी एण्ड संस ज्वैलर्स के प्रोपराईटर राजेश सोनी ने बताया कि बुधवार की शाम को दुकान के पास भैरूजी के धार्मिक स्थल से निकाली जा रही घास भैरू की सवारी के दौरान वो अपनी दुकान को लॉक कर घर गया था। पांच दिन के दीपावली पर्व पर पुरानी चांदी के बदले नई चांदी के आभूषण की बिक्री के दौरान तकरीबन आधा किलो चांदी के पुराने आभूषण काउंटर में रखे हुए थे तथा अंगुठी, पायजेब, बिछिया, लौंग, कुण्डल सहित



मालपुरा में ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी की घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

अन्य नवीन आभूषण भी काउंटर के डेस्क बोर्ड में रखे हुए थे।

चोरी की वारदात का पता गुरूवार की सवेरे जाग होने पर दुकान के सामने आवासीय मकान मालिक को लगा । आस-पास देखने पर ज्वैलर्स की दुकान

■ **सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई वारदात**

के ताले व शट्टर खुला होने पर तत्काल राजेश सोनी को सूचना दी गई। दुकान पर पहुंच देखा तो सारा सामान बिखरा मिला। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मौका निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो रात को एक बजकर 40 मिनट पर तीन युवक नकाब बांध दुकान पर पहुंचे तथा एक युवक ताला तोड़ दुकान में घुस गया। दो बाहर रैकी करते रहे। तकरीबन 14 मिनट तक दुकान की तलाशी ले नगदी व आभूषण थैले में भर साथियों के साथ निकल गये। चोरी की वारदात का सारा घटनाक्रम व युवको के फुटेज के आधार पर पुलिस चोरो की तलाश मे जुटी हुई है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

**हनुमानगढ़,** (निसं)। गांव देईदास-रावतसर रोड पर मंगलवार को जागरण में जा रहे बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई जबकि महिला सहित दो जने घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

जानकारी के अनुसार गुडिया रोही में खेती करने वाले गांव वीरदेसर पल्लू के भूप पुत्र मंगलाराम व उसका पुत्र प्रकाश उर्फ बिंदल बाइक पर रावतसर की तरफ रिश्तेदारी में जागरण में जाने के लिए रवाना हुए थे। देईदास रोड पर बाइक खराब हो गई तभी वहां भूप की पत्नी बिरमा देवी व उसका भतीजा निहाल सिंह भी पहुंच गए। इसी दौरान रावतसर की तरफ से आई कार ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार भूप व उसके पुत्र बिंदल की मौत हो गई जबकि पत्नी बिरमा देवी व निहाल सिंह घायल हो गया। सीआई नरेश गेरा ने बताया कि मृतकों का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिए।

# महिला को जेसीबी से कुचला

**बीकानेर,** (कासं)। यहां बजरंग धोरा एरिया में एक महिला की मौत के बाद अब पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी के आगे मृतका के परिजन हंगामा कर रहे हैं। आरोप है कि जेसीबी मशीन से महिला को कुचलकर हत्या की गई है। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने अब तक इसे हत्या के रूप में पुष्टि नहीं की है। बताया जा रहा है कि प्रेम बाई पत्नी चेतनराम देर रात बजरंग धोरा के पास से किसी कार्यक्रम में हिस्सा लेकर लौट रही थी। रास्ते में कुछ लोगों ने उसके गले से चैन छीनने का प्रयास किया।

महिला की पकड़ मजबूत थी और चैन बचा ली। इस दौरान महिला और युवकों में बोलचाल भी हुई। नाराज हुए युवक कुछ देर बाद जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और महिला को कुचल दिया। राहगीर उसे लेकर पीबीएम अस्पताल पहुंचे, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि महिला

■ **पूर्व में महिला की चैन छीनने का किया था प्रयास**

की हत्या की गई है जबकि दूसरी और पुलिस इसे सीधे सीधे हत्या का का मामला नहीं मान रही है। पुलिस इसे दुर्घटना के रूप में भी देख रही है।

बीछवाल थानाधिकारी महेंद्र दत्त ने बताया कि मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया है, जिसकी जांच की जाएगी। इससे पहले कुछ नहीं कहा जा सकता। सुबह पोस्टमार्टम से पहले बड़ी संख्या में परिजन मौके पर पहुंचे। इन लोगों ने जेसीबी चलाने वाले युवकों को गिरफ्तार करने की मांग की। थानाधिकारी ने बताया कि दो युवकों को हिरासत में लिया गया है, जिसमें एक जेसीबी चलाने वाला भी शामिल है।

# नकली डीएपी बनाने के मामले में नोहर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया

## नोहर पुलिस ने पांच दिन के रिमांड पर लिया, दोनों आरोपी हैं बाप-बेटे

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले नकली डीएपी मामले में नोहर पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। नोहर पुलिस ने रामजी लाल सहु पुत्र ठाकराम सहु निवासी खुइयां व मेघाना निवासी सुभाष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा था। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर भेजने के आदेश दिए। थाना प्रभारी नरेश गेरा ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें निरंतर छापामारी कर रही थी। रिमांड अवधि के दौरान दोनों आरोपितों से गहन पूछताछ की जाएगी। उन्होंने बताया कि आरोपित सुभाष नामी कम्पनियों के कट्टों की सप्लाई करता था।

वार्ड नं. एक में स्थित एक मकान से गत दिनों पुलिस और कृषि विभाग के अधिकारियों ने छापा मारा था। मौके पर पुलिस ने नामी कम्पनियों के कट्टो में भरी भारी मात्रा में नकली डीएपी बरामद की थी। जिसके बाद पुलिस ने खुइया निवासी रामजीलाल सहु के खिलाफ मामला दर्ज किया था। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए रामजीलाल की खुद की पेस्टिसाइड्स की दुकान है। पुलिस पूरे मामले की कड़ी से कड़ी जोड़ने में जुटी हुई है। बता दें खुईया पुलिस ने गांव में छापा मारकर दो अलग अलग गोदामों से भारी मात्रा मे नकली डीएपी बररामद की थी।

पुलिस ने इस मामले में ठाकर राम सहु व हरिराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी ठाकर राम व रामजीलाल पिता-पुत्र हैं। दोनों लंबे समय से इस धंधे से जुड़े है। खुईया पुलिस ठाकरराम व हरिराम की तलाश मे जुटी है। नकली डीएपी बनाकर क्षेत्र के अलावा हरियाणा और पंजाब में भी बड़े पैमाने पर सप्लाई करते थे। उधर इस मामले को लेकर क्षेत्र के अनेक किसान संगठनों में भी गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। किसान संगठनों ने चेतावनी दी है कि पुलिस ने अगर समय रहते पूरे मामले में कड़ी से कड़ी जोड़कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो कृषि विभाग कार्यालय का अनिश्चित कालीन घेराव किया जाएगा।

## 'अतिरिक्त पेंशन स्वीकृति का लाभ दें'

**बांसवाडा,** (निस)। पेंशनर समाज की जिला शाखा के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष फजले हुसैन टी जेताजी के नेतृत्व में जिला कलक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर राज्य के 65 वर्ष की आयु के पेंशनर्स को अतिरिक्त पेंशन स्वीकृति का लाभ दिलाने की मांग की है। जेताजी ने बताया कि पेंशनर समाज के प्रदेशाध्यक्ष द्वारा पेंशनरों को 80 वर्ष पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन स्वीकृत की जाती है उसमें से विभाजित कर 65, 70 व 75 वर्ष की आयु पर क्रमश: 5, 10 एवं 15 प्रतिशत दिलवाई जाये। जिससे राज्य के हर वर्ग जाति, समुदाय के पेंशनर को इसका लाभ मिल सके। पेंशनरों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य योजना लागू कर सभी पेंशनरों व कर्मचारियों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा दिलवाकर मिसाल कायम की है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में बुजुर्ग को जेल

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर में 7 साल की मासूम से 63 साल के बुजुर्ग द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। मामला 23 अक्टूबर का है।

पीड़िता की पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई, उसके बाद पुलिस ने जांच कर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। महिला थाना प्रभारी ने बताया कि शहर के 63 साल के अनिल अग्रवाल निवासी मालाखेड़ा, अलवर अपने परिचित के घर गया था। वहां उसकी 7 साल की बेटी को स्कूटर पर बैठाकर प्रतापबंध की तरफ ले गया जहां उसके प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ की। शाम चार बजे बालिका को लेकर गया। उसके बाद

■ **अलवर शहर में 7 साल की मासूम से 63 साल के बुजुर्ग ने की छेड़छाड़**

करीब 6 बजे वापस लेकर आया। पीड़िता के पिता के आने के बाद बेटी से छेड़छेड़ा होने का कुछ आभास हुआ।

इसके बाद आरोपी अनिल अग्रवाल के खिलाफ नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके प्राइवेट पार्ट से छेडछाड करने का मामला दर्ज कराया गया। महिला थाना प्रभारी चौथमल ने बताया कि आरोपी अनिल अग्रवाल को दो दिन पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

## साक्षात्कार तिथि जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा गुरुवार को सहायक आचार्य-भूगोल (कॉलेज शिक्षा विभाग) 2020 के पदों के साक्षात्कार निर्धारित कार्यक्रमानुसार 9 नवंबर से 18 नवंबर 2022 तक किये जाऐंगे।

आयोग सचिव एचएल अटल ने कहा कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन-पत्र साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। विस्तृत आवेदन-पत्र को आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी अपने समस्त मूल-प्रमाण पत्र मय फोटो प्रति अवश्य साथ लाएं। इनके अभाव में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

# चोरी करने वाली अंतर्राज्यीय गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार




पुलिस थाने में गिरफ्तार चोरी के आरोपी व जब्त कार।

**निवाई,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने टीम गठित कर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो आरोपितों को गिरफ्तार करके, उनसे चोरी करने में प्रयुक्त कार एवं चोरी किए गए जेवरात बरामद किए हैं।

थानाधिकारी राजेंद्र कुमार खंडेलवाल ने बताया कि पुलिस थाने में जगन्नाथ डोम निवासी सोरापदर हाल निवासी चौनपुरा फाटक रेलवे स्टेशन

■ **चोरी में प्रयुक्त कार एवं चोरी किए गए जेवरात बरामद**

ने मामला दर्ज करवाया था कि 21 अक्टूबर को उसके मकान से चोर लाखों रूपए के जेवरात चुराकर ले गए। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पहाड़ी तिराहे के पास संदिग्ध दो व्यक्ति मिले । जिनसे गहनता से पूछताछ की गई तो उन्होंने चोरी करना बताया। थाना अधिकारी ने बताया कि चोरी करने के मामले में जुगल सिंह पुत्र भंवर सिंह जाति बिलाला निवासी घोर थाना टांडा जिला धार मध्य प्रदेश एवं पतलिया पुत्र रिच्छु जाति भील निवासी गुराडिया थाना टांडा जिला धार मध्य प्रदेश को गिरफ्तार करके उनसे चोरी करने में प्रयुक्त कार एवं चोरी किए गए जेवरात बरामद किए हैं।

## पटाखे की चिंगारी से चारे में लगी आग

**अनूपगढ़,** (निसं)। आदर्श कॉलोनी में स्थित शर्मा हॉस्पिटल के पास एक प्लॉट में रखे पशु चारे में देर रात को आग लग गई। प्लॉट के मालिक साहिल में आगजनी की सूचना स्थानीय फायर ब्रिगेड को दी। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि समय रहते आगजनी की घटना का पता चल जाने के कारण कोई बड़ा नुकसान नही हुआ।

■ **फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से पाया आग पर काबू**

पटाखे की चिंगारी गिर जाने के कारण प्लाट में रखे पशु चारे में आग लग गई थी। प्लॉट के मालिक साहिल ने बताया कि शर्मा हॉस्पिटल के पास उसका एक प्लॉट है और प्लाट में पशु चारा रखा हुआ है। बुधवार देर रात्रि अचानक पशु चारे में आग की चिंगारी जलती हुई दिखाई दी। आग की चिंगारी दिखाई देने पर साहिल ने इसकी सूचना तुरंत स्थानीय फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मामराज ने बताया कि पशु चारे में आग सुलग रही थी। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया है।

# अन्नकूट खाने से दर्जनों लोग उल्टी-दस्त के हुए शिकार

## मैडिकल टीम ने प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर जानकारी जुटाई

**राजगढ़/अलवर,** (निसं)। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय के सामने गोला वाला मोहल्ले में शिव मंदिर पर आयोजित अन्नकूट महोत्सव में प्रसादी लेने के बाद दर्जनों महिला पुरुष उल्टी दस्त का शिकार हो गए। पीड़ितों को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

दो-तीन दर्जन मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इधर बुधवार रात्रि से मरीजों के आने जाने का क्रम चला जो गुरुवार सायंकाल तक जारी रहा। इसके बाद मेडिकल टीम प्रभावित क्षेत्र में पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाविद्यालय के सामने शिव मंदिर में गोवर्धन पूजा के दिन बुधवार दोपहर को अन्नकूट महोत्सव में बाजरा एवं कढ़ी के साथ अन्य व्यंजन भी बनाए गए।

बुधवार रात्रि से ही अन्नकूट महोत्सव में प्रसाद लेने वालों के पेट दर्द एवं उल्टी दस्त की शिकायत हुई। इस पर कुछ लोगों ने अपने स्तर पर मैडिकल स्टोर से दवा ली तो बाद में चिकित्सालय में मरीजों का आना



राजगढ़ के अस्पताल में प्रभावित लोगों का इलाज करती चिकित्सा टीम।

जाना जारी रहा। गुरुवार को दो-तीन दर्जन मरीजों को राजगढ़ चिकित्सालय में उपचार के लिए लाया गया। इनमें से कुछ को उपचार के बाद छुट्टी दी गई तो करीब दर्जनभर महिला पुरुष चिकित्सालय में भर्ती हैं। हालत बिगड़ने पर पार्वती देवी पत्नी भोलाराम को गुरुवार सायंकाल अलवर रैफर कर दिया।

# वाहन चुराने वाला ग्रेजुएट ठेकेदार और चौथी पास बेलदार गिरफ्तार


## पुलिस की स्पेशल टीम ने एसएमएस अस्पताल से दोनों आरोपियों को दबोचा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल पुलिस टीम (सीएसटी) ने वाहन चुराने वाले ग्रेजुएट ठेकेदार और चौथी कक्षा पास बेलदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों बदमाशों को एसएमएस अस्पताल परिसर से दबोचा। पुलिस ने उनके पास से दो चौपहिया वाहन भी बरामद किये है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने चौपहिया-दुपहिया वाहन चोरी की 8 वारदातें स्वीकार की है।

डीसीपी परिस देशमुख ने बताया कि सीएसटी और एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने चौपहिया वाहन चोर गिरोह के शातिर वाहन चोर राजेश कुमावत (33) निवासी गांव डाबर चौरासियो की ढाणी दहमी कला बगरू जयपुर और विनय खोरानिया (41) निवासी गांव बोराज बेगस रोड खोरानियों की ढाणी मौजमाबाद जिला जयपुर को गिरफ्तार कर उनके पास से पुलिस ने दो चौपहिया वाहन बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपित राजेश कुमावत चौथी कक्षा तक पढ़ा-लिखा है, जो जयपुर शहर में बेलदारी का काम करता है जिसके खिलाफ ज्योति नगर एवं बगरू में चोरी के 02 प्रकरण दर्ज है। जबकि आरोपित विनय खोरानिया ग्रेजएशन तक पढा-लिखा है, जो जयपुर शहर में बिल्डिंग कन्सट्रक्शन की ठेकेदारी का काम करता है। दोनों ही आरोपित आर्थिक तंगी, कंस्ट्रक्शन लाईन में घाटा एवं नशा की पूर्ति के लिए चोपहिया व दुपहिया वाहन चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा जयपुर शहर में 6 चोपहिया व 02 दुपहिया वाहन चोरी के वारदात करना कबूला है। गिरफ्तार आरोपियों से अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना के चलते पूछताछ की जा रही है।





गिरफ्तार वाहन चोर राजेश कुमावत और विनय खोरानिया

■ आर्थिक तंगी और बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन का घाटा दूर करने के लिए आरोपियों ने वाहन चुराना शुरू किया था

## ई-मित्र से लूटपाट करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। दौलतपुरा थाना पुलिस ने ई-मित्र से लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से छीना गया लैपटॉप व मोबाइल बरामद किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी नरेंद्र कुमार खीचड़ ने बताया कि चार अक्टूबर को ई मित्र का संचालक और सामोद जिला जयपुर निवासी मयंक कुमार से थाना इलाके में स्थित रिसाणी तिराहा पर लूटपाट करने वाले सीताराम माली (22)निवासी परशुराम पुरा की ढाणी सेपटपुरा अमरसर जिला जयपुर ग्रामीण,अभिषेक मीणा (19)निवासी ग्राम घोसलियो की ढाणी गांव अनन्तपुरा चौमू जिला जयपुर और सुभाष जाट (21) निवासी मुन्यावाली ढाणी चिथवाडी रोड रिसाणी दौलतपुरा को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें मुखबिर की सूचना पर जेडीए कॉलोनी राजारामपुरा में अन्य कोई वारदात की फिराक में घूमते हुए गिरफ्तार किया गया जिनसे छीना गया लैपटॉप व मोबाइल बरामद किया जा चुका है। शेष सामान के बरामदगी के प्रयास जारी है।

# रुई के गोदाम में आग से झुलसे मजदूर की मौत

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । सुभाष चौक इलाके में मंगलवार शाम रुई के एक गोदाम में भीषण आग लग गई। इस दौरान गोदाम में मौजूद एक मजदूर की झुलसने से मौत हो गई। सुभाष चौक पुलिस ने दो दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस ने बुधवार दोपहर मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने गोदाम मालिक के खिलाफ लापहरवाही के चलते मौत का मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में महबूब (50) पुत्र भोलू खां निवासी बहीद कॉलोनी गलतागेट की मौत हो गई। पानों का दरिबा सुभाष चौक में अब्दुल बहाव ने मकान में ही रुई गोदाम बना रखा है।

रुई गोदाम में महबूब रुई पिनाई का काम करता था। घटनाक्रम के मुताबिक, दीपावली की शाम महबूब गोदाम में काम कर रहा था। शाम करीब 7 बजे पटाखे की चिंगारी से रुई गोदाम में आग लग गई। आग की भीषण लपटे गोदाम से उठने लगी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

■ पटाखे की चिंगारी से धधका था गोदाम, दमकलकर्मियों और पुलिसकर्मियों ने गोदाम के गेट तोड़कर मजदूर को बाहर निकाला था

लोगों ने पुलिस को बताया कि गोदाम में महबूब नाम का मजदूर फंसा है। जिसने अंदर से गेट बंद कर रखा है। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से गेट खोलकर अंदर फंसे मजदूर महबूब को बाहर निकाला। महबूब आग से जगह-जगह से झुलस गया। पुलिस ने प्राइवेट वाहन से उसे तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाया। पुलिस ने दो दमकलों की मदद से करीब 10 मिनट की मशक्कत कर आग पर काबू पाया। उधर रुई ई गोदाम में झुलसे मजदूर महबूब की बुधवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

## डॉक्टर ने किशोरी से छेड़छाड़ की

**जयपुर** (कासं)। हरमाड़ा इलाके में 13 वर्षीय किशोरी से डॉक्टर द्वारा इलाज के बहाने छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बुखार होने पर नाबालिग किशोरी अपने पिता के साथ क्लीनिक पर आई थी, जहां इलाज के बहाने आरोपी डॉक्टर से नाबालिग से छेड़छाड़ की। इस संबंध में पीड़िता के पिता की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया है। दूसरी तरफ आरोपित डॉक्टर ने मारपीट कर आरोप लगाते हुए क्रॉस केस दर्ज करवाया है।

थानाधिकारी मांगीलाल बिश्नोई ने बताया कि हरमाड़ा निवासी 13 वर्षीय किशोरी के पिता ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी बेटी को बुखार हो गया था और वह बेटी को दिखाने क्लीनिक पर ले गया। आरोप है कि क्लीनिक पर इलाज के दौरान आरोपित डॉक्टर ने पिता को बिस्किट लाने भेज दिया। इस दौरान पीछे से अकेला पाकर क्लीनिक में नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की। पिता के वापस लौटने पर पीड़िता ने आपबीती सुनाई। गुस्से में पिता ने आरोपित डॉक्टर के साथ मारपीट की। पीड़िता के पिता ने थाने जाकर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया। उधर आरोपी डॉक्टर ने भी मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नाहरगढ़ में बाइक चालक ने बच्ची को टक्कर मारी

**जयपुर** (कासं)। नाहरगढ़ इलाके में स्कूटी सवार दो युवकों ने लापरवाही करते हुए एक बच्ची को टक्कर मारकर घायल कर दिया। कॉलोनी के युवकों ने स्कूटी सवार दोनों युवकों को डांटा तो युवकों ने विरोध करते हुए देख लेने की धमकी दी।

जिस पर स्कूटी सवार दोनों युवक मौके से चले गए लेकिन कुछ ही समय बाद एक दर्जन से अधिक युवक वहां पहुंचे कर हुडदंग करने लगे। इस पर दीपक नाम के युवक ने विरोध किया तो दीपक के साथ मारपीट की। इस सम्बंध में पीड़ित दीपक ने नाहरगढ़ थाने में अज्ञात युवकों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया। नाहरगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि दीपक ने रिपोर्ट दी है कि उसके साथ हॉकी डण्डे से मारपीट की, जिससे उसे गहरी चोट आई है। पीड़ित ने बताया कि मेरे घर के पास बच्चे पटाखे फोड़ रहे थे। तभी दो लोग तेजी से एक बाईक पर आये और एक बच्ची को टक्कर मार दी। मोहल्ले के लोगों ने समझाया तो आरोपी लड़के झगड़ने लगे थे।

■ कॉलोनी के लोगों ने टोका तो आरोपियों ने उन्हें भी धमकी दी

## सरस निकुंज में अन्नकूट कल

**जयपुर** (कासं)। शहर में सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में अन्नकूट महोत्सव रविवार, 30 अक्टूबर को दोपहर दो शाम पांच बजे तक मनाया जाएगा।

सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि इस मौके पर बधाई गायन भी होगा। ठाकुर जी को अन्नकूट के पदों से रिझाया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए निकुंज में प्रवेश और निकास की अलग-अलग व्यवस्था रहेगी। आचार्य पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में ठाकुर जी को सकरी और अनसकरी तथा ऋतु फलों का भोग लगाया जाएगा।

# आरएफआईडी कार्ड लगे नहीं, कैसे होगी कचरा उठाने की मॉनिटरिंग?

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम ग्रेटर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था अब भी बेपटरी है। दिवाली पर शहर को चकाचक करने का दावा किया गया था, लेकिन बावजूद इसके जगह-जगह कचरे के ढेर लगे रहे।

जिस वी-केयर एन्वायरो कंपनी को मालवीय नगर जोन में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का काम सौंपा गया था, वह सभी आवासों पर आरएफआईडी कार्ड नहीं लगा पाई है। जबकि फर्म को 3 महीने में यह काम पूरा करना था। करीब 80 हजार मकानों पर यह आरएफआईडी कार्ड लगाए जाने थे, लेकिन अभी तक 40 हजार आवासों पर ही यह कार्ड नहीं लग पाया है। इस कार्ड के जरिए ही नगर निगम को पता चलता कि कंपनी ने किस घर से कचरा उठाया और किस घर से नहीं। गौरतलब है कि इस कंपनी ने 25 जुलाई को अपना काम शुरू किया था। इस लिहाज से 25 अक्टूबर को तीन महीने का समय परा हो चुका है। कंपनी मालवीय नगर जोन में 65 हूपर के जरिए घरों से कचरा उठा रही है।

उधर कंपनी की बड़ी लापरवाही सामने आने के बावजूद नगर निगम प्रशासन सख्ती बरतने के बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

■ ग्रेटर निगम क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाली कंपनी वी केयर एन्वायरो को तीन महीन में लगाने थे 80 हजार मकानों पर यह कार्ड, लेकिन अभी आंकड़ा आधा भी पूरा नहीं हो सका है।

# सूर्य उपासना के साथ शुरू होगा डाला छठ का महापर्व

**जयपुर** (कासं)। बिहार समाज संगठन का डाला छठ महापर्व पर 28 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक छठ पूजा का धूम रहेगा। चार दिनों तक चलने वाला यह व्रत, नहाय-खाय से शुरू होगी।

यह व्रत बिहार का सबसे बड़ा व्रत है यह बहुत ही कठिन साधना के साथ की जाती है। इस व्रत की तैयारी भाई दूज के पूजा के बाद शूरू होती है। भाई दूज के दिन मिट्टी के चूल्हे बनाए जाते हैं, उसी दिन गेहूं भी धोए जाते हैं। पवित्रता इतनी रखनी पडती है जो किसी बच्चे का हाथ नहीं लगे या कोई जानवर नहीं आ जाए या खा नही जाए।

बिहार समाज संगठन के महासचिव सुरेश पंडित ने बताया कि यह व्रत एक ऐसा व्रत जिसमें अमीर-गरीब का कोई भेद-भाव नहीं है। किसी को किसी तरह की बी परेशानी होती है तो यह कहते हैं, परेशानी खत्म हो जाएगी तब पांच साल तक घर-घर जाकर भीख मांग कर हम यह व्रत करेंगे। आस्था इतनी होती है जैसे ही मनोकामना पूरी हुई वैसे ही नहाए-खाए के दिन सुबह - सुबह पांच घरों में जाकर छठ माता के लिए मांग कर लाते है। देने वाले भी बिना कुछ पूछे दे देते हैं। आपसी प्रेम को भी दर्शाता हुआ यह बहुत बडा व्रत है। गांव में व्रत में उपयोग में आने वाले जो भी समान किसी एक के पास है वह अपने आसपास के लोगों को भी दे देते हैं और यदि किसी कारणवश भूल गए तो वह खुद मांग कर ले जाते हैं। अब समय के बदलाव ने बहुत कुछ चेंज कर दिया है। पहले गरीबों को नई साडी और धोती व्रती को दुकान वाले भी देते थे लेकिन अब समय के अनुसार यह सब बदल गया है। शहर में जिसे कपड़ों का सेल बोलते हैं गांव के दुकान में कम पैसों में व्रत करने वाले तक पहुंचाने का एक जरिया बोलते हैं। अब कुछ लोग कहते हैं सेवा करने वाले को यह व्रत का फल मिलेगा, इस लिए पैसे से सामान लेने चाहिए। तब देने वाले अच्छे हैं तो इसकी कीमत ना के बराबर कर देते हैं।

नहाए -खाए के दिन लौकी में सेंधा नमक का प्रयोग किया जाता है बिहार समाज संगठन के तत्वावधान में डाला छठ पूजा महापर्व का आयोजन जयपुर के विभिन्न क्षेत्रो में किया जा रहा है। समाज के प्रवक्ता संजीव कुमार सिंह ने बताया कि समाज की ओर से मुख्य आयोजन हसनपुरा रोड एनबीसी कम्पनी के पीछे दुर्गा विस्तार कॉलोनी के सामने कृत्रिम जलाशय में खडे होकर करेंगे।

जयपुर शहर के विभिन्न कॉलोनियों में रह रहे बिहार समाज के लोगों ने कानोता बांध, मुरलीपुरा, विश्वकर्मा, प्रताप नगर, करतारपुरा, रॉयल सिटी माचवा, बाईस गोदाम, गुर्जर की थडी, रामनगर, बडोदिया बस्ती, सैन कालोनी, बनीपार्क, सूतमिल कॉलोनी, संजय कालोनी पानी पेच, विधाधर नगर, हीरापुरा, गिरधारीपुरा 200 फीट बाई पास, गोपालपुरा, सांगानेर, हरीनगर सोडाला, बिहारी कालोनी, जमुना नगर विस्तार, पंचवटी कालोनी, किशनबाग, शास्त्री नगर, आदर्श नगर, बीस दुकान, तिलक नगर, जवाहर नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, एवं जैतापुर आदि जगह पर बिहार समाज के बैनर तले बडी धूमधाम से इस महापर्व को मनाया जाएगा। यह पर्व आज से शुरू होगा । शनिवार को खरना का व्रत होगा। रविवार को अस्ताचलगामि सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे।

## भगवान महावीर का निर्वाणोत्सव

**जयपुर** (कासं)। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2549 वां निर्वाणोत्सव मंगलवार को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर भट्टारकजी की नसियां में आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में राजस्थान जैन सभा जयपुर एवं आचार्य सुनील सागर चातुर्मास व्यवस्था समिति द्वारा मुख्य आयोजन तथा शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन हुए।

प्रात:8 बजे से राजस्थान जैन सभा जयपुर के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन एवं महामंत्री मनीष बैद एवं चातुर्मास व्यवस्था समिति के पदाधिकारियों के नेतृत्व में भगवान महावीर की अष्ट द्रव्य से संगीतमय पूजा अर्चना की गई। निर्वाण काण्ड भाषा के सामूहिक उच्चारण पश्चात भगवान महावीर के मोक्ष कल्याणक "कार्तिक श्याम अमावस शिविर पावापुरी ते वरना..." के उच्चारण के साथ जयकारों के बीच निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

आचार्य सुनील सागर ने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांतों के पालन से ही विश्व का कल्याण संभव है। सभा के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आयोजन में समाजश्रेष्ठी राज देवी, एडवोकेट रुपिन-बरखा काला द्वारा चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन किया गया।

# दलित-आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना शुरू

**जयपुर**, (का.सं.)। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने राज्य के औद्योगिक विकास में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्गों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए डॉ. भीमराव अंबडेकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना-2022 का आगाज किया है।

उद्योग आयुक्त महेंद्र पारख ने उद्योग भवन में गुरुवार को राज्य के समस्त बैंकों के राज्यस्तरीय नियंत्रक अधिकारीगणों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि जिले में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार सहित आवंटित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र व जिले की शीर्ष बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक को अपने स्तर पर निर्देशित करवाने का श्रम करें। पारख ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 25 लाख रुपए तक के ऋण पर 9 फीसद ब्याज अनुदान तथा 5 करोड रुपए तक के ऋण पर 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान के साथ ही 25 लाख रुपए तक की सीमा मैं प्रोजेक्ट लागत का 25 फीसद तक मार्जिन मनी का भी प्रावधान किया गया है जिससे अनुसूचित जाति एवं जनजाति के निवेशक नए उद्योग लगाने ,सेवा क्षेत्र में तथा व्यापार के लिए भी प्रेरित होंगे। पारख ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा की अनुपालना में विभाग ने 8 सितम्बर को अधिसूचित कर दी थी। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत लक्षित वर्गों के प्रथम पीढ़ी के उद्यिमयों सहित पात्र व्यक्तियों को उद्यम की स्थापना या विस्तार के लिए विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता अनुदान एवं अन्य सुविधाओं संबंधी प्रावधान किये गए हैं, जिससे उक्त वर्गों का आर्थिक सशक्तिकरण हो सकेगा।

आयुक्त ने बताया कि योजनान्तर्गत लक्षित वर्गो के उद्यिमयों को उद्यिमता एवं कौशल संवर्धन कार्यक्रम, इन्क्यूबेशन सेन्टर के माध्यम से प्रायोगिक प्रशिक्षण, रियायती दर पर भूमि की उपलब्धता व अन्य परिलाभ, कम लागत पर ऋण सुविधा, सीजीटीएमएमएसई के अन्तर्गत गारन्टी फीस मार्जिन मनी अनुदान, व्याज अनुदान समेत कई सुविधाएं दी जाएंगी।

■ राज्य के औद्योगिक विकास में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्गों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बनी है योजना

# 17 बीघा कृषि भूमि पर बसाई दो अवैध कॉलोनियां खुर्द-बुर्द



**जयपुर** (कासं)। जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने गुरूवार को 17 बीघा कृषि भूमि पर अवैध तरीके से बसाई जा रही 2 अवैध कॉलोनियों को खुर्द-बुर्द किया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि इकोलोजिकल जोन में खो-नागोरियान रोड पर परिवहन कार्यालय से थोडा आगे मुख्य सड़क से लगते हुए करीब 13 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। काश्तकार और भूखंड़ मालिक ने ना तो जमीन का भू-रूपांतरण कराया और न ही जेडीए से कोई निर्माण स्वीकृति ली। यहां रातोंरात चोरी छिपे ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल और कई अवैध निर्माण कर लिए गए थे। इस पर जेडीए की टीम ने गुरूवार को यहां कार्रवाई की। इसी प्रकार सांगा-सेतु पुलिया के पास, द्रव्यवती नदी से लगती हुई 4 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर भी कॉलोनी बसाने के लिए ग्रेवल-मिट्टी की सड़कें व सीवर लाइनें डाल ली थी। जेडीए ने यहां भी कार्रवाई कर अवैध निर्माण हटाए है।

# झालाना सफारी में लेपर्ड राणा ने किया नीलगाय का शिकार

**जयपुर** (कासं)। झालाना लेपर्ड सफारी की पहचान बन चुके लेपर्ड राणा ने एक बार फिर आक्रामक तेवर दिखाए हैं। बुधवार शाम राणा ने झालाना लेपर्ड सफारी मे विशालकाय नीलगाय का शिकार किया। इस दौरान लगभग 15 मिनट तक राणा और नीलगाय के बीच जंग चलती रही। आखिरकर राणा ने नीलगाय को काबू कर लिया और अपनी शाम की भूख मिटाई।

वनपाल जोगेंद्र ने बताया कि बुधवार शाम हमारी टीम जोन नंबर-3 में पेट्रोलिंग कर रही थी। अचानक राणा विशालकाय नीलगाय का शिकार करने की कोशिश करता नजर आया। जिसके बाद हम वहीं रुक गए। इस दौरान राणा लगातार नीलगाय की गर्दन और चेहरे पर वार करता रहा।

नीलगाय लेपर्ड से कई गुना बड़ी थी, जो काफी देर तक लगातार अटैक का जवाब देती रही, लेकिन लगभग 15 मिनट की भिड़ंत के बाद नीलगाय ने दम तोड़ दिया। शिकार करने के बाद राणा झालाना के जंगलों की तरफ चला गया। लेपर्ड राणा ने नीलगाय को गर्दन से करीब 15 मिनट तक अपने जबड़े में दबोचे रखा। इस बीच कई बार नीलगाय ने प्रहार कर खुद को बचाने की कोशिश की। लेपर्ड राणा ने कुछ समय से जंगल के बीच बने वॉच टावर को अपना ठिकाना बनाया हुआ है, जहां से वह अपनी टेरेटरी में हो रही हर हलचल पर भी नजर रखता है। स्वभाव से बेहद शर्मीली इस वन्यजीव प्रजाति में राणा का एग्रेसिवनेस देशभर के पर्यटकों को यहां खींच कर ला रही है। झालाना लेपर्ड सफारी के रेंजर जनेश्वर चौधरी ने बताया कि लेपर्ड अमूमन अपने से बड़े जीव पर हमला नहीं करते हैं, लेकिन राणा ने न सिर्फ हमला किया, बल्कि उसका शिकार कर अपनी ताकत दिखाने की भी कोशिश की है। इससे पता चलता है कि वह पहले से ज्यादा एग्रेसिव और ताकतवर हो गया है। बता दें कि इस साल मार्च महीने में राणा झालाना के जंगलों में लेपर्ड से लड़ाई के दौरान गंभीर घायल हो गया था। उस वक्त राणा के गले में गंभीर घाव हुआ था। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने उपचार किया। घाव से ठीक होने के बाद फिर से एक्टिव हो राणा झालाना की सल्तनत पर राज करने की तैयारी में जुटा हुआ है। वन्य जीव प्रेमी रोहित गंगवाल ने बताया कि राणा मिसेज खान का शावक है। कम उम्र में अपना वर्चस्व कायम करने में राणा झालाना में सबसे ज्यादा आगे रहता है। राणा अपने से 6 साल बड़ी मॉडल लेपर्ड लोरा के साथ मेटिंग भी कर चुका है।

## सार-समाचार

### एसीबी ऑफिस में दिवाली स्नेह मिलन



एसीबी मुख्यालय में आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह को महानिदेशक बी.एल. सोनी ने संबोधित किया।

**जयपुर** । दिवाली के त्यौंहार के बाद गुरूवार को सरकारी कार्यालय खुले। सरकारी कार्यालयों में गुरूवार को रामा-श्यामा का दौर चला । झालाना स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय में भी गुरूवार को दिवाली स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में एसीबी महानिदेशक राजस्थान बी.एल.सोनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। राजस्थान एसीबी के डीजी बी.एल. सोनी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को दीवाली और भाईदूज की शुभकामनाएं दी। उन्होंने एसीबी के कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी अच्छा काम कर रही है। जनता के प्रति एसीबी अधिकारियों और कर्मचारियों को हमेशा सहयोग ओर समर्पण का भाव रखना चाहिए ।

### 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज से

**जयपुर** । ग्रंथों और श्रेष्ठ पुस्तकों में समाहित ऋषि-मुनियों का ज्ञान घर-घर तक पहुंचाने के लिए कलश यात्रा के साथ पहली बार पुस्तक यात्रा भी निकाली जाएगी। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में कालवाड रोड झोटवाड़ा, करधनी क्षेत्र के ई ब्लॉक पार्क में 28 से 30 अक्टूबर तक होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में पहले दिन यह अनूठी यात्रा निकलेगी। महायज्ञ का शुभारंभ 28 अक्टूबर, शुक्रवार को दोपहर 2 बजे निकलने वाली कलश यात्रा और ज्ञान गंगा सद्ग्रंथ शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा में 1500 महिलाएं जहां कलश लिए चलेंगी वहीं पुस्तकों को पुस्तकालयों से निकालकर घरों में स्थापित करने और उनके नियमित स्वाध्याय की प्रेरणा देने के लिए कुछ महिलाएं और पुरूष पुस्तकें लेंकर चलेंगे। कलशयात्रा में गाडिय़ा लुहार की महिलाएं पहली बार कलश लेकर शामिल होंगी। समाज के निम्न तबके की महिलाएं पहली बार कलशयात्रा में सम्मिलित होंगी। इसके अलावा विद्यालयों के बच्चे नशा मुक्ति का संदेश देते चलेंगे। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक रणवीर सिंह चौधरी ने बताया कि शोभायात्रा करधनी के सेंट्रल पार्क से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचेगी। कलश शोभायात्रा में नशा मुक्ति, नारी जागरण सहित अनेक सजीव झांकियां भी होंगी। कृषि मंत्री लालचंद कटारिया और स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज कलश यात्रा को रवाना करेंगे।

### डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग 18 नवंबर से

**जयपुर** । डॉक्टर्स व उनके परिवारजनों के बीच लोकप्रिय डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग के चौथे सीजन का आगाज़ आगामी 18 नवंबर को होने जा रहा है जो स्पोफिट अकेडमी में 27 नवंबर तक खेला जाएगा। टूर्नामेंट के चैयरमेन डॉ.अनिल यादव ने बताया कि टूर्नामेंट के फॉर्मेट के अनुसार इसमें सीनियर टीम इवेन्ट जूनियर्स टीम इवेंट, किड्स टीम इवेंट, ओपन इवेंट में डबल्स के दबंग, मलंग और लीजेंड्स कैटेगरी की प्रतियोगिता होगी तथा डॉक्टर्स दंपतियों के जोड़ी- मैच भी आयोजित किये जाएँगे। डीबीएल को चैयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया इस बार की टूर्नामेंट में पहली बार डीबीएल ट्रायो टीम चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा जिसमें तीन खिलाड़ियों की टीम होगी। इसी क्रम में ओपन इवेंट प्रतियोगिता में डीबीएल चैलेंजर प्वाइंट का भी नव प्रयोग होने जा रहा है। टूर्नामेंट के लिए प्रतियोगियों की प्रविष्टियां आमंत्रित कर ली गई हैं तथा 28 अक्टूबर से डीबीएल ट्रायल भी शुरू कर दिए जाएँगे। चतुर्थ संस्करण डीबीएल में शहर के जाने माने हॉस्पिटल और चिकित्सकों की टीम शामिल होंगी।

### काली पूजा महोत्सव सम्पन्न

**जयपुर** । काली पूजा महोत्सव में काली पूजा समिति, महादेव नगर, 200 फीट बाइपास, रोड नंबर 5 के निकट सभी भक्तों ने भव्य पूजा पंडाल में माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। अपार जन समुदाय ने इस समारोह में माताजी के दरबार में पूजा अर्चना की। समिति की ओर से 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर को आयोजित इस महापर्व में दैनिक प्रसादी वितरण, पूजा, आरती, धुनुची नृत्य, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। इस पूजा समारोह में माता की मिट्टी की भव्य 8 फीट की मूर्ति पश्चिमी बंगाल के शिल्प कलाकारों द्वारा तैयार की गई है। समिति अध्यक्ष विद्युत बनर्जी, सचिव प्रदीप हाति और मीडिया प्रभारी सोवन दत्ता गुप्ता ने बताया कि सभी आगंतुकों ने कार्यकर्ताओं का सफल आयोजन के लिए हौसला बढ़ाया।

### नियंत्रण कक्ष स्थापित

**जयपुर**। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2020 का आयोजन 12 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक (प्रथम चरण) एवं दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक (द्वितीय चरण) तथा 13 नवम्बर (रविवार) को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक (तृतीय चरण) एवं दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक (चतुर्थ चरण) किया जायेगा। परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए कलक्ट्रेट के कक्ष संख्या 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। कलैक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि नियंत्रण कक्ष 10 से 11 नवम्बर तक प्रातः 9:30 बजे से सांय 6 बजे तक तथा 12 एवं 13 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से परीक्षा समाप्ति के बाद सभी कार्य पूर्ण होने तक रहेगा।



## Frankenstein Friday

In a little competition to see who could write the most epic horror story, Mary Shelley, her husband, Percy, and other creative friends such as the famous poet, Lord Byron, created some gory stories. And Mary Shelley's story about Frankenstein's monster was the most captivating. First published anonymously in 1818, it wasn't until the second edition in 1823 that Mary Shelley's name appeared on this gothic work of fiction. Some people also consider Frankenstein to be one of the earliest examples of science fiction.



#APPRECIATION

# Voice of the Vioceless



Tusharika Singh of Team Arbit receiving the Certificate of Appreciation from Animal Rights Activist, Mariam Abuhaideri.

In a recent Press Meet organized by the Pink City based group 'Jaipur for Animals Network', Rashtradoot's efforts in being the Voice of the Voiceless were lauded. A Certificate of Appreciation was also presented to Rashtradoot by Animal Rights Activist, Mariam Abuhaideri. On behalf of the publication, the certificate was received by Tusharika Singh of Team Arbit.

"Marshall McLuhan, a Canadian philosopher, rightly said that people don't actually read newspapers. They step into them every morning like a hot bath. And this is why it is imperative that the headlines and the story angle in matters of animals are reported fairly and without prejudice so that we can build a more empathetic India. Man-animal conflict is as much the problem of the media as it is for animal lovers. Rashtradoot has been a friend of the animals and is setting an example for its peers", said Mariam Abuhaideri on the occasion.

It is worth noting that Jaipur for Animals Network is a group of individual activists, NGOs, feeders, caregivers etc. that works for improving the condition of animals in the state of Rajasthan. In the past, Arbit has done several extensive features on such animal rights activists, NGOs, volunteer groups etc. and will continue to make earnest efforts in being the Voice of the Voiceless.

#HEALTH

# Consequences Of Teenage Alcohol

Teenagers who misuse alcohol may struggle more with drinking problems in their 20s and 30s, be in poorer health, and feel less satisfied with their lives, according to a new study with twins.

The researchers defined adolescent alcohol misuse based on responses about frequency of drunkenness, frequency of alcohol use, and alcohol problems at ages 16, 17, and 18.5. The early midlife outcomes they measured include life satisfaction, physical symptoms, and self-rated health at age 34.

Using data from questionnaires of 2,733 pairs of twins born in Finland in the late 1970s, the findingsremained consistent even after controlling for genetic and environmental factors that twin siblings share.

The outcome underscores the importance of preventative interventions targeting adolescents with alcohol misuse and mitigating health consequences later into adulthood, the researchers say.

"The longitudinal twin design is especially helpful for clarifying whether there are confounding family factors that predispose someone to both misuse alcohol in adolescence and experience poorer physical health and well-being later on in early midlife," says coauthor Jessica Salvatore, an associate professor and director of the Genes, Environments and Neurodevelopment in Addictions Program at Rutgers Robert Wood Johnson Medical School.


"This is because the twin design allows us to compare exposures and outcomes over time within the same family."

Unlike other studies of its kind that found adolescent alcohol misuse directly influences later-life substance use and mental-health related outcomes, this study found adolescent drinking may indirectly influence long-term physical health and life satisfaction rather than influencing it directly.

"Even though we observed these effects, they were somewhat modest, suggesting adolescent alcohol misuse is not the only driver of later poor physical health and life dissatisfaction," Salvatore says.

While previous studies of adolescent alcohol misuse often looked at health outcomes in young adulthood, shortly after teens are surveyed, researchers in this study examined health outcomes across multiple decades into early midlife.

"This study is unique in that it seeks to understand whether poor physical health consequences continue beyond your 20s," Salvatore says. "Our findings imply that drinking in adolescence and the consequences that follow are seen two decades later across multiple developmental stages."



With one hand inserted into the shoe it was lifted into the air and given a very meticulous dusting. Not just the top, the edge, the sole and even the under-surface were cleared of mud and any other sticky substance. The polish tin was opened and checked for dryness. If needed a few drops of glycerine were added to bring it into the right consistency. One end of the hair brush was used to pick some of the polish which was then transferred to the tip of the shoe and moved around the whole upper of the shoe.

# In search of the Cobbler and others



Dr Goutam Sen
*CTVS Surgeon*
*Traveller*
*Story teller*

#NATTY-N-SMART


There was a time in my younger days when I was considered a dapper person. People would remark on my ensemble and commend my colour combination and choice of the material. It was easier to show off in the winters. The suit with its good quality material along with a selection of colourful silk ties would catch the eye easily. What was more astounding was that I was amongst the top dressers in the staff of SMS hospital at a fairly early age. I can still name a few. - Dr P K Sethi, Dr PD Mathur, Dr Kailash Rai and Dr K N Sharma were some in the list of elegant dressers that come to my mind in a flash. I am not sure but it seems that surgeons were the natty dressers!

I think the one thing that made the real difference among these well-dressed people was the kind of foot wear they wore. According to good old inimitable Jeeves, the illustrious butler of the Blanding Castle, it was the 'shoe that maketh the man'. Besides being highly polished it was the quality of the leather that really stood out. Dr K C Jain, our teacher of anatomy, was the person to copy. His black shoes easily beat any other person hollow. We often wondered how he managed to do so. It was really an example of spit and polish. It must have been an effort which took a good half hour every day. I have watched some of the retired servicemen who lived as guards at our residence polishing their shoes. Their main armamentarium was a big tin of black polish (Either Cherry Blossom or Kiwi),a tube of polishing cream, a big brush with soft hair, a big white soft cotton cloth and a small cup full of water. With one hand inserted into the shoe it was lifted into the air and given a very meticulous dusting. Not just the top, the edge, the sole and even the undersurface were cleared of mud and any other sticky substance. The polish tin was opened and checked for dryness. If needed a few drops of glycerine were added to bring it into the right consistency. One end of the hair brush was used to pick some of the polish which was then transferred to the tip of the shoe and moved around the whole upper of the shoe.

### Brushing

The real professionals often spit on the surface before a vigorous brushing. A dull sheen was thus formed on the cover. It was allowed to set and the shoe was kept aside for a few minutes. Then began the real muscular brushing which lasted until a satisfactory sheen was achieved. This was just the beginning. The upper surface was given a vigorous rub with the white cotton cloth until the shine reached a mirror like condition. It was a minimum of five minutes before the shoe was inspected. In most shoes this is when the inspection was done to see if any spots were dull. A reapplication of polish was done on the dull areas. The toe and the heels were given special attention. This kind of an appearance was possible only in smooth leather shoes. If one went for the brogues it was the toe segment that needed the shine. The rest never reached the full polished state because of the perforations.





"After many years of picking and choosing I finally found the ideal leather slipper. Since I preferred to wear socks in winter throughout the day I needed a slipper into which I could slip my forefoot in without any impediment. My final choice was a black cross strap leather chappals made by Hush Puppies.

In my case I found it very tedious to wear laced shoes in my later life when we kept taking them off to enter the operation theatre. I switched to unlaced 'pump' shoes (Without the silk bow) and sandals. They too required a good polish. Finally good shoes were always either made to measure by an expert cobbler or a high quality shoe company. I remember how my father and uncles used to go to a special Chinese cobbler in Kolkata for their shoes. The other shopping stop was the Balujas in Connaught Place in Delhi.

When we were kids and there were more than half a dozen of us in the joint family who required black shoes for school. My eldest uncle bought a whole calf skin once and called the cobbler. We were lined up and each of us gave an outline of our rapidly growing feet on sheet of newspaper. A week later all of us had custom made black shoes. They were heavy and made a clunking noise when we walked on hard surface. But that was the beginning of our shoe buying experience.

### Ideal Leather Slipper

The footwear at home was equally important and a large variety of leather chappals were purchased according to the taste of the wearer. They varied according to the place from where they came. The standard local one was with a loop for the big toe and a broad strap across the mid foot. The leather quality varied from place to place- Kolhapuri, Mojaris,Jutis and Osho Chappal to name a few.

After many years of picking and choosing I finally found the ideal leather slipper. Since I preferred to wear socks in winter throughout the day I needed a slipper into which I could slip my forefoot in without any impediment. My final choice was a black cross strap leather chappals made by Hush Puppies. The first one I bought was nearly four years ago and is still going strong although the inner lining has begun to fray and the sheen is dull. The Lady of the House one day gave me an ultimatum. This must go and I must get a new one immediately. My abnormal 12 UK size foot is a problem. Most shoe stores have either one piece or none at all. Finally I ordered what I wanted online and it was delivered five days later. It was a perfect fit and came into use from day one.







About six weeks later I found to my utter dismay that one of the straps had come loose and would need re-stitching. I had a favourite old cobbler who sat on one street corner near Janta store. He was getting feeble and his shop was opened erratically. After two failed attempts I thought it was time to look for another. I had spotted another cobbler on the corner between Prithviraj marg and the road to the Amroodon Ka Bagh earlier. I went to him. His good old box was there with a big padlock but the man was missing. The milk dairy man in the adjoining space said that the cobbler had not been seen for quite some time. He did suggest that there was another one at the other end of the road. There too it was the box with a padlock and no cobbler. By now I was getting desperate. It seems that the pandemic had decimated our road side cobblers. I was just getting ready to go to one of the big shoe shops when I was finally directed to one in the Bagaria Bhawan market area by Nalini.

This cobbler hunt made me realise a disturbing fact. In my childhood days if anything needed to be done there was always a roadside vendor or even one mounted on a cycle to do the jobs required.

### A Rare Sight

Before the stainless steel and plastic era we used to use 'peetal'(Brass) utensils for cooking. The inner lining needed periodic 'kalai' (coating with tin alloy the surface of brass utensil). The person used to come home in about six month intervals and he was handed over about half a dozen utensil to 'Kalai'. A charcoal fire was lit and a bellow was used to heat the utensil and then the tin alloy was rubbed in with a powder to make it glow. It was a fascinating sight. Nowadays I find them only in Tripolia bazaar in front of the utensil shops. They are a disappearing breed.

The other person who made regular visits to our home was the grinder with his grinding wheel and whetstone. All the knives and sharp instruments like scissors and garden shears were given to him. I watched him hold the sharp blade at a specific angle to sharpen. Sparks would fly as the metal was rubbed against the rotating stone wheel. I used to find at least one near the open area outside Chandpole gate. Nowadays this chap too is a rare sight. With the era of ceramic knives the sharpeners of knives are less in demand. They too are a disappearing breed. I am sure each of us has memories of the key makers in the Chaupad where we took our locks for new keys. Only one or two are seen now.

The era of disposables has been responsible for the decline or even complete disappearance of these itinerant tradesmen. I miss them. They were skilled people who were fun to watch and I often learned tricks of the trade from them. Much later in life as a surgeon when I used to shave thin wedges of skin for grafting my cut throat razor needed frequent sharpening. I learnt how to do the rotatory and side to side movement from the grinder. The leather stropping I picked up from the barber.

I miss them all. The skilled worker who came to our doors to do all these small jobs is a big part of my early memories.

writetoarbit@rashtradoot.com



#EVENT

# The Sun Was Eaten



Throughout history, eclipses have been seen as a disruption of the natural order, and many groups have believed them to be bad omens.

Without a scientific explanation, the darkening of the Sun (or Moon) during an eclipse would be a startling event, to say the least. Throughout history, eclipses have been seen as a disruption of the natural order, and many groups have believed them to be bad omens. Many ancient (and not so ancient) peoples had spiritual explanations for solar and lunar eclipses to help them make sense of these seemingly inexplicable and random phenomena.



But thanks to the advancement of science and technology and to the scientists and researchers for years of their dedicated work, we now know what exactly these eclipses mean.

To spread more awareness and to curb the enthusiasm of knowledge seekers, the last partial solar eclipse of the year had a cinematic opening in Jaipur.

On Tuesday, October 25, a program for observing a partial solar eclipse was organized in Jaipur in the Surya Mandir courtyard. This eclipse was seen by hundreds of people through special glasses. This eclipse was also projected on the screen by telescope. The program was organized by Department of Science and Technology, Science Park in association with Jayapushya Astronomy Society.

### Enthralling Affair

The enthusiasm of the residents of Jaipur was enthralling. Tourists like Ellen and Theo came from America to see the Sun Temple and were excited to see the eclipse.Not only this, some tourists also came from Italy and Turkey who enjoyed this magnificent view. Society President Govind Dadhich and his associates Rahul Sharma and Priti Vaishnav informed all the people present at the venue about the importance of this eclipse and the right way to observe it. Shri Kailash Mishra ji, Curator of Science Park told that it was organized under Astro Night Tourism Which will create awareness and knowledge about the eclipse and remove the superstition associated with it.

But such enlightening opportunities were not available to our ancestors. Let's dive a little deep to know how our ancestors saw these eclipses.

Read on to learn some of these theories from around the world.

### Chinese

In ancient China it was commonly held that solar eclipses occurred when a celestial dragon attacked and devoured the Sun. Chinese eclipse records are some of the oldest in the world and go back more than 4,000 years; at least one simply states "the Sun has been eaten." To frighten away the dragon and save the Sun, people would bang drums and make loud noises during an eclipse. Since the Sun always returned after this ruckus-making, it is easy to see how the tradition was perpetuated. Interestingly, it seems the ancient Chinese were not particularly bothered by lunar eclipses, and one text from about 90 BCE dismisses them as "a common matter."

### India

Ancient Hindu mythology provides a rather graphic and disturbing explanation for solar eclipses. According to legend, a cunning demon named Rahu sought to drink the nectar of the gods and thus attain immortality. Disguised as a woman, Rahu attempted to attend a banquet of the gods and was discovered by Vishnu. As punishment, the demon was promptly beheaded, and it is his decapitated head flying across the sky that darkens the Sun during an eclipse.

Some versions say that Rahu was actually able to steal a sip of the nectar but was beheaded before the elixir reached the rest of his body. His immortal head, in perpetual pursuit of the Sun, sometimes catches and swallows it, but the Sun quickly reappears, as Rahu has no throat.


### Egyptian

Surprisingly, ancient Egyptians did not leave any explicit records detailing solar eclipses, though such an event would undoubtedly have been observed by these astronomy-savvy sun worshippers. Some scholars have suggested that perhaps eclipses were highly distressing and were deliberately left unrecorded so as to not "endow the event with a degree of permanence" or tempt the sun god Re (Ra). One Egyptologist has suggested that various references to an apparently metaphorical form of blindness align with historical eclipse dates and may be symbolic records of these events. Or perhaps papyrus records were simply lost to time.

*-Shruti Kothari*




THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पटेल मैदान का मुख्यद्वार बनाने के लिए तन्दूर रेस्टोरेंट हटाया

## जेसीबी से ध्वस्त किया रेस्टोरेंट, भारी पुलिस जाप्ता रहा तैनात

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत पटेल मैदान में 42.95 करोड़ की लागत से पटेल मैदान में खेल सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत बास्केटबॉल, लॉनटेनिस कोर्ट, टेबल टेनिस, बेडमिंटन कोर्ट का पुर्नरूद्वार किया जा रहा है।

स्मार्ट सिटी द्वारा पटेल मैदान के पुनर्रूद्धार कार्यों के तहत इंडोर स्टेडियम के मुख्य द्वार जिसमें आने जाने के लिए अलग-अलग द्वार बनाए जा सके जिसकी प्लानिंग स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा की गई थी। मुख्य द्वार से आने-जाने एवं पार्क विकसित किए जाने की प्लानिंग की गई थी। मुख्यद्वार के पास ही तन्दूर रेस्टोरेंट आ रहा था। जिसको हटाने के लिए मूलचंद चौहान इंडोर स्टेडियम कमेटी अजमेर को कहा गया था। कमेटी अध्यक्ष के निर्देशों की अनुपालना में कमेटी द्वारा गुरूवार को तन्दूर रेस्टोरेंट को हटा दिया गया है। इसके साथ ही पटेल स्टेडियम के मुख्यद्वार बनाने का कार्य भी आरंभ किया जा सकेगा।

गुरुवार सुबह 8 बजे स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अभियंताओं की टीम मौके पर पहुंची, टीम के अधिकारियों ने कार्रवाई के दौरान पटेल मैदान के सभी एंट्री गेट बंद कर दिए। कार्यवाही के दौरान मौके पर कोतवाली थाना प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा। लगभग आधे घंटे तक चली कार्रवाई में जेसीबी की मदद से रेस्टोरेंट को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि अजमेर नगर निगम ने भी इंडोर स्टेडियम में संचालित इस रेस्टोरेंट को अवैध मानते हुए विगत दिनों रेस्टोरेंट के संचालक को नोटिस जारी कर तीन दिन में रेस्टोरेंट खाली करने निर्देश दिए थे, लेकिन रेस्टोरेंट संचालक यशपाल सिंह ने 1 अक्टूबर को अदालत में याचिका दायर कर नगर निगम के नोटिस पर 18 अक्टूबर को अदालत से स्टे आदेश प्राप्त कर लिया था। अदालत में दोनों पक्षों को सुनने के बाद और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद नगर निगम को मूलवाद का निस्तारण होने तक किसी भी प्रकार की बेदखली की कार्रवाई नहीं करते हुए यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे। जबकि स्मार्ट सिटी लिमिटेड अधिकारियों का कहना रहा कि रेस्टोरेंट पर उन्हें स्टे आदेश के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

वहीं रेस्टोरेंट संचालक यशपाल सिंह ने कार्रवाई का विरोध भी किया। सिंह का कहना रहा कि यह कार्रवाई सीधे तौर पर अदालत के आदेश के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि उन्हें बिना कोई नोटिस दिए या बिना सूचित किए यह कार्रवाई की गई है। इस कारण रेस्टोरेंट में रखा 15 लाख का सामान भी नष्ट हो गया। सिंह ने कहा कि स्मार्ट सिटी अजमेर लिमिटेड की कार्रवाई को अदालत में चुनौती भी देंगे।



इंडोर स्टेडियम में बने तंदूर रस्टोरेंट को ध्वस्त करती जेसीबी।

- **रेस्टोरेंट संचालक ने कार्रवाई का विरोध भी किया**
- **मैदान में खेल सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है**

# पुष्कर में थार जीपों की अवैध दौड़ को बंद कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन

## पुरोहित और दुकानदारों ने ब्रह्मा मंदिर के बाहर धरना प्रदर्शन किया



ब्रह्मा मंदिर के पास धरना प्रदर्शन करते हुए पुष्कर के तीर्थ पुरोहित एवं स्थानीय लोग।

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर में बीते लम्बे समय से दौड़ रही अवैध थार जीपों के कारण आए दिन दुर्घटना के चलते पुरोहितों वह दुकानदारों में जबरदस्त आक्रोश उत्पन्न हो रखा है। पुरोहितों स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने बाजार बंद करके ब्रह्मा मंदिर के बाहर धरना प्रदर्शन करके आंदोलन किया।

स्थानीय पुरोहितों और दुकानदारों ने कई बार प्रशासन वह पुलिस को अवैध रूप से दौड़ रही थार जीपों को बंद करवाने की मांग की लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर ने लगभग 3 बार जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकर्षित करवाया लेकिन प्रशासन ने पाराशर की एक नहीं सुनी। जिला पुलिस अधीक्षक के एक परिवार भी दर्ज कराया और बताया था कि पुष्कर में थार जीप में बहुत तेजी से दौड़ रही है उनको तुरंत रोका जाए लेकिन पुलिस ने बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया। जिसकी वजह से लगातार पुष्कर में थार जीप बढ़ती ही गई और लगातार 8 महीने में कई घटनाएं घट गई इसके बावजूद पुलिस प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर सका।

बुधवार की शाम को भी तेज गति से स्टंटबाजी करती आ रही अवैध थार जीप ने एक बार फिर सामने से आ रही मोटरसाइकिल के टक्कर मार दी जिससे 3 साल के एक बच्चे की मौत हो गई। इलाज के दौरान मासूम के बड़े पिताजी की भी दर्दनाक मौत हो गई जिसके चलते स्थानीय पुरोहितों लोगों और दुकानदारों में जबरदस्त आक्रोश उत्पन्न हो गया और सभी ने कहा कि आए दिन हो रहे हादसों के बावजूद भी प्रशासन और पुलिस अवैध रूप से दौड़ रही थार जीपों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है।

इसी के चलते आज पुरोहितों स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने बाजार बंद करके ब्रह्मा मंदिर के बाहर धरना प्रदर्शन करके आंदोलन किया मामले की जानकारी मिलते ही सीआई डा रवीश सामरिया मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और उन्होंने सभी से वार्ता की इस दौरान एसडीएम सुखराम पिंडेल और सीआई डॉ रवीश सामरिया ने कहा कि 2 दिनों के अंदर सभी थार जीपों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं तीर्थ पुरोहित संघ के अध्यक्ष लाडू राम शर्मा ने कहा कि अगर 2 दिनों के अंदर अवैध रूप से दौड़ रही थार जीपों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो स्थानीय पुरोहित और दुकानदार उग्र आंदोलन करेंगे जिसके जिम्मेदार प्रशासन एवं पुलिस होगी। इस दौरान काफी संख्या में स्थानीय लोग पुरोहित और दुकानदार धरने पर मौजूद थे।

पुष्कर के थानाधकारी डॉ रवि सांमरिया ने बताया कि 2 दिनों के अंदर अवैध रूप से दौड़ थार जीपों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

तीर्थ पुरोहित संघ के अध्यक्ष लड्डू राम शर्मा ने बताया कि 2 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो कुछ कर मिलेगा बहिष्कार किया जाएगा। पुष्कर में काफी संख्या में अवैध थार जीप दौड़ने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं प्रशासन और पुलिस को बार-बार मांग करने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं की गई अगर 2 दिनों के अंदर इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

भाजपा के नेता एवं तीर्थ पुरोहित ओमप्रकाश पाराशर ने बताया कि अवैध रूप से दौड़ रही थार जीपों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए अन्यथा पुष्कर वासी उग्र आंदोलन करेंगे। तीर्थ पुरोहित व कांग्रेस के नेता वैधनाथ पाराशर पुष्कर में दौड़ रही जीपों के खिलाफ प्रशासन और पुलिस के द्वारा सख्त कार्रवाई की जाए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कौशल मुखिया, बिट्टू शर्मा, गिरिराज पाराशर, दीपक पाराशर, चेतन खत्री, दीपक राजगुरु, बुलेट राजा, लखन सर वाडिया, राजेश पाराशर, अशोक पाराशर, जम्मू सहित सैकड़ों युवा एवं तीर्थ पुरोहित मौजूद थे।

- **स्वेच्छा से व्यापारियों ने किया बाजार बंद**
- **प्रशासन और पुलिस ने 2 दिन का दिया आश्वासन**

# दो चचेरे भाइयों ने दादा को मौत के घाट उतारा

**सिंघाना, (निसं)।** थाना इलाके के सावंलोद गांव में रिश्ते का खून होने का घटनाक्रम सामने आया है। दो पोते ने कहासुनी में आपा खोते हुए अपने सगे दादा को हॉकी व चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया। हमले में चाचा व बहन को भी घायल कर दिया। दोनो आरोपी फरार हो गए हैं। घटना के संबंध में नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

थानाधिकारी भजनाराम ने बताया कि सांवलोद निवासी अमित उर्फ बंटीया व मनीष शराब के नशे में घर आकर अमित के पिता सुभाष उर्फ संजय से झगड़ा करने लगे। मारपीट करने लगे तो बहन मनीष की बहन मनीषा व नागेश बीच बचाव करने लगे तो उनके साथ भी मारपीट शुरु कर दी। तीन घर के कमरों में अपने आप को बंद कर बचाव किया। शौर शराबा सुनकर दादा होशियारसिंह (86) अपने पौतों को समझाने लगे तो पोते अमित व मनीष ने हॉकी व चाकू से हमला कर दिया। घायल दादा को अस्पताल लाया गया, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आरोपी अमित झालावाड़ पुलिस से बर्खास्त कांस्टेबल हैं। मामले में संजय ने अपने बेटे अमित व भतीजे मनीष के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया हैं। अपने ही दादा की हत्या करने वाला पोता अमित झालावाड़ पुलिस में कार्यरत था। जिसे 29 जून 2022 को ड्यूटी प्रति लापरवाही करने पर बर्खास्त कर दिया था। दीवाली पर घर आया हुआ था। अमित की मां बसंती देवी पदमपुरा (सुलताना) के राजकीय स्कूल में अध्यापिका हैं।

मां-बेटे को पहले भी हो चुकी है जेल:- आरोपी अमित व उसकी मां बंसती देवी जेल जा चुके हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अमित की पत्नी ने अपने पति व सास के खिलाफ हरियाणा में दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था। मामले में अमित व उसकी मां की गिरफ्तारी हुई थी।

आरोपियों की तलाशी के लिए एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देश पर चार टीमों का गठन किया है। जिसमें बुहाना डीएसपी मुकेश चौधरी, थानाधिकारी भजनाराम चौधरी, एएसआई धूड़सिंह व एएसआई सूबेसिंह के नेतृत्व में टीमें गठित की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। बुहाना डीएसपी मुकेश चौधरी का कहना हैं कि आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगी हुई है।

## वीरांगना के साथ की मारपीट

**गुढ़ागौड़जी, (निसं)।** थाना इलाके के बड़ की ढाणी निवासी एक वीरांगना से परिवार के लोगों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया हैं। अब वीरांगना से मारपीट के वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीरांगना ने इस सम्बन्ध में सुसराल पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाते हुए गुढ़ागौड़जी थाने मामला भी दर्ज करवाया गया है। जानकारी के अनुसार बड़ की ढाणी निवासी फौजी संदीप की वीरांगना भारती ने रिपोर्ट में बताया कि उसके पति संदीप कुमार भारतीय सेना में थे। उनकी 28 मार्च 2022 को हादसें में मौत हो गई थी।

# मनरेगा योजना में निविदा प्रक्रिया में धांधली का आरोप

**अरांई, (निसं)।** मण्डावरिया पंचायत में मनरेगा योजना के तहत सामग्री आपूर्ति निविदा में मिलीभगत का आरोप लगाया है। संवेदकों ने विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निविदा को निरस्त करवाने की मांग की है।

छोटू गोदारा, जेपी घासल, जगदीश प्रसाद, सत्यनारायण गोरा, आशीष सोनी सहित संवेदकों ने ज्ञापन में बताया कि मण्डावरिया पंचायत में मनरेगा योजना एवं अन्य योजनाओं में निर्माण सामग्री आपूर्ति के लिए निविदा जारी की गई थी। निविदा फार्म डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर थी। जिनकी डिमाण्ड ड्राफ्ट तथा शपथ पत्र बुधवार को प्रातः 11 बजे तक जमा किए जाने थे। संवेदकों ने बताया कि बुधवार को तय समय से पहले संवेदक ग्राम पंचायत डीडी व शपथ पत्र जमा करवाने के लिए पंचायत मुख्यालय पहुंचे। मगर पंचायत भवन पर ताला जडा हुआ था। संवेदकों ने इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी जितेन्द्र सिंह को कई दफा दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की।

आरोप है कि ग्राम विकास अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया। ज्ञापन में बताया कि जिला परिषद अजमेर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमन्त स्वरूप माथुर को दूरभाष पर निविदा प्रक्रिया में मिलीभगती से अवगत करवाया गया है। संवदेकों ने बताया कि निर्धारित समय तक ग्राम विकास अधिकारी पंचायत मुख्यालय नहीं पहुंचे। इससे डीडी व अन्य आवश्यक दस्तावेज पंचायत में जमा नहीं किए जा सके है। संवेदकों ने आरोप लगाते हुए बताया कि चहेतों को लाभ पहुंचाने की नीयत से निविदा में अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने विकास अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में निविदा को निरस्त करवाने की मांग की है।



अरांई के मण्ड़ावरिया में पंचायत के बाहर विरोध जताते हुए संवेदक।

## भजन कार्यक्रम में मधुमक्खियों का हमला

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती बोरुंदा कस्बे में गुरुवार को भजन कार्यक्रम के बीच मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। मधुमक्खियों के हमले से कार्यक्रम एक बार अफरा-तफरी मच गई लोगों ने भाग कर मधुमक्खियों से पीछा छुड़ाया। तब तक मधुमक्खियों ने करीब दो दर्जन लोगों को डंक मार दिए। इस कारण कई लोगों की तबीयत खराब हो गई।

कुछ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बोरुंदा कस्बे की न्यू कॉलोनी में जलदाय विभाग के पास एक धार्मिक आयोजन चल रहा था। भजन कीर्तन व प्रसादी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग एकत्र थे। तब समीप के एक पेड़ पर बने मधुमक्खियों के छत्ते को किसी ने छेड़ दिया। इससे आक्रोशित हो मधुमक्खियों ने वहां मौजूद लोगों पर हमला बोल दिया। वहां मौजूद लोगों में से तबीयत खराब होने पर करीब दो दर्जन लोगों को राजकीय रूप सुकून चिकित्सालय ले जाया गया। उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई।

# प्रधानमंत्री मोदी की मानगढ़ यात्रा को लेकर तैयारियों का जायजा लिया



प्रधानमंत्री की सभा की तैयारियों का केन्द्रीय मंत्री मेघवाल व नेता प्रतिपक्ष कटारिया ने जायजा लिया।

**उदयपुर, (निस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 1 नवंबर को बांसवाडा के मानगढ धाम में आयोजित आम सभा की तैयारियों को लेकर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने जायजा लिया। इनके अलावा संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, संभाग प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज मीण, बांसवाडा सांसद कनकमल कटारा, कृष्णा कटारा जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह राव, पूर्व सांसद धन सिंह रावत सहित जिला पदाधिकारी आदि ने समारोह स्थल का मुआयना कर व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

## सांसद रंजीता ने सीएम से इस्तीफा मांगा

**भरतपुर, (निस)।** सांसद रनजीता कोली ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से की इस्तीफा देने की मांग की। उन्होंने कहा आप के राज में बहन बेटियों को स्टांप पेपर पर भेड़ बकरियों की तरह बेचा जा रहा है और आप हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। भरतपुर सांसद रंजीता कोली ने भीलवाड़ा में जातीय पंचायत द्वारा बहन बेटियों को गुलाम बनाने के मामले को लेकर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है।

सांसद रंजीता कोली ने प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी से जवाब मांगा और कहा कि आप कहते हो कि लड़की हूं लड़ सकती हूं। इस तरह का नारा आपके द्वारा दिया जाता है। लेकिन राजस्थान में बहन बेटियों के साथ जातीय पंचायत बनाकर जुल्म का कहर ढाया जा रहा है और उनकी जिंदगी नर्क बनाई जा रही है। क्या इस मामले को लेकर आपने कभी राज्य सरकार से जवाब मांगा है। ऐसे में सांसद रंजीता कोली ने कहा कि सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से इस्तीफा ले लेना चाहिए।

# बदमाशों के लिए काल बने झुंझुनूं एसपी मृदुल कच्छावा

## राकेश झाझड़िया मर्डर मामले में तीन और आरोपी गिरफ्तार

**झुंझुनूं, (निसं)।** राकेश झाझड़िया हत्याकांड के आरोपियों के लिए एसपी मृदुल कच्छावा सबसे बुरे दिन लाने वाले अफसर साबित हो गए है। हत्याकांड में शामिल आरोपी ना केवल छुपते फिर रहे हैं बल्कि जब पुलिस से भागते -भागते पैसे खत्म हो गए तो कोई चाय की दुकान में कप धोते मिल रहा है। तो कोई टॉयलेट साफ करते हुए पकड़ा जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में अब तीन और बदमाशों की गिरफ्तारी की है। जो पहले तो पुलिस से छुपते छुपते कभी ऋषिकेश गए तो कभी हरिद्वार मसूरी भी घूम लिए। पर जब पैसे खत्म हुए और पुलिस की सख्ती बरकरार थी तो दिल्ली में सुलभ शौचालय में टायलेट सफाई का काम करने लग गए लेकिन पुलिस दिल्ली में डेरा डाले आरोपियों की धरपकड़ में थी। एसपी मृदुल कच्छावा ने तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी प्रेस वार्ता में दी। साथ में कई चौंकाने वाले खुलासे भी किए।

एसपी ने बताया कि बदमाशों की हालत इतनी बदतर हो गई कि उन्होंने पेट भरने और खुद की पहचान छुपाने के लिए दिल्ली में एक ठेकेदार से संपर्क किया और सुलभ शौचालयों में सफाई करने लग गए। ये बदमाश बजावा रावत का हाल गुढ़ा मोड़ झुंझुनूं निवासी हिस्ट्रीशीटर रवि बलौदा, मालसर निवासी दिनेश मालसरिया तथा केहरपुरा कलां निवासी मंजीत झाझड़िया है। जिन्हें झुंझुनूं पुलिस ने दिल्ली की स्पेशल सैल तथा स्थानीय पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया। अब तक इस मामले में 14 जनों की गिरफ्तारी हो चुकी है। शेष आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें लगातार काम कर रही है।

एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि दिल्ली में पकड़े गए तीनों आरोपियों पर पुलिस ने पांच पांच हजार रूपए का ईनाम घोषित किया हुआ था। झुंझुनूं पुलिस ने मुखबिर और अपने तकनीकी माध्यमों से यह सूचना संकलित कर ली थी कि बदमाश दिल्ली में ही हैं। पुलिस को सूचना मिली की सुलभ शौचालय में साफ-सफाई के काम में लगे हुए है। उसके साथ ही बदमाशों को भी भनक लगने पर वे भागने की फिराक में थे। तब झुंझुनूं पुलिस ने दिल्ली स्पेशल सेल और दिल्ली की स्थानीय पुलिस की मदद से तीनों को दबोचा।

एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में सामने आया है कि राकेश झाझड़िया की गब्बर गैंग के साथ पुरानी रंजिश थी। छात्रसंघ चुनावों में यह रंजिश और ज्यादा बढ गई। राकेश झाझड़िया से मारपीट कर उसे चेताने का प्लान आरोपियों का था लेकिन मारपीट करने वालों की संख्या इतनी ज्यादा अधिक थी और चोटें भी गंभीर दी गई। जिससे राकेश की मृत्यु हो गई। दोनों पक्षों से पूर्व में भी कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज है।



राकेश झाझड़िया हत्याकाण्ड के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

- **तीनों आरोपी दिल्ली में टॉयलेट साफ करते हुए मिले**

## फंदे पर झूलता मिला विवाहिता का शव

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर के सराय गजरा मोहल्ले में गुरुवार दोपहर को विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। घटना से परिजनों में हाहाकार मच गया। घटना की सूचना मिलते ही निहालगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जिसने मौका मुआयना करने के बाद विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवाया। जिसके बाद मृतका के पीहर पक्ष को अवगत कराया। जिसके बाद वे तुरंत अस्पताल पहुंचे। जानकारी के मुताबिक सराय गजरा मोहल्ले धौलपुर में गुरुवार को दोपहर करीब 25 वर्षीय विवाहिता आसमा पत्नी जावेद का शव कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता मिला।

मामले को लेकर मृतका के पिता रजुआ निवासी पुरैनी ने बताया कि 5 साल पूर्व उन्होंने अपनी पुत्री आसमा की शादी सराय गजरा धौलपुर निवासी जावेद के साथ हैसियत के मुताबिक दहेज और नगदी देकर की थी। शादी के कुछ दिन बाद ही बेटी आसमां के साथ दहेज लाने का दबाव बनाया जाने लगा। दहेज के लिए बेटी के साथ मारपीट कर यातनाएं भी दी जाती थी। जिस पर कई बार पंचायत भी हुई लेकिन ससुराली जन नहीं माने और गुरुवार को फांसी का फंदा लगाकर हत्या कर दी।

# पुष्कर पशु मेले पर लगी रोक हटाने की मांग

**अजमेर, (कास)।** राज्य सरकार द्वारा पुष्कर में भरने वाले विश्व प्रसिद्ध पशु मेले के आयोजन पर लगाई रोक हटाने की मांग को लेकर गुरुवार को अजमेर शहर भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम का ज्ञापन सौंपकर अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर के पशु मेले के आयोजन की मांग की।

पुष्कर में पशु मेले के आयोजन पर राज्य सरकार द्वारा लगाई गई रोक हटाने की मांग को लेकर गुरुवार को भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और सांसद भागीरथ चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर अंशदीप को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम का ज्ञापन सौंपा। जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में सांसद भागीरथ चौधरी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर पशु मेला बड़े धूमधाम से आयोजित किया जाता है, उन्होंने कहा कि एक तरफ कोरोना संक्रमण काल के दो वर्षों में भी पशु मेले का आयोजन नहीं हुआ, जबकि इस बार प्रदेश भर में गौवंश में फैली लंपी रोग के चलते राज्य सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर पशु मेले के आयोजन पर रोक लगाने से पशुपालकों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई है। उन्होंने कहा कि पुष्कर मेले में प्रदेश सहित देशभर से पशुपालक अपने पशुओं की खरीद फरोख्त के लिए आते हैं। आने वाले पशुपालकों को आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ेगा, जिससे पुष्कर के पर्यटन विकास को भी नुकसान होगा। सांसद ने बताया कि प्रदेश में गौवंश में फैला लंपी रोग लगभग शून्य हो चुका है तथापि लंपी रोग गोवंश में पाया गया था, जबकि अंतरराष्ट्रीय पुष्कर पशु मेले में हमेशा ऊंट, घोड़े और बैल आदि की ही खरीद-फरोख्त होती है।

सांसद चौधरी ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मांग की है कि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए हैं, पर्यटन उद्योग को हो रहे भारी नुकसान व स्थानीय व्यापारियों की खराब आर्थिक स्थिति को देखते हुए पुष्कर में भरने वाले पशु मेले पर लगाई गई अस्थाई रोक को हटा कर विधिवत रूप से अंतरराष्ट्रीय पुष्कर पशु मेले का आयोजन किया, जिससे कोरोना संक्रमण काल के दो वर्षों में आर्थिक मार झेल रहे स्थानीय व्यापारियों, आमजन व पर्यटन उद्योग को रोजगार व बढ़ावा मिल सके।

## संक्षिप्त

### श्रीजी मंदिर में अन्नकूद प्रसादी बांटी

**निवाई, (निसं)।** श्री चारभुजा नाथ मंदिर में अन्नकूट प्रसाद महोत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भगवान एवं प्रसादी की झांकी सजाई गई। इस दौरान पुजारी गोविन्दनारायण पाराशर ने महाआरती करते हुए भगवान को व्यंजनों का भोग लगाया। प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। उल्लेखनीय हैं कि अन्नकूट में सभी सब्जियों को मिलाकर प्रसाद बनाया जाता है। इस दौरान भजन-कीर्तन भी किए गए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के संर्कितन करके अन्नकूट की प्रसादी ली।

### समीक्षात्मक बैठक आज

**दौसा, (निसं)।** दौसा विधायक एवं कृषि विपणन एवं सम्पदा राज्य मंत्री मुरारी लाल मीना की अध्यक्षता में 28 अक्टूबर को प्रात: 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभा भवन में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की जावेगी। जिसमें दौसा के विकास कार्यों की समीक्षा की जावेगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवचरण मीना ने बताया कि बैठक में राजस्व विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, स्वायत्त शासन विभाग, वन विभाग एवं ईसरदा जल परियोजना आदि की समीक्षा की जावेगी।

### बाढ़ सीनियर टीम 6 रनों से जीती

**निवाई, (निसं)।** जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बाढ़ सीनियर टीम ने राधाकिशनपुरा सीनियर टीम को 6 रनों से हराकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पहुंची है। सचिव एवं कप्तान रामचन्द्र मीणा ने बताया कि दिनेश मीणा मैन ऑफ द सिरिज, धर्मेश मीणा बेस्ट बेट्समैन व महेशकुमार मीणा बेस्ट बॉलर रहें। जिनको ट्राफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानीत किया गया।

### सर्पदंश से किशोरी घायल

**मालपुरा, (निसं)।** शनिवार को मांदोलाई गांव में मकान के पीछे धूप में कपड़े सुखा रही सोनिया पुत्री महावीर जांगिड सांप के काटने से अचेत हो गई। जिसे मालपुरा अस्पताल से उपचार के बाद जयपुर रैफर किया गया।

# मंत्रोच्चारण के साथ 31 फीट लम्बे गोवर्धन की पूजा की

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर श्री अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में लालसोट विकास मोर्चा के तत्वावधान में हर साल की तरह सामूहिक गोवर्धन की पूजा पूरे हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ संपन्न की गई।

सूर्य ग्रहण के कारण इस बार तिथि से एक दिन बाद हुई इस सामूहिक 31 फीट लंबे गोवर्धन की पूजा में नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र, वाइस

- लालसोट विकास मोर्चा के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ

चेयरमैन संतोष स्वामी, प्रदेश स्वायत शासन संस्था के उपाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र, लालसोट विकास मोर्चा के अध्यक्ष शिव शंकर जोशी, लालसोट विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रहे रामविलास मीणा डूंगरपुर आदि मौजूद रहे। गोवर्धन महाराज की सामूहिक पूजा आचार्य राजेश खंडेलवाल उनके आचार्यों द्वारा किए गए मंत्रोचार के साथ संपन्न हुई।



लालसोट में 31 फीट लम्बे गोवर्धन महाराज की सामूहिक पूजा की।

इस सामूहिक गोवर्धन महाराज की पूजा में नगर पालिका क्षेत्र के लोगों सहित उपखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने भाग लिया। गोवर्धन महाराज की 31 फीट लंबी गाय के गोबर से बनी प्रतिमा का महिलाओं द्वारा विशेष पूजा अर्चना करने के साथ मनोतिया मांगी गई। सामूहिक तौर पर पारंपरिक दही बिलोने की रई से गोवर्धन महाराज के उदर में बिलोने के साथ इस सदियों पुरानी परंपरा को पूरे विधि विधान के साथ पूरा किया गया। इस गोवर्धन पूजा कार्यक्रम के दौरान शंभू लाल कुईवाला, रामचरण बौहरा, पार्षद अदिति शर्मा, अशोक चौधरी, सुनील चतुर्वेदी सहित कई पार्षद जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र से आए हुए कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पोक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि युवक किशोरी के माता पिता को जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।

प्रागपुरा थाना क्षेत्र में किशोरी के पिता ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि पड़ोसी दुकानदार युवक ने माता पिता को जान से मारने की धमकी देकर अपहरण कर धमकाकर उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया।

वहीं मामले की जानकारी देते हुए प्रागपुरा पुलिस ने बताया कि रात्रि 11 बजे किशोरी के घर पर नहीं मिलने पर परिजनों द्वारा प्रागपुरा पुलिस को सूचित किया गया। जिस पर पीड़ित परिजनों द्वारा तलाश करने पर एक गोदाम में मिली। पीड़ित परिजनों द्वारा उसे 3 बजे घर लाया गया।

वहीं प्रागपुरा पुलिस ने मामले में पोक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी युवक को भी पकड़ने का प्रयास कर रही है।

वहीं विराटनगर डीएसपी संजीव चौधरी ने बताया कि मामले की सूचना पर मौके पर पहुंचकर पीड़िता का मेडिकल करवाकर परिजनों व पीड़िता के बयान दर्ज कर पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश की जा रही है जिसे जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### सुड्डा दंगल आयोजित

**अलवर, (निसं)।** ग्राम पंचायत इटैडा में सर्व समाज की ओर से बुधवार को सुड्डा दंगल का आयोजन किया गया। इस मौके रामसिंह मीणा सहित कई कलाकारों द्वारा धार्मिक संस्मरण गायकी के माध्यम से श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कठूमर विधायक बाबूलाल बैरवा, राजगढ-लक्ष्मणगढ विधायक जौहरीलाल मीणा रहे। विशिष्ट अतिथि विधायक पुत्र अमिताभ बैरवा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इटैडा सरपंच लीलावती चौधरी ने की। कठूमर विधायक ने अपने संबोधन में दो घोषणाएं की जिसमें इटैडा की रा.उ.मा.विधालय की चारदीवारी बनवाने व इटैडा से खदानिया तक सडक निर्माण की घोषणा की। इस मौके पर निजी सचिव वीरू बैरवा, इटैडा सीएचसी प्रभारी डॉ ममता मीणा, पी सी सी सदस्य पिंकू शर्मा, जगराम वैध, सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र चौधरी, संतोष कैरव बसेठ, संजय गुर्जर, बृजेश चौधरी, राजेश गुर्जर, चम्पालाल मीणा, पूरण मीणा, रामोतार शर्मा, धर्मपाल यादव,रवि एडवोकेट सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# सांसद राठौड़ ने उप स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास किया

**सांभरझील, (निसं)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने गुरूवार को विधानसभा फुलेरा की ग्राम पंचायत अनंतपुरा में राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास किया और ग्राम पंचायत में विकास कार्य के लिए सांसद कोष से 7 लाख रूपये देने की घोषणा की।

इस दौरान क्षेत्रीय विधायक निर्मल कुमावत भी उनके साथ मौजूद रहे। कर्नल राज्यवर्धन ने उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भूमि दान करने वाले भामाशाह का भी सम्मान किया। इसके बाद उन्होंने धानोता (शाहपुरा) पहुंचकर श्रीभोमियाजी रात्रिकालीन विशाल कबड्डी महासंग्राम-2022 का शुभारम किया। इस अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन ने भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय जनता को सम्बोधित करते हुए कहा भारत एक लोकतांत्रिक देश है, लोकतंत्र में जनता द्वारा चुनी हुई सरकार का मुख्य काम जन कल्याण के कार्य करते हुए



जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने फुलेरा की ग्राम पंचायत अनंतपुरा में उप स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास किया।

गांवों की प्रगति, युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना होता है। वर्तमान समय में केन्द्र की मोदी सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है, केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आम आदमी का जीवन आसान बन रहा है।

दूसरी तरफ प्रदेश की कांग्रेस सरकार जन हित और विकास कार्यों को

- विकास कार्य के लिए सांसद कोष से 7 लाख रूपये की घोषणा की

भूलकर अपनी कुर्सी बचाने में लगी हुई है। राज्य सरकार केन्द्र सरकार की योजनाओं को नीचे तक पहुंचाने में रोड़ा अटका रही है। 2018 के बाद से ग्राम पंचायतों के विकास का पैसा रोक रखा है जिससे गांव में विकास कार्य ठप हो गए। जल जीवन मिशन योजना के तहत मोदी ने 2024 तक देश के हर घर में नल से पीने का पानी पहुंचाने का संकल्प लिया। इसके तहत देशभर में तेज गति से कार्य हो रहा है लेकिन प्रदेश में कार्य बहुत धीमी गति से चलने के कारण घर-घर नल से जल पहुंचाने में राजस्थान सबसे पीछे है। उन्होंने कहा केन्द्र सरकार अपनी जिम्मेदारी निभा रही है और राज्य की गहलोत सरकार अपनी जिम्मेदारियों से भाग रही है।

## सार-समाचार

### पारम्परिक बैल पूजन में पूर्व मंत्री ने शिरकत की



**चौरु/उनियारा, (निसं)।** उनियारा उपखंड सोप पंचायत के मनोहरपुरा गांव में बुधवार शाम हुए पारम्परिक बैल पूजन में पूर्व कृषि मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी ने शिरकत कर सालों से चली आ रही परम्परा को निभा बैलों का पूजन किया। इस दौरान पूर्व कृषि मंत्री सैनी ने कहा बैल पूजन भारत की प्राचीन संस्कृति व परंपरा है। इसको जीवित रखना हमारा प्रथम उद्देश्य है हमारी संस्कृति और हमारी परंपराओं को समाज व धर्मों में नहीं बांटकर इन परंम्पराओं को मिल जूलकर एक साथ मनानी चाहिए। इस दौरान माली सैनी समाज ब्लॉक अध्यक्ष उनियारा ग्रामीण प्रभुलाल सैनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति बैल पूजन को पहुंचे कृषि मंत्री सैनी सहित अन्य अतिथियों ने राजस्थानी परम्परा के अनुसार विधिवत के अनुसार पूजन किया। इस दौरान पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी को दीपावली की बधाई देने को लेकर तांता लग गया। मनोहरपुरा गांव के लोगों ने एकत्रित कर ट्रैक्टर, बैलों का पूजन किया।

### खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया



**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण क्षेत्र के गांव गूजुकी निवासी अनूप सैनी को गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय खेल में दो मेडल जीतने तथा आगामी 23 से 28 नवंबर तक पुर्तगाल के वीला रियल डी संटो अंटोनिया शहर में होने वाले आईडब्ल्यूएस वर्ल्ड गेम्स में भारतीय प्रतिनिधि के रूप में लिली निवासी संदीप नरूका के चयन होने पर शुभकामनाएं देकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंत्री जूली ने कहा कि अलवर जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जिले के युवा न केवल प्रदेश, देश बल्कि विदेशों में भी अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता हासिल कर रहे हैं।

### बहनों ने भाईयों के लगाया तिलक




**निवाई, (निसं)।** दीपोत्सव पर्व के अंतिम दिन भाईदूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाईयों के माथे पर मंगल तिलक लगाकर उनके दीर्घायु की कामना की। भाईयों ने भी बहनों को उपहार दिए। साथ ही भाईदूज के पर्व पर महिलाओं ने भी भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की। भाईदूज के पर्व पर सुबह से ही भाई टीका लगवाने के लिए बहनों के घर पहुंचे। वहीं बहनें भाईयों के घर पहुंची। इस दौरान भाईयों ने बहनों को भाई दूज पर वस्त्र भेंट किया। भाईदूज पर्व कस्बे के प्रतिष्ठानों पर कलम दवात का भी पूजन किया गया।

### चारा व गुड़ खिलाकर गौ सेवा की

**बोराज, (निसं)।** कस्बे की सुरपुरा गौशाला में गुरुवार को पूर्व उपसरपंच मंगलचंद नटवाडिया की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर गौशाला संरक्षक संत बाल व्यास महाराज एवं सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा के सानिध्य में उनके पुत्र राजेश व मोहनलाल नटवरिया की ओर से एक गाड़ी पिकअप चारा की भेंट की एवं गौवंश को गुड खिलाकर गौ सेवा की। इस अवसर पर गौशाला समिति की ओर से दानदाताओं का साफा माला व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर ओम प्रकाश जांगू, मुकेश मीणा, उपसरपंच राजेश कुमावत, सचिव बन्नाराम, मुकेश ककरालिया, रामधन टोड़ाबता, राजेश जांगू आदि उपस्थित रहे।

### द्वितीय त्रैमासिक बैठक 31 को

**दौसा, (निसं)।** जिला विकास समन्वयक एवं निगरानी समिति की द्वितीय त्रैमासिक बैठक 31 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभा भवन में क्षेत्रीय सांसद जसकोर मीना की अध्यक्षता में आयोजित की जावेगी। यह जानकारी जिला विकास समन्वयक और निगरानी समिति के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना ने दी।

# शहीद की पुण्यतिथि पर प्रतिमा अनावरण व रक्तदान किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम जयरामपुरा की ढाणी बाकंली वाली में दो साल पहले शहीद हुए सतपाल सिंह सामोता की द्वितीय पुण्यतिथि पर गुरुवार को शहीद की प्रतिमा का अनावरण व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

27 अक्टूबर 2020 को हिमाचल में सपूत सतपाल सिंह सामोता शहीद हो गए थे। उनकी पुण्यतिथि पर उनके ही घर के पास में शहीद स्मारक स्थल पर किसान आयोग अध्यक्ष व खण्डेला विधायक महादेव सिंह खण्डेला, श्रीमाधोपुर के पूर्व विधायक झाबरसिंह खर्रा, विरांगना सुमन देवी, आइटीबीपी डिप्टी कमांडेंट प्रशांत मीणा,खण्डेला प्रधान डॉ. गिरीराज सिंह, खंडेला तहसीलदार सुमन चौधरी, खंडेला पंचायत समिति बीडीओ मुरारीलाल पारीक ने प्रतिमा का अनावरण किया।

- रक्तदान करने वालों को हेलमेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

इसके उपरांत जवानों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधायक खण्डेला ने कहा कि बहादुर जवान ने अपनी जान की परवाह न करते हुए देश की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर किए। जवान की शहादत को देश कभी नहीं भूलेगा। पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि शहीद राष्ट्र की अनमोल धरोहर हैं और हमें शहीदों को पूरा मान सम्मान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां के वीर जवानों ने हमेशा से दुश्मनों के दांत खट्टे करते हुए उनसे जमकर मुकाबला किया है और गोली पीठ में नहीं बल्कि छाती में खाते हुए अपनी कुर्बानियां दी हैं, जिससे यह साबित होता है कि यहां का जवान बहादुर और निडर है। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के दौरान शहीद के पिता गजानंद सामोता,वीरांगना सुमन देवी का मंचासीन अतिथियों के द्वारा शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान वीरांगना सुमन निठारवाल, प्रभाती देवी तथा अनीता देवी का भी सम्मान किया गया। समारोह के बाद पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन भी हुआ, जिसमें रक्त दाताओं ने बढ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान हरिसिंह सामोता पूर्व सरपंच जयरामपुरा, कल्याणपुरा पूर्व सरपंच मोती सिंह, धर्मसिंह सरपंच मालाकाली,अशोक धायल, जितेंद्र लांपूआ पंचायत समिति सदस्य, सहित काफी संख्या में ग्रामीण एवं प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

### खो-खो उपविजेता टीम का सम्मान

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गांधी पीजी कॉलेज की खो-खो (महिला) टीम फाइनल में उपविजेता रहने पर महाविद्यालय पहुंचने पर स्वागत कर सम्मानित किया गया। कार्यालय सचिव राकेश शर्मा ने बताया की पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय खो खो (महिला) खेल प्रतियोगिता में महात्मा गांधी पीजी कॉलेज की उपविजेता रही। टीम के महाविद्यालय पहुंचने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा व प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी द्वारा उपविजेता टीम का स्वागत किया गया साथ ही टीम मैनेजर सुशीला देवी, धर्मपाल कुलरिया का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्य विजेंद्र पूनिया, विज्ञान संकाय प्रभारी वीरेंद्र यादव, वाणिज्य संकाय प्रभारी मनीष अग्रवाल, कैलाश बिजारणिया, कोच रामसिंह जाट, धर्मपाल बिजारनीया, प्रदीप शर्मा, सुरेश सामोता सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ मौजूद था।

# राज्यमंत्री ने नीलकंठ महादेव के दर्शन किये

**दौसा, (निसं)।** कृषि विपणन व पर्यटन राज्यमंत्री ने गुरुवार को नीलकंठ महादेव के दर्शन कर क्षेत्र में खुशहाली की प्रार्थना की। साथ ही पहाड़ी पर पर्यटन की संभावनाओं को लेकर नीलकंठ महादेव सेवा समिति के पदाधिकारियो से विचार विमर्श कर मौके पर ही मंदिर परिसर में हॉल निर्माण हेतु विधायक कोष से 20 लाख रुपये तथा एक हाई मास्ट लाईट लगाने की घोषणा की।

कृषि विपणन एवं पर्यटन राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा ने नीलकंठ महादेव समिति के अध्यक्ष सूर्यनारायण शर्मा से मंदिर विकास पर चर्चा करते हुये कहा कि पर्यटन की दृष्टि से नीलकण्ठ महादेव मंदिर एवं पहाड़ी के विकास को लेकर एक प्रस्ताव पूर्व में विभाग को भेज रखा है। यदि और कोई आवश्यकताओं हो तो प्राथमिकता निर्धारित कर मुझे अवगत कराएं। नीलकंठ महादेव के दर्शन करने के उपरांत कृषि विपणन राज्यमंत्री मुरारी लाल मीणा ने पहाड़ी के नीचे चल रहे किला सागर स्थित मदरसा को भी देखा तथा वहां पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से भी चर्चा की तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेसिक स्कूल में पहुंच कर क्षतिग्रस्त विद्यालय भवन को देखा तथा विधायक कोटे से निर्माण का आश्वासन दिया।

इस दौरान मोहल्ले के वाशिन्दों ने उक्त विद्यालय को क्रमोन्नत किये जाने की मांग की। जिस पर मंत्री मीणा ने आश्वासन दिया कि आगामी सत्र में इसे क्रमोन्नत करने का प्रस्ताव भिजवा दिया जावेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधान दौसा डीसी बैरवा, कमलेश शर्मा, किस्सू भाई, पिंकू तिवारी, सुनील शर्मा, उमाशंकर बनियाना, निहारिका जोरवाल, पार्षद रामसहाय महावर, जिला शिक्षा निष्पादन समिति सदस्य अभय सक्सैना, अबरार अहमद, कल्लू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पीएचसी उद्घाटन कार्यक्रम में सचिन पायलट जिंदाबाद के नारे लगाने पर तीन जने गिरफ्तार

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिलाली में गुरुवार को पशु उप स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन सहित अन्य विकास कार्यों का उद्घाटन मुख्य अतिथि कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचन्द कटारिया, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, पर्यटन निगम चेयरमैन धर्मेन्द्र सिंह राठौड़, उधोग एवं देवस्थान विभाग मंत्री शकुंतला रावत द्वारा फीता काटकर किया गया।

कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने सेढ माता के धोक लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव का विकास करना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा की बिना भेदभाव के गांव के विकास करवाए जायेंगे। इस दौरान उन्होंने गांव में 30 लाख रूपये के विकास कार्य कराने की घोषणा की। कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचन्द कटारिया ने लोगों को संबोधित करते



मंत्री लालचन्द कटारिया, मंत्री शकुंतला रावत, पर्यटन निगम चेयरमैन धर्मेन्द्र सिंह राठौड़, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर ने पीएचसी का फीता काटकर उद्घाटन किया।

हुए कहा कि गांवों के लोगों को कैंप लगाकर कृषि संबंधित योजना की जानकारी दें। वहीं उन्होंने जीएसएस बनाने की घोषणा की।

जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर ने गांव में एक करोड़ रूपये की लागत से खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की। पर्यटन विभाग के चेयरमैन धर्मेन्द्र सिंह

- ग्राम पंचायत बिलाली में विकास कार्यों का उद्घाटन कार्यक्रम हुआ
- पर्यटन विभाग के चेयरमैन धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ के संबोधित करते समय नारे लगाये

राठौड़ द्वारा जनसभा को संबोधित करते समय पायलट समर्थकों ने कार्यक्रम के दौरान सचिन पायलट जिंदाबाद के नारे लगाये। इस दौरान कुछ समय के लिए सभा में हंगामा हो गया और संबोधन को रोका गया।

मामले को बढ़ता देख पुलिस ने मामला शांत कराया। वहीं पुलिस ने इस मामले में तीन जनों को गिरफ्तार किया है। बानसूर थानाधिकारी राजकुमार राजौरा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान शांतिभंग के आरोप में जैतपुर निवासी धर्मपाल गुर्जर (23) पुत्र रामपाल गुर्जर, मामनचंद (35) पुत्र जगदीश गुर्जर, मोहन लाल (25) पुत्र रामुराम गुर्जर को गिरफ्तार किया है।

इस मौके पर डीप्टी डायरेक्टर पीसी मीणा, एसडीएम सुनीता मीणा, तहसीलदार ओमप्रकाश लखेरा, बानसूर डिवाईएसपी सुनील कुमार जाखड, बानसूर प्रधान सुमन सुभाष यादव, बीसीएमओ डॉ. मनोज यादव, कराणा सरपंच देवीसिंह शेखावत, चतरपुरा सरपंच नीरज तौंगरिया, कांग्रेस नेता भौरेलाल बागड़ी, बुर्जा सरपंच कबूल चन्द, बिलाली सरपंच गोदी देवी, ज्ञानपुरा सरपंच विजय इन्दौरिया, बामनवास सरपंच बबिता कंवर, जगराम रावत, बानसूर थानाधिकारी राजकुमार राजोरा, नारायणपुर थानाधिकारी अजयसिंह शेखावत, पंचायत समिति सदस्य संगम देवी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सरकारी सेवा में चयनित व सेवानिवृत्त 31 प्रतिभाओं का सम्मान

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** मूंडरू के डाबर बालाजी मंदिर प्रांगण में हाल ही में सरकारी सेवा में चयनित एवं सेवानिवृत्त प्रतिभाओं का डाबर बालाजी विकास सेवा समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा समारोह आयोजित करके सम्मान किया गया।

समारोह पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा के मुख्य आतिथ्य एवं सेवानिवृत्त कंपाउंडर भागीरथ मल सैनी की अध्यक्षता व पूर्व प्रधान भागीरथ मल यादव के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ। समारोह में शिक्षा, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, रेलवे सहित अन्य विभागों में चयनित एवं हाल ही में सेवानिवृत्त 31 प्रतिभाओं का माला एवं साफा पहनाकर व बालाजी महाराज का छायाचित्र भेंट करके सम्मान किया गया।

प्रधानाध्यापक रामदयाल सैनी व कालूराम सैनी ने बताया कि जिन प्रतिभाओं का सम्मान किया गया है उन्होंने सरकारी सेवा में कार्य ग्रहण के दौरान अपनी प्रथम सैलरी की राशि व सेवानिवृत्ति पर लास्ट मंथ की राशि



डाबर बालाजी विकास सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने समारोह आयोजित किया।

मंदिर निर्माण में सहयोग राशि के रूप में प्रदान करते आ रहे हैं। इस दौरान कमेटी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक खर्रा के सामने मूंडरू गांव से मंदिर तक आने वाले रास्ते में आ रही बाधाओं को हटाकर सड़क निर्माण की मांग की जिस पर पूर्व विधायक खर्रा ने कहा कि यदि राजस्थान में भाजपा की सरकार बनती है तो रास्ते के निर्माण में आ रही बाधाओं को दुरुस्त करवा कर सड़क निर्माण करवाया जायेगा।

इस दौरान मऊ उपसरपंच विक्रम सिंह, कैलाश यादव अरनिया, बाबूलाल मिटावा, बंशीधर सैनी, सेवानिवृत्त अध्यापक प्रभाती लाल सैनी, श्यामलाल सैनी, सेवानिवृत्त प्राचार्य रामेश्वर प्रसाद सैनी, कजोड़ मल यादव, कल्याण सहाय यादव, छीतरमल सैनी, रामेश्वर लाल सैनी, शंकरलाल मिटावा, रुडमल यादव, गिरधारी लाल यादव, सहित कमेटी के कार्यकर्ता व ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### घांस भैरू की सवारी निकली

**टोंक, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर घांस भैरू की सवारी गाजे-बाजे की साथ निकाली गई। जिला मुख्यालय स्थित कालाबाबा क्षेत्र से घांस भैरू की सवारी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बैण्डबाजों के साथ रवाना हुई, जो सब्जी मण्डी होती हुई घंटाघर सर्किल पहुंची। घंटाघर चौराहे पर भैरू महाराज के जुलूस के साथ महिला-पुरूषों, युवक-युवतियां, बच्चों ने मत्था टेका, तेल चढ़ाया और धार चढाई। वहीं जुलूस के साथ पुरूषों ने जमकर नृत्य किया गया और आतिशबाजी की गई। इसके पश्चात जुलूस घंटाघर से होती हुई पुरानी टोंक होती संघपुरा, निवाई दरवाजा होती हुई विसर्जित हुई।

### चातुर्मास निष्ठापन पर निर्माण लाडू चढ़ाया

**चाकसू, (निसं)।** आचार्य शशांक सागर महाराज के सानिध्य में शशांक सागर सभागृह में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के निर्माण महोत्सव के उपलक्ष पर हर्षोल्लास के साथ 24 परिवारों द्वारा निर्माण लाडू चढ़ाया गया। शशांक सागर महाराज ने चातुर्मास निष्ठापन प्रक्रिया की साथ ही मंगल कलश पुण्यअर्जक परिवारों को घर पर स्थापना के लिए दिया गया और अल्पाहार की व्यवस्था मुनि संघ समिति द्वारा की गई। संघ के महामंत्री रमेश चंद गोयल ने बताया कि चातुर्मास बड़े ही अच्छे तरीके से संपन्न हुआ। तथा समाज के सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया गया।

### कांग्रसियों ने जताया आभार

**बहरोड़/अलवर, (निसं)।** अलवर जिले के पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह को कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के द्वारा कांग्रेस संचालन समिति का सदस्य बनाया जाने पर तथा कांग्रेस संचालन समिति में शामिल करने पर अलवर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में जिला महासचिव देशपाल यादव तिजारा तथा अलवर से रिपुदमन गुप्ता, गफूर खान, प्रीतम मेंहदीरत्ता पार्षद अलवर, रामसनेही शर्मा आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

# दो दिन से लापता किशोर का शव बम्ब तालाब में मिला

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर के मौहल्ला सादात से बीते दो दिन पूर्व लापता हुए किशोर का शव गुरूवार को नगरपालिका के पीछे आदर्श नगर गौरवपथ के पास बम्ब तालाब में तैरता मिला।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल पुलिस सुरक्षा में लिया। थानाधिकारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि मौहल्ला सादात निवासी अब्दुल्ला ठेकेदार ने दो दिन पूर्व मालपुरा थाने में अपने बेटे नवेद की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। परिजन व पुलिस टीमें किशोर की तलाश में जुटे हुए थे। गुरूवार की सवेरे जरिए दूरभाष के बम्ब तालाब में एक शव तैरता होने की मिली सूचना पर मौके पहुंच शव को बाहर निकाला गया तथा शव की शिनाख्त दो दिन से लापता नवेद के रूप में की गई।

- दो घंटे की समझाइश व आर्थिक सहायता के आश्वासन पर परिजनों ने उठाया शव



आश्वासन के बाद पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा।

पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे किशोर के पिता व मौहल्लेवासियों ने किशोर की शिनाख्त की। मौके पर जमा भीड़ व परिजनों ने सुभाष बाजार के व्यापारियों द्वारा सीसीटीवी फुटेज दिखाने से इंकार करने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए मामले को संदिग्ध बता शव लेने से इंकार कर दिया। तकरीबन 1 घंटे की समझाईश के बाद शव को तालाब किनारे से उठा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम करवाने से इंकार करने की मिली सूचना के बाद अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार बैरवा, डीवाईएसपी सुशील मान, थानाधिकारी कैलाश विश्नोई की समझाईश व आर्थिक सहायता दिलवाये जाने सहित सुभाष बाजार की सीसीटीवी फुटेज खंगाल निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा गया।

## गहलोत 2 को खैरथल आएंगे

**किशनगढ़बास, (निसं)।** सीएम अशोक गहलोत 2 नवंबर को खैरथल आएंगे। सीएम गहलोत के आगमन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विधायक दीपचंद खैरिया, जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने किशनगढ़ बास विधायक कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में लेकर पहुंचने के लिए लक्ष्य सौंपा।

विधायक के मीडिया सहायक सुनील कान्त ने बताया कि 2 नवम्बर को खैरथल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आगमन की तैयारियों को लेकर किशनगढ़ बास विधायक कार्यालय पर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा व विधायक दीपचंद खेरिया ने कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में प्रधान बीपी सुमन, चेयरमैन कोटकासिम महावीर आचार्य, पीसीसी सदस्य गिरीश डाटा, तेजाराम सैनी, एडवोकेट जगन सिंह गुर्जर, मनोनीत पार्षद धीरूभाई, किसान नेता जसवन्त यादव, जाटव समाज अध्यक्ष राजेंद्र रसगोन, मनोनीत पार्षद रामचन्द्र, कामरेड पार्षद जाजन मुलानी, पूर्व सरोच जयसिंह मेव पँचायत के जिला प्रवक्ता मोहम्मद कासिम मेवाती सरदार इन्द्र सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने सीएम आगमन की तैयारियों को लेकर सुझाव रखे।

## सार-समाचार

### बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक सजाया



**चाकसू, (निसं)।** गुरुवार को भाई-बहन के प्यार का भैया दूज का त्यौहार पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इसके साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव का त्यौहार समापन हो गया। यहां बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर रोली चंदन का तिलक लगा मुंह मीठा कराकर दीर्घायु की कामना करने के साथ ही अपनी रक्षा का वचन भी लिया। बदले में भाइयों ने बहनों को उपहार दिया। भाई दूज के चलते सुबह से ही बाजारों में काफी रौनक नजर आई। मिठाइयों एवं उपहारों की खूब बिक्री हुई, बसों एवं ट्रेनों में खूब भीड़ नजर आई। व्यापारिक प्रतिष्ठानों में व्यापारियों ने विधि विधान से कलम दवाद की पूजा की।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा 31 को

**टोंक, (निसं)।** पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा नवीं बटालियन आरएसी टोंक की कांस्टेबल सामान्य के 61 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आयोजित लिखित परीक्षा मई 2022 में सफल अभ्यार्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं शारीरिक मापतोल परीक्षा का आयोजन 31 अक्टूबर को प्रातः 5.30 बजे से बियानी कॉलेज ऑफ साईंस एंड टेक्नोलॉजी जोबनेर रोड कालवाड जयपुर में आयोजित की जाएगी। नवीं बटालियन आरएसी टोंक के कमांडेंट भुवन भूषण यादव ने बताया कि दक्षता परीक्षा के लिए सफल अभ्यार्थियों के प्रवेश पत्र राजस्थान पुलिस की वेबसाईट पर अपलोड करवाएं जा चुके है। सफल अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी सवं प्रमाणित प्रतियां एवं राजकीय चिकित्सक द्वारा जारी आरोग्य व फिटनेस प्रमाण पत्र एवं प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों की पूर्ण करते हुए 31 अक्टूबर को प्रातः 5 बजे उपस्थित होंवे।

### ऑनलाइन साक्षात्कार 31 को

**टोंक, (निसं)।** राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) एवं राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) पूर्व प्राथमिक (बाल वाटिका) विद्यालयों में अध्यापक लेवल प्रथम के लिए ऑनलाइन साक्षात्कार 31 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होंगे। साक्षात्कार के लिए 2 दलों का गठन किया गया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र कोली ने बताया कि जिले की 6 राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय अंग्रेजी माध्यम, पूर्व प्राथमिक बाल वाटिका विद्यालया के लिए अध्यापक लेवल प्रथम के 12 पदों के लिए साक्षात्कार लिए जाएंगे। साक्षात्कार पूर्णतया अंग्रेजी माध्यम में होंगे, जिसमें आवेदनकर्ताओं की विषय ज्ञान के साथ अंग्रेजी विषय में संभाषण की दक्षता को परखा जाएगा। अभ्यार्थी प्रातः 10 बजे से ही फोन कॉल्स एवं वाट्सएप कॉल्स के लिए सजग रहें।

### मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा पंचायत समिति सदस्य शिमला चौधरी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित करते हुए अवगत करवाया कि मालपुरा पंचायत समिति के अन्तर्गत ऐसे कई गांव हैं जहां श्मशान के लिए भूमि चिन्हित नहीं है। कई गांवों में श्मशान की भूमि चिन्हित तो है लेकिन रास्तों पर अतिक्रमण होने से रास्ते बंद पड़े हैं। प्रशासन गांवों के संग अभियान में श्मशान की भूमि आवंटित किये जाने के लिए प्रस्ताव व ज्ञापन भी दिये। लेकिन आज तक राजस्व व पंचायत प्रशासन सहित उपखण्ड प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। पंचायत समिति सदस्य ने बीसलपुर का बांध ओवरफ्लो हो जाने के बाद शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं होने पर नाराजगी जता व्यवस्थाएं सुचारू किये जाने की मांग की गई।

### बॉलीबाल प्रतियोगिता सम्पन्न

**पावटा, (निसं)।** पंचायत समिति पावटा की ग्राम पंचायत भूरी भडाज की ढाणी मोहनदासवाली में श्री श्याम चतुर्थ बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे भाजपा नेता हरिप्रसाद बल्लीवाल व पूर्व पंचायत समिति सदस्य एवं उडान टीम के संयोजक भाई हरिद्वारीलाल स्वामी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। आयोजनकर्ता कमलेश व रामनिवास स्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता में फतेहपुरा की टीम विजेता रही एवं नारेहडा की टीम उपविजेता रही जिन्हें नगद पुरस्कार एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। भाजपा नेता हरिप्रसाद बल्लीवाल ने सभी खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से ही खेलना चाहिए एवं किसी भी खिलाडी को हार से निराश नहीं होना चाहिए। इस दौरान स्थानीय सरपंच कैलाश स्वामी व पंसस प्रतिनिधि बनवारी लाल, महासचिव विजय स्वामी, राजू पंच व अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### केवल आज जमा होंगे बिना विलंब शुल्क के विद्युत बिल

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक राजस्व अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि दीपावली पर्व पर बकाया राशि के विद्युत बिल केवल 28 अक्टूबर को बिना विलंब शुल्क जमा करा सकते हैं व ऑनलाइन भी जमा कर सकते हैं। बताया कि शहर के निम्न क्षेत्र के चोपड़ बाजार, रींगस बाजार, खंडेला बाजार, सीकर बाजार, तीजावाला जोहड़ा,सुराणी बाजार, हरिजन मोहल्ला, रैगर मोहल्ला, मंगल कॉलोनी, स्टेशन रोड़, सब्जी मंडी, महावीर दल,जीणमाता, आदर्श कॉलोनी, खटोड़ा बाजार, मीणों का मोहल्ला, इंदिरा विश्राम ग्रह, बाईपास रोड़ पेट्रोल पम्प, बावडी आश्रम, व इनके आसपास के क्षेत्र में 2400 ग्रुप के सभी उपभोक्ताओं के बिजली बिल बिना विलंब शुल्क के जमा कराएं।बिजली बिल बकाया रखने वालों के बिजली कनेक्शन राशि जमा न होने पर विच्छेद किए जाएंगे।

## दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

**रींगस, (निसं)।** कांग्रेस कमेठी की ओर से श्रीश्याम धर्मशाला में दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर खण्डेला विधायक महादेव सिंह ने आमजनों का शॉल व माला पहना कर भव्य स्वागत किया। आमजनों ने भी विधायक महादेव सिंह का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर विधायक महादेव सिंह खण्डेला ने कहा कि जब वे केन्द्रीय मंत्री थे तो उनके सामने रींगस का सुनहरा अध्याय उभर कर सामने आया। राज्य का यह सबसे महत्वपूर्ण शहर है।

वेदान्ता समूह जो कि रींगस का है वह भी रींगस में बहुत महत्वपूर्ण विकास कार्य करवाना चाहता है। ऐसे में राज्य में जिले की बारी आई तो रींगस ही पहले जिला बनेगा। उनकी सरकार आते ही व जनता के आशीर्वाद से यह सब कुछ होगा।

वही अगले साल रींगस को उपखण्ड का दर्जा मिल जायेगा।

इस मौके पर विधायक महादेव सिंह ने समाज सेवी वैद्यशम्भूदयाल शर्मा, प्रेस क्लब अध्यक्ष महेश शर्मा, युवा विकास मंच के अध्यक्ष घासीराम कुमावत, स्वतंत्रता सैनानी कालिदास स्वामी, जनसेवा समिति के अध्यक्ष पैमाराम सहित आरम्भ मानव, श्रीसूर्य मण्डल समाज सेवा समिति, श्रीश्याम गौसेवा समिति सहित अनेक संगठनों का स्वागत किया।

इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सोहन लाल प्रहलादका, निवर्तमान नगर पालिकाध्यक्ष अशोक कुमावत, विक्रम सिंह झाला, हरदयाल सिंह बलौदा, मोतीराम जांगिड, बाबू लाल राजोरिया, सांवरमल कुमावत, भागीरथमल बावलियां, सुमंत पारीक, भागीरथ बलौदा, श्रवण सैन, लोकेश सहित सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ता व पार्षद सहित आमजन मौजूद थे।

## 'बुराइयों को खत्म करने से वाणी में मिठास आती है'

**टोंक, (निसं)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक द्वारा स्थानीय सेवा केंद्र राजयोग भवन टोंक में भाई दूज का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रमुख टोंक सरोज नरेश बंसल ने कहा कि जीवन में शांति और प्रसन्नता है तो उसका आधार है आध्यात्मिकता, परमपिता परमेश्वर का यही संदेश है कि हम हमारी जीवनशैली में आध्यात्म को अपनाएं। उन्होंने कहा कि काम क्रोध मोह लोभ अहंकार जैसे विकारों का त्याग करने से संकल्पों में श्रेष्ठता तथा वाणी में मिठास आती है। कार्यक्रम में भाजपा के जयपुर शहर के सहप्रभारी नरेश बंसल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्थान की शिक्षाएं मानव में मानवीय मूल्यों को जागृत करती हैं। कार्यक्रम में सेवा केंद्र प्रभारी ब्रम्हाकुमारी अपर्णा दीदी ने सभी को भाई दूज की बधाई देते हुए कहा कि हम सब एक परमपिता परमात्मा की संतान हैं, इसलिए आत्मिक रूप से हम भाई भाई हैं आज का दिन भाई अपनी बहन को सोगात देता है। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी,ऋतु दीदी, अनीता दीदी, बी के पांचू भाई,ओम प्रकाश गुप्ता ,खेमचंद आहूजा सहित संस्थान से जुड़े भाई-बहन मौजूद थे।



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा में भाईदूज कार्यक्रम को जिला प्रमुख सरोज नरेश बंशल ने संबोधित किया।

# मिश्रा परिवार की पांच सौ वर्ष पुरानी विशेष गोवर्धन पूजा



पावटा क्षेत्र के ग्राम भांकरी में मिश्रा परिवार ने पांच सौ वर्षों से चली आ रही गोवर्धन पूजा पूर्वजों की तर्ज पर सामूहिक रूप से की।

**पावटा, (निसं)।** पावटा क्षेत्र के ग्राम भांकरी में मिश्रा परिवार के द्वारा पांच सौ वर्षों से चली आ रही गोवर्धन पूजा आज भी पूर्वजों की तर्ज पर सामूहिक रूप से मनाई जा रही है।

मिश्रा परिवार के सभी सदस्य एक जगह होकर गोवर्धन पूजा करते हैं। पं. डॉ गौरी शंकर शर्मा ने बताया गोवर्धन पूजा की यह परम्परा पांच सौ वर्षों से बखुबी निभाई जा रही है।

पूर्व पंचायत समिति सदस्य अंजना मिश्रा ने बताया कि हमारे परिवार पांच सौ वर्षों से गोवर्धन पूजा गोवर्धन चौक में सामूहिक रूप से मनाई जाती है। पूजन के बाद सभी सदस्य अपने से बड़ों का आशीर्वाद लेते हैं।

एडवोकेट हरिनारायण भारद्वाज ने बताया कि इस दिन भांकरी से बाहर रहने वाले मिश्रा परिवार के सदस्य भी यहां आकर गोवर्धन पूजा में सम्मिलित होते हैं।

## गौसेवा कर गोवर्धन पर्व मनाया

**पावटा, (निसं)।** संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति ने गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर श्री कृष्ण गौशाला बडनगर में गौमाताओं की सेवा एवं गौ माता की पूजा की।

इस अवसर पर संयोजक नीरज सैन ने कहा कि गौ माता की सेवा के बिना हमारा कल्याण संभव नहीं, गौ सेवा ही वास्तविक गोवर्धन पूजा है, आज के दिन भगवान श्री कृष्ण को छप्पन भोग और अन्नकूट महोत्सव करने के साथ-साथ यह भी महत्वपूर्ण है कि गौ माताओं को भी हरा चारा, रोटी, दलिया, बाजार, हरी सब्जियां आदि खिलाया जाए, उन्हें भी भोग लगा कर तृप्त एवं प्रसन्न किया।

इस अवसर पर गौशाला प्रबंधक गोकुल सारण, हनुमान सारण,संकल्प हरियाली समिति के संयोजक नीरज कुमार सैन, संकल्प गौसेवा सेवा समिति के संयोजक सुभाष यादव, उमेश अग्रवाल, पंकज जिंदल,सीए विजय पंसारी, लक्ष्मीकांत शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत,यति अग्रवाल, राहुल सिंघल, रोहित शर्मा, संदीप सैन, गुलशन सैन, सुशील योगी,भानू सैन, लोकेश टेलर, अनिकेत सोनी सहित अनेक गौभक्त, गौशाला समिति एवं संकल्प हरियाली समिति के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## बलाई समाज ने मृत्युभोज बंद करने का फैसला लिया

- भामोद में बलाई समाज की सामुहिक बैठक आयोजित हुई
- 'अगर पूर्वजों के पीछे खर्चा करना ही चाहते हो तो समाज के हित में खर्च करें'
- इस निर्णय से समाज की फिजूल खर्ची बंद हो जाएगी

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती गांव भामोद में बलाई समाज की बैठक मोहल्ले के सार्वजनिक चौक पर आयोजित हुई। बैठक में रामचंद्र सूटवाल, हीरालाल, मुरारी मेहराणीया, भंवर लाल मेहराणीया, जंगलराम लाखीवाल, रामेश्वर प्रसाद मरोडिया सहित समाज के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में राजस्थान मृत्युभोज अधिनियम की अनुपालना में मृत्युभोज निषेध के तहत गंगा प्रसादी, मोसर एवं मृत्यु पर किया जाने वाला भोज पूर्ण रूप से प्रतिबंध का सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

समाजबंधुओं ने बताया कि समाज में मृत्युभोज जैसी कुप्रथा को पूरी तरह से बंद करने में समाज का निर्णय बहुत ही सराहनीय है। यह निर्णय अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणा दायक रहेगा और समाज की फिजूल खर्ची बंद हो जाएगी। अगर पूर्वजों के पीछे खर्चा करना ही चाहते हो तो समाज के हित में खर्च करें।

जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और सभा भवन आदि सामाजिक सरोकार पर खर्च करें। बैठक में तय किया गया कि पगड़ी रस्म कार्य में सिर्फ 101 रुपये की लेन देन की जाएगी तथा पहरावनी में सीमित रिश्तेदार बुलाए जाएंगे।

बलाई समाज द्वारा लिया गया उक्त निर्णय आने वाली पीढी के लिए कल्याणकारी होगा और युवा वर्ग की सोच बदलने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक परिस्थितियों में भी मददगार साबित होगा। इस मौके पर मनोज थराणिया, महेश कुमार मरोडिया, बद्रीप्रसाद मरोडिया, जीवालाल थराणिया, कैलाश चंद्र, जगदीश प्रसाद, बंसीलाल सूटवाल सहित समाजबंधु मौजूद रहे। बलाई समाज ने अन्य ज्वलन्त मुद्दों पर भी चर्चा की वही स्थानीय मुद्दों पर विचार विमर्श किया।

# पावटा के नागरिक त्यौहारों पर लगने वाले जाम से परेशान

**पावटा, (निसं)।** एक बार फिर त्यौहार के अवसर पर यातायात व्यवस्था में झोल साफ नजर आए। शहर से लेकर गांव देहात तक लोगों को जाम के झाम से दो-चार होना पड़ा। ऐसे में वाहनों की रफ्तार धीमी रही तो लोगों को रिश्तेदारों के घर पहुंचने में देरी की समस्या ने भी खूब परेशान किया।

- वाहनों की रफ्तार धीमी रही, लोगों को रिश्तेदारों के घर पहुंचने में हुई देरी



पावटा कस्बे में भैया दूज के अवसर पर कई जगह जाम लग गया।

पावटा कस्बे में गुरुवार को भैया दूज के अवसर पर यातायात व्यवस्था पटरी से उतर गई। इस दौरान कई जगह जाम लगा, जिनमें देर तक वाहन फंसे रहे। कहीं वाहन चालकों की मनमानी ने उलझन बढ़ाई तो कहीं यातायात पुलिस की लापरवाही भारी पड़ी। जाम में फंसे कई जगह वाहन चालकों के बीच आपसी बहस हुई।

शहर में सर्विस रोडो, सुभाष चौक, होली चौक, घंटाघर चौक सहित कई मार्गों पर सुबह से ही जाम के हालात बन गए। बाद में स्थिति और भी बिगड गई। सबसे गंभीर स्थिति राष्ट्रीय राजमार्ग 48 के दोनों तरफ बने सर्विस रोडो पर रही। यहां एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ से हादसों का खतरा लगातार बना रहा। समय बढ़ता गया तो सडकों पर वाहनों की संख्या भी बढ गई और चौक चौराहों पर जाम के हालात बन गए। वहीं भैया दूज पर एक से दूसरे स्थान जाने के लिए लोगों ने बसों का विकल्प चुना लेकिन इनमें भीड के कारण उन्हें काफी असुविधा हुई। हालांकि, रोडवेज प्रशासन का दावा है कि विभागीय स्तर पर पहले से की गई पुख्ता व्यवस्था के कारण ज्यादा समस्या नहीं आई।

## पांच दिवसीय दीपोत्सव संपन्न

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा सहित आस पास के क्षेत्र में पांच दिवसीय दीपावली पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सोमवार को सभी लोगों ने अपने-अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर विधिवत् मंत्रोच्चार के साथ धन की देवी मां लक्ष्मी, विद्या की देवी सरस्वती एवं भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना की। वहीं लोगों ने दूसरे के घर आकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। मंगलवार को सूर्य ग्रहण होने के कारण अन्नकूट महोत्सव 26 अक्टूबर बुधवार को मनाया गया। इसी तरह बुधवार को महिलाओं ने अपने अपने घरों के मुख्य द्वार पर गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन की आकृति बनाकर सामूहिक रूप से पूजा की। कस्बे के विभिन्न मन्दिरों में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। जिसमें पुराना फुलेरा स्थित प्राचीन ठाकुर जी महाराज मन्दिर व श्री सीताराम जी के मन्दिर, मायला बाजार स्थित श्री सीताराम जी का मन्दिर, इन्दिरा बाजार के निकट स्थित कूकू बाबा की बगीची मन्दिर परिसर के शिवालय सहित अन्य मन्दिरों में अन्नकूट प्रसादी का भगवान के भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण की गई।

# 'ब्राह्मण महिलाओं को आत्मरक्षा में भी पारंगत होना जरूरी'

**बहरोड़/भिवाड़ी, (निसं)।** भिवाड़ी में विप्र विकास संस्थान द्वारा विप्र विकास संस्था अध्यक्ष हरिराम शर्मा संरक्षक की अध्यक्षता में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा एवं अतिविशिष्ट अतिथि मंजू शर्मा उपाध्यक्ष विप्र कल्याण बोर्ड तथा कृष्ण गोपाल, वरिष्ठ कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विपिन चंद शर्मा भिवाड़ी के आतिथ्य में समारोह हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ विप्र विकास संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा ने विप्र कल्याण बोर्ड की योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि बेटियो व महिलाओं को निडर एवं साहसी बनाने के लिए आत्मरक्षा की विधाओं में पारंगत कराना अनिवार्य हो गया जिसका मतलब है कि ब्राह्मण महिलाओं को निडर एवं आत्मरक्षा करने की विधाओं में भी पारंगत होना जरूरी है। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्रों एवं समाज के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले भामाशाह का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में महासचिव अशोक कौशिक, एलएन शर्मा, विप्र फाउंडेशन अलवर जिला के जिला अध्यक्ष भूदेव शर्मा, अरुण शर्मा, युवा ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष आकाश मिश्रा, लाल नारायण शर्मा, संगठन मंत्री सतीश कुमार शर्मा, कैलाश चंद जोशी, सहित अन्य विप्रजन उपस्थित रहे।



विप्र विकास संस्थान द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह को विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा ने संबोधित किया।



"मैं बीसीसीआई को महिलाओं की मैच फीस पुरूषों के बराबर करने के लिये बधाई देती हूं। महिलाओं की आईपीएल भी जल्द ही आ रही है, इससे काफी बड़ी संख्या में हमारी महिला क्रिकेटरों पर सकारात्मक असर पड़ेगा जिसमें घरेलू क्रिकेटर भी शामिल हैं।

- डायना एडुल्जी

पूर्व भारतीय कप्तान, बीसीसीआई के मैच फीस के फैसले पर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — मैथ्यू वेड



ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप मुकाबले से पहले कोरोना संक्रमित हो गये हैं। वेड बुधवार की रात कोरोना पॉजिटिव पाए गये, हालांकि उनके लक्षण मामूली हैं। ऑस्ट्रेलिया को अपने अगले टी20 विश्व कप मैच में शुक्रवार को इंग्लैंड का सामना करना है। मैच से पहले अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने विकेटकीपर दस्ताने पहनकर विकेट के पीछे अभ्यास किया। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया के पास विकेटकीपर के रूप में वेड का विकल्प नहीं है।

**क्या आप जानते हैं ?...** वर्ष 1999 में हैदराबाद में भारत ने वन-डे मैच में न्यूजीलैण्ड को 174 रनों से हराया था।

# ज़िम्बाब्वे का उलटफेर, पाक को हराया

## पाकिस्तान को टी20 विश्व कप में एक रन से हराया

पर्थ, 27 अक्टूबर। ज़िम्बाब्वे ने सिकंदर रज़ा (25/3) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान को टी20 विश्व कप 2022 में गुरुवार को एक रन से हराकर बड़ा उलटफेर किया।

ज़िम्बाब्वे ने पल-पल बदलते सुपर-12 के रोमांचक मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 130 रन बनाये, जबकि पाकिस्तान इसके जवाब में आठ विकेट के नुकसान पर 129 रन ही बना सकी।

पाकिस्तान ने मोहम्मद वसीम जूनियर (24/4) और शादाब खान (23/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ज़िम्बाब्वे को छोटे स्कोर पर रोक दिया था, लेकिन बल्लेबाजों के प्रदर्शन ने उन्हें निराश किया। पाकिस्तान के लिये शान मसूद ने 38 गेंदों पर 44 रन बनाये जबकि उन्हें किसी का साथ नहीं मिला।

बाबर आज़म की टीम को आखिरी ओवर में 11 रन की दरकार थी और मोहम्मद नवाज़ विकेट पर मौजूद थे। नवाज़ ने पहली गेंद पर तीन रन लिये लेकिन जब पाकिस्तान को दो गेंदों में तीन रन चाहिये थे, तब नवाज़ आउट हो गये। शाहीन शाह अफरीदी ने आखिरी गेंद पर दो रन लेकर मैच को टाई करवाना चाहा लेकिन रेजिस चकाब्वा ने उन्हें रनआउट कर दिया और ज़िम्बाब्वे ने यह मैच मात्र एक रन से जीत लिया।




ज़िम्बाब्वे ने ग्रुप-2 के मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और पावरप्ले में दो विकेट के नुकसान पर 47 रन जोड़ लिये। ज़िम्बाब्वे एक अच्छी शुरुआत के दम पर बड़े स्कोर की तरफ अग्रसर थी लेकिन शादाब ने मध्य ओवरों में विकेट निकालकर रनगति पर लगाम लगा दी। उन्होंने मिल्टन शुम्बा और रेजिस चकब्वा के साथ-साथ ज़िम्बाब्वे के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले सीन विलियम्स (31) को भी आउट किया।

वसीम ने सिकंदर रज़ा को नौ रन पर आउट करके बड़ा स्कोर खड़ा करने की ज़िम्बाब्वे की आखिरी उम्मीद को समाप्त कर दिया। इसके अलावा उन्होंने सलामी बल्लेबाज वेस्ले माधेवेरे (17), ब्रैड इवान्स (19) एवं ल्यूक जॉन्वे का विकेट भी लिया।


पाकिस्तान ने मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए 36 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिये। बाबर आज़म (04) और मोहम्मद रिज़वान (14) एक बार फिर असफल रहे जबकि पिछले मैच में अर्द्धशतक बनाने वाले इफ्तिखार अहमद भी पांच रन पर पवेलियन लौट गये।

शान और शादाब ने पाकिस्तान को जीत की ओर ले जाते हुए 52 रन की साझेदारी की लेकिन सिकंदर ने 14वें ओवर में शादाब और हैदर अली को आउट करके मैच को रोमांचक बना दिया। अगले ही ओवर में शान भी आउट हो गये। नवाज़ ने सातवें विकेट के लिये वसीम के साथ 34 रन की साझेदारी की लेकिन अपनी टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके।

दो मैचों में दूसरी हार के साथ पाकिस्तान टी20 विश्व कप से लगभग बाहर हो गयी है। ज़िम्बाब्वे ने पहला मैच बारिश में धुलने के बाद यह मैच जीतकर तीन पॉइंट के साथ ग्रुप-2 में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका इतने ही अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि चार अंकों के साथ भारत पहले स्थान पर है।

# नीदरलैंड को हराकर ग्रुप-2 के शीर्ष पर पहुंचा भारत

## एकतरफा मुकाबले में 56 रन से मात दी



सिडनी, 27 अक्टूबर। भारत ने विराट कोहली, रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव के अर्द्धशतकों के बाद भुवनेश्वर कुमार (9/2) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत नीदरलैंड को आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के एकतरफा मुकाबले में गुरुवार को 56 रन से मात दी।

भारत ने सुपर-12 मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाये। नीदरलैंड इसके जवाब में नौ विकेट के नुकसान पर 123 रन ही बना सकी। दो मैचों में दूसरी जीत के साथ भारत ग्रुप-2 की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है।

रोहित, कोहली और सूर्यकुमार के अर्द्धशतकों ने धीमी पिच पर भारत की जीत की नींव रखी। रोहित ने फॉर्म में वापसी का अंदेशा देते हुए 39 गेंदों पर 53 रन बनाये, जबकि कोहली ने 44 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों के साथ नाबाद 62 रन बनाकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरा अर्द्धशतक जड़ा। सूर्यकुमार ने सात चौके और एक छक्का लगाकर 25 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाये।

भुवनेश्वर कुमार ने लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज विक्रमजीत सिंह को आउट करते हुए शुरुआती दो ओवरों में एक भी रन नहीं दिया। भुवनेश्वर की कसी हुई गेंदबाजी से बने दबाव से नीदरलैंड उभर नहीं सकी और नियमित विकेट गंवाते हुए ऑलआउट होनी की कगार पर पहुंच गई। पॉल वैन मीकरन और शारिज़ अहमद ने हालांकि आखिरी दो ओवर खेलकर डच टीम को ऑलआउट होने से बचाया। इसके अलावा अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन ने भी दो-दो विकेट लिये जबकि मोहम्मद शमी को एक सफलता हासिल हुई।

भारत का अगला मुकाबला 30 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ है, जबकि नीदरलैंड उसी दिन पाकिस्तान का सामना करेगी।

भारत ने ग्रुप-2 के मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए धीमी शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल नौ रन के स्कोर पर पगबाधा आउट हुए। रोहित ने भी कुछ देर संघर्ष किया लेकिन आठवें ओवर में लोगन वैन बीक को छक्का लगाकर उन्होंने हाथ खोले।

रोहित और कोहली ने दूसरे विकेट के लिये 73 रन की साझेदारी की। रोहित का विकेट गिरने के बाद कोहली ने सूर्यकुमार के साथ 95 रन की विस्फोटक साझेदारी करके भारत को 20 ओवर में 179/5 के स्कोर तक पहुंचाया।

रोहित (34) इस दौरान युवराज सिंह (33) से आगे निकलकर टी20 विश्व कप में क्रिस गेल (63) के बाद सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ी भी बन गये। साथ ही उन्होंने टी20 विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में चौथा स्थान हासिल करने के लिये तिलकरत्ने दिलशन (897) को पीछे छोड़ दिया। विराट इस सूची में गेल (965) को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर आ गए हैं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड ने 20 रन पर ही दो विकेट गंवा दिये। भुवनेश्वर ने विक्रमजीत का विकेट निकालकर दो मेडन फेंके जबकि अक्षर पटेल ने मैक्स ओडाउड (16) को पवेलियन भेजा।

बास डी लीड (16) और कॉलिन ऐकरमैन (17) ने तीसरे विकेट के लिये 27 रन की साझेदारी की लेकिन उनके आउट होते ही नीदरलैंड के विकेटों की झड़ी लग गई। अश्विन ने ऐकरमैन और टॉम कूपर को आउट किया जबकि अक्षर ने बास डी लीड का विकेट निकाला। शमी ने नीदरलैंड के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले टिम प्रिंगल (20) का विकेट लिया। अर्शदीप सिंह ने लोगन वैन बीक और फ्रेड क्लासेन को लगातार गेंदों पर आउट किया लेकिन भारत के लिये टी20 विश्व कप में पहली हैट्रिक लेने से चूक गए। शारिज़ अहमद ने 16 रन जबकि पॉल वैन मीकरन ने 14 रन बनाये, हालांकि वे हार का अंतर ही कम कर सके।

भारत ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को मात दी थी। इस जीत की बदौलत भारत चार अंकों के साथ ग्रुप-2 के शीर्ष पर पहुंच गया है, जबकि दक्षिण अफ्रीका तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

## भारत की विश्व कप की तैयारियां न्यूजीलैंड के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मैच से शुरू

भुवनेश्वर, 27 अक्टूबर। भारतीय पुरूष हॉकी टीम जब शुक्रवार को यहां कलिंग स्टेडियम में एफआईएच प्रो लीग के नये सत्र के शुरूआती मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी तो इसके साथ वह अपनी विश्व कप तैयारियां भी आरंभ करना चाहेगी।

न्यूजीलैंड के बाद भारतीय टीम का सामना अगले मैच में रविवार को स्पेन से होगा। फिर वह 'रिटर्न' मुकाबले में चार नवंबर को न्यूजीलैंड से और छह नवंबर को स्पेन से भिड़ेगी।

भारतीय मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, "प्रो लीग में चार मैचों की तैयारियों के लिये पिछले दो हफ्ते काफी व्यस्त रहे और फिर हमें अगले महीने एडीलेड में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैच भी खेलने हैं।"

उन्होंने कहा, "ये सभी मैच विश्व कप के लिये हमारी तैयारियों का हिस्सा हैं। हमारा लक्ष्य निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेलना है लेकिन हम अपने आक्रमण में बेहतर होना चाहते हैं। हम नयी चीजें आजमाना चाहते हैं। हम इन मैचों के लिये तैयार हैं।"

## हर्नांडिज मैक्सिको की विश्व कप टीम से बाहर, जिमेनेज, जीसस टीम में

मेक्सिको सिटी, 27 अक्टूबर। जेवियर हर्नांडिज को कतर में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिये मेक्सिको की प्रारंभिक टीम में जगह नहीं मिली है जबकि कोच गेरार्डो मार्टिनो ने चोटिल राउल जिमेनेज और जीसस कोरोना को टीम में रखा है।

मार्टिनो ने कहा कि वह जिमेनेज और कोरोना को फिट होने का पूरा मौका देने के लिये देर से टीम की घोषणा करेंगे। दोनों 31 खिलाड़ियों की टीम में हैं जबकि अगले महीने होने वाले विश्व कप के लिये 26 खिलाड़ियों को चुना जायेगा।

हर्नांडिज तीन विश्व कप खेल चुके हैं और मेक्सिको के लिये सर्वाधिक 52 गोल किये हैं। वह 2019 में एक दोस्ताना मैच के बाद से मेक्सिको के लिये नहीं खेले हैं। मीडिया रपटों के अनुसार उन्हें अनुशासनात्मक कारणों से टीम में जगह नहीं मिली है।

## यूनाइटेड भारत की बड़ी जीत में विष्णु चमके

नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर। यूनाइटेड भारत ने मैन आफ द मैच विष्णु बहादुर की शानदार तिकड़ी की मदद से फुटबॉल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग में गुरुवार को यंगमैन स्पोर्ट्स क्लब को 5-1 से हराकर टूर्नामेंट की पहली जीत दर्ज की।

विजेता टीम के लिये शुभम और प्रियांशु ने भी एक-एक गोल जमाया। पराजित टीम का इकलौता गोल हिमांशु ने किया। नेहरू स्टेडियम पर खेले गए दिन के पहले मैच में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने सिटी क्लब को 8-0 से रौंद दिया। विजेता टीम के लिए मनिंदर ने तिकड़ी जमाई जबकि खालिद, शक्ति, चंद्रन, रशीद और इमरान ने एक-एक गोल किया। कुछ साल पहले तक सिटी क्लब दिल्ली की फुटबाल में बड़ा नाम था लेकिन आज यह टीम एक भी गोल नहीं कर सकी।

# दक्षिण अफ्रीका ने बंगलादेश को 104 रन से रौंदा

सिडनी, 27 अक्टूबर। दक्षिण अफ्रीका ने राइली रूसो (109) के विस्फोटक शतक के बाद आनरिक नॉर्खिया (10/4) और शम्सी (20/3) की घातक गेंदबाजी की बदौलत बंगलादेश को आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में गुरुवार को 104 रनों से रौंद दिया।

दक्षिण अफ्रीका ने सुपर-12 चरण के मुकाबले में बंगलादेश को 206 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में बंगलादेश 16.3 ओवर में 101 रन पर ऑलआउट हो गई।

रूसो ने क्विंटन डी कॉक (63) के साथ 168 रन की विशाल साझेदारी की जिसकी बदौलत दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप 2022 का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर सकी। नॉर्खिया ने प्रोटियाज की जीत पर मुहर लगाते हुए सिर्फ 10 रन देकर चार विकेट लिये। इसके अलावा तबरेज़ शम्सी ने तीन विकेट जबकि कागिसो रबाडा और केशव महाराज ने एक-एक विकेट लिया।

दक्षिण अफ्रीका का पहला मैच बारिश में धुलने के बाद यह विशाल जीत उनके नेट रनरेट में महत्वपूर्ण वृद्धि करेगी।

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए कप्तान टेम्बा बावुमा का विकेट दो रन पर गंवा दिया।

इसके बाद रूसो और डी कॉक ने 168 रन की साझेदारी करके बंगलादेश को बैकफुट पर डाल दिया। यह टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़ी साझेदारी है। डी कॉक ने आउट होने से पहले 38 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 63 रन बनाये। दूसरी ओर, रूसो ने अपना शतक पूरा करते हुए 56 गेंदों पर सात चौको और आठ छक्कों के साथ 107 रन की पारी खेली। यह टी20 विश्व कप 2022 का पहला, जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय में रूसो का लगातार दूसरा शतक है। इससे पहले उन्होंने इंदौर में भारत के खिलाफ खेले गये टी20 मैच में भी सैकड़ा जमाया था। वह फ्रांस के गुस्ताव मेकिओन के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय में लगातार दो शतक जड़ने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं।

रूसो-डी कॉक की साझेदारी ने दक्षिण अफ्रीका को 15 ओवर में 176 रन तक पहुंचा दिया था, लेकिन इसके बाद बंगलादेश ने रूसो, डी कॉक और मार्करम का विकेट लेते हुए रनगति पर लगाम कसी। दक्षिण अफ्रीका अंतिम पांच ओवरों में 29 रन ही जोड़ सकी लेकिन विस्फोटक शुरुआत के दम पर उसने 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 205 रन बनाये, जो टी20 विश्व कप 2022 का सबसे बड़ा स्कोर है।

बंगलादेश के लिये लक्ष्य का पीछा करने उतरे सौम्य सरकार (15) ने पहले ओवर में दो छक्के जड़े लेकिन इसके बाद इसके बाद टाइगर्स की ओर से कोई आतिश नहीं हुई। दक्षिण अफ्रीका ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए नियमित अंतराल पर विकेट निकाले। बंगलादेश के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छूने में नाकाम रहे। इस दौरान कप्तान शाकिब अल हसन दुर्भाग्यपूर्ण रूप से नॉर्खिया की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। टीवी रिप्ले में साफ हुआ कि शाकिब आउट नहीं थे, लेकिन वह अंपायर के फैसले को रिव्यू किये बिना ही पवेलियन लौट गये। लिटन दास ने अकेले संघर्ष करते हुए 31 गेंदों पर 34 रन बनाये, हालांकि वह बंगलादेश के आठवें विकेट के रूप में आउट हो गये।

बंगलादेश ने टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में नीदरलैंड पर जीत दर्ज की थी, हालांकि उससे पहले उन्हें अपने पिछले छह टी20 मैचों में हार मिली थी।

बंगलादेश सुपर-12 के अपने अगले मुकाबले में ज़िम्बाब्वे का सामना करेगी जबकि दक्षिण अफ्रीका का सामना भारत से होगा।

## नेट अभ्यास में अगर आउट हो जाता हूं तो फिर बल्लेबाजी नहीं करता: सूर्यकुमार

सिडनी, 27 अक्टूबर। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि अभ्यास के दौरान मैच की परिस्थितियां पैदा करके बल्लेबाजी करने से वह दबाव झेलने में महारत हासिल कर चुके हैं और पिछले एक साल से उन्हें इससे शानदार नतीजे भी मिल रहे हैं।

पिछले कुछ समय से वह बेहतरीन फॉर्म में हैं जब उनसे इस निरंतरता के संबंध में की गयी तैयारी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, "मैं जब अभ्यास सत्र में जाता हूं तो कुछेक में कोशिश करता हूं कि मैच की परिस्थितियों के हिसाब से खुद पर काफी दबाव बनाऊं जैसे कि मैच में ही खेल रहा हूं।"

सूर्यकुमार का पिछले 36 मैचों में स्ट्राइक रेट करीब 178 के करीब है और इसमें 11 स्कोर 50 रन ( एक शतक और 10 अर्धशतक) से ज्यादा हैं।

उन्होंने कहा, "इसलिये उदाहरण के तौर अगर मैं कुछ गेंदों को निशाना बनाता हूं और जैसे कि मुझे कुछ संख्या में रन बनाने हैं और अगर मैं आउट हो जाता हूं तो मैं बाहर आ जाता हूं। उस दिन मैं फिर से बल्लेबाजी नहीं करता।"

इस तरह से अभ्यास के दौरान मैच के हालात पैदा करने से उन्हें मैच की तैयारी करने में मदद मिलती है।

## अपनी पारी से खुश नहीं भारतीय कप्तान रोहित शर्मा

सिडनी, 27 अक्टूबर। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टीम की नीदरलैंड पर गुरूवार को यहां टी20 विश्व कप में मिली जीत से काफी प्रसन्न हैं लेकिन वह खुद की 53 रन की पारी से इतने खुश नहीं हैं।

रोहित ने 39 गेंद की पारी के दौरान चार चौके और तीन छक्के जड़े। भारत ने दो विकेट पर 179 रन का स्कोर बनाकर नीदलैंड को नौ विकेट पर 123 रन ही बनाने दिये और 56 रन से जीत हासिल की।

सलामी बल्लेबाज केएल राहुल का विकेट गंवाने के बाद भारत ने पावरप्ले में 32 रन बनाये जिसके बाद रोहित और कोहली ने मिलकर 56 गेंद में 73 रन की साझेदारी की।

रोहित को पांचवें ओवर में जीवनदान मिला था जब टिम प्रिंगल ने उनका कैच छोड़ दिया था। भारतीय कप्तान ने कहा, "अपने अर्धशतक से ज्यादा खुश नहीं हूं।"

रोहित ने मैच के बाद कहा, "सबसे महत्वपूर्ण रन जुटाना है, यह मायने नहीं रखता कि ये कैसे मिले। अंत में यह आत्मविश्वास बरकरार रखने की बात है।"

वर्ष 2022 में यह उनका तीसरा टी20 अर्धशतक है। उनके अलावा विराट कोहली (62 रन) और सूर्यकुमार यादव (51) ने टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।

उन्होंने कहा, "मुझे लगा कि यह शानदार जीत थी। उन्होंने सुपर 12 तक जिस तरीके से क्वालीफाई किया है, उसे देखते हुए श्रेय उन्हे जाता है। हम हालांकि देखते हैं कि हम खुद के प्रदर्शन के साथ क्या कर सकते हैं, हम प्रतिद्वंद्वी के बारे में परेशान नहीं होते। ईमानदारी से कहूं तो यह 'परफेक्ट' जीत के करीब थी।"

रोहित ने कहा, "हम शुरू में थोड़ा धीमा खेले लेकिन फिर मेरे और विराट के बीच बातचीत हुई, हमें पिच पर बड़े शॉट खेलने के लिये थोड़ा इंतजार करना पड़ा।"

नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने स्वीकार किया कि कोहली और सूर्यकुमार के बीच साझेदारी ने दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया।

उन्होंने कहा, "हम यहां जीतने के लिये और अच्छा प्रदर्शन करने के लिये आये थे। लेकिन इस तरह की टीमों के खिलाफ आपको अपना सर्वश्रेष्ठ करना होता है। जिस तरह से अंत में इन दोनों बल्लेबाजों ने खेल दिखाया, वे 180 रन के स्कोर तक ले गये। यह पेचीदा होना ही था।"

सूर्यकुमार को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिन्होंने 25 गेंद में 51 रन की तेज तर्रार पारी खेली। उन्होंने कहा, "जब मैं बल्लेबाजी करने गया तो अच्छा खेलने की कोशिश कर रहा था। हालात बहुत ही सरल थे, मुझे थोड़ी तेजी बरतनी थी।"

उन्होंने कहा, "हमें प्रत्येक ओवर आठ से 10 रन बनाने थे ताकि हम ऐसा स्कोर खड़ा कर सकें जिसका हमारे गेंदबाज आसानी से बचाव कर सकें। जिस तरह से चीजें हुई, उससे बहुत खुश हूं।"

## विश्व कप 2022 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी होंगे कोहली : कुंबले

नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर। पूर्व भारतीय स्पिनर अनिल कुंबले ने गुरुवार को भारत और नीदरलैंड के बीच खेले गये मुकाबले के बाद कहा कि विराट कोहली टी20 विश्व कप 2022 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज होंगे। कुंबले ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के एक कार्यक्रम में कहा, "उन्होंने (कोहली) पहले दो मैचों में अर्द्धशतक बनाए हैं। पहले मैच में 82 और दूसरे मैच 62 के साथ उन्होंने टूर्नामेंट की बहुत अच्छी शुरुआत की है। मुझे लगता है कि भारतीय टीम टूर्नामेंट के फाइनल तक जाएगी, जिससे वह ज्यादा मैच भी खेलेंगे और सर्वाधिक रन बनाएंगे।" कोहली ने गुरुवार को सिडनी में नीदरलैंड के खिलाफ 62 रन की नाबाद पारी खेलकर भारत को 179 रन तक पहुंचाया, जिसके जवाब में नीदरलैंड 123 रन ही बना सकी। कोहली के अलावा कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने भी अर्द्धशतक जड़े। रोहित ने जहां 39 गेंदें खेलकर 53 रन बनाए, वहीं सूर्यकुमार ने 25 गेंदों पर 51 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। भारतीय क्रिकेट के जंबो ने सूर्यकुमार की तारीफ करते हुए कहा, "सूर्यकुमार वर्तमान समय में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाज हैं। उनके खेलने का तरीका गेंदबाजों के लिये मुश्किलें पैदा करता है। उन्होंने हर जगह एक ही तरह के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं, इसलिये मेरे अनुसार वह बहुत ही अच्छे टी20 बल्लेबाज हैं।"

## बोपन्ना और मिडेलकूप एर्स्टे बैंक ओपन के क्वार्टरफाइनल में

वियना, 27 अक्टूबर। भारत के रोहन बोपन्ना और नीदरलैंड के मेटवे मिडेलकूप ने अर्जेंटीना के पेड्रो कोचिन और डिएगो श्वार्टजमैन को सीधे सेटों में हराकर एर्स्टे बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। बोपन्ना और मिडेलकूप ने 6 . 1, 6 . 3 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना आंद्रेस मोल्टेनी और सैंटियागो गोंजालेस से होगा जिन्होंने वेसले कूलहोफ और नील स्कूपस्की को 7 . 6, 7 . 5 से हराया।

## महिला, पुरुष क्रिकेटरों को समान वेतन देने का बीसीसीआई का ऐतिहासिक फैसला

मुंबई, 27 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने लैंगिक समानता की ओर ऐतिहासिक कदम उठाते हुए महिला एवं पुरुष क्रिकेटरों को समान मैच वेतन देने का फैसला किया है।

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने गुरुवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा, "मुझे भेदभाव से निपटने की दिशा में बीसीसीआई के पहले कदम की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हम अनुबंधित महिला क्रिकेटरों के लिए समान वेतन नीति लागू कर रहे हैं। क्रिकेट में लैंगिक समानता के एक नये युग में प्रवेश करते हुए पुरुष और महिला क्रिकेटरों दोनों के लिए मैच फीस समान होगी।"

शाह ने कहा, "बीसीसीआई महिला क्रिकेटरों को उनके पुरुष समकक्षों के समान मैच फीस का भुगतान किया जाएगा।"

उन्होंने बताया कि बीसीसीआई अनुबंधित खिलाड़ियों को टेस्ट मैचों के लिये 15 लाख रुपये, एकदिवसीय मैचों के लिये छह लाख रुपये और टी20 मैचों के लिये तीन लाख रुपये देगा। शाह ने कहा, "वेतन समानता हमारी महिला क्रिकेटरों के लिए मेरी प्रतिबद्धता थी और मैं एपेक्स काउंसिल को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं।"

उल्लेखनीय है कि न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के लिये समान मैच फीस की घोषणा करने वाला पहला बोर्ड है। एनज़ेडसी ने इस साल जुलाई में खिलाड़ी संघ के साथ पांच साल के समझौते पर हस्ताक्षर किये थे जिसके तहत महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों को समान वेतन दिया जाएगा।

बीसीसीआई ने हालांकि वार्षिक अनुबंध में बदलाव करने की कोई घोषणा नहीं की है। वार्षिक अनुबंध के तहत ए-प्लस श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय पुरुष खिलाड़ियों को प्रति वर्ष सात करोड़ रुपये दिये जाते हैं, जबकि ए श्रेणी के खिलाड़ियों को पांच करोड़, बी श्रेणी के खिलाड़ियों को तीन करोड़ और सी श्रेणी के खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये दिये जाते हैं।

बीसीसीआई की अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटरों के लिये ए-प्लस श्रेणी का वार्षिक अनुबंध नहीं है। ए श्रेणी की महिला खिलाड़ियों को 50 लाख, बी श्रेणी की महिला खिलाड़ियों को 30 लाख जबकि सी श्रेणी के वार्षिक अनुबंध वाली महिला खिलाड़ियों को 10 लाख रुपये दिये जाते हैं।



*सैटेलाइट डेटा के अनुसार अगस्त में 33,116 बार ब्राज़ील के एमेज़ॉन जंगलों में आग लगी। गत 5 सालों में किसी भी महीने में इतनी ज्यादा आग की घटनाएं नहीं हुईं। एमेज़ॉन एनवायरमैंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट की साइन्टिफिक डायरैक्टर, एन एलेन्कार ने कहा कि, इस रिकॉर्ड तोड़ अग्निकांड की वजह, वनों की कटाई, ''ला नीना सायकल'' और अक्टूबर में ब्राज़ील में होने वाले चुनाव हो सकते हैं। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रपति जैर बोल्सोनारो अक्टूबर में पुनः चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, गत चार सालों में वनों की कटाई बढ़ी है जो बताती है कि, बोल्सोनारो प्रशासन का पर्यावरण एजेंडा क्या है, जिन्होंने वनों का संरक्षण करने वाली संस्थाओं को कमजोर किया है और अवैध कारगुज़ारियों को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि, वृक्षों की ज्यादा कटाई का मतलब, आग लगने की घटनाएं बढ़ना है। बोल्सोनारो की सरकार पेड़ काटने वालों पर जरा भी सख्त नहीं है। किसान खेती के लिए जंगल जला देते हैं, पेड़ काट देते हैं और जिन पर पेड़ काटने के लिए जुर्माना लगाया जाता है वे जुर्माना नहीं भरते ना ही किसी को जेल होती है। इस वर्ष न्यूयॉर्क शहर से सात गुना बढ़े आकार का जंगल अगस्त से पहले तक काट दिया गया। उत्तरी अमेरिका के जंगलों के विपरीत, एमेज़ॉन के ह्यूमिड (आर्द्र) जंगलों में आग खुद ब खुद नहीं लगती, बल्कि लोग जानबूझ कर खेती के लिए और मवेशी का चारा उगाने के लिए आग लगाते हैं। एमेज़ॉन के वर्षावन महत्वपूर्ण ''कार्बन सिंक'' हैं, जो कार्बन डाई ऑक्साइड छोड़ते कम हैं और सोखते अधिक हैं। जंगल को जलाने पर यह कार्बन डाई ऑक्साइड वातावरण में मिल जाती है और ग्लोबल वॉर्मिंग को बढ़ाती है। इस बार आग लगने से 3.6 अरब मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड वातावरण में मिली है।*

# लद्दाख में विशाल और नया एयर फील्ड स्थापित करेगा हिन्दुस्तान

## चीन की ओर से सीमा पर नये-नये युद्ध संबंधी निर्माणों के मद्देनज़र हिन्दुस्तान ने यह अहम् काउन्टर रणनीति तैयार की है

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। लद्दाख में चीन के खिलाफ भारत ने एक नई रणनीति तैयार की है। दरअसल हाल ही में कई मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि चीन पूर्वी लद्दाख से सटे इलाकों में भारी बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है। अब चीन को काउंटर करने के लिए भारत जल्द ही न्योमा में एक नए हवाई क्षेत्र का निर्माण शुरू करने जा रहा है। न्योमा पूर्वी लद्दाख का बेहद अहम एरिया है।

भारतीय सेना के अधिकारियों ने को कहा कि भारत जल्द ही एल.ए.सी. से 50 किलोमीटर से कम दूरी पर लड़ाकू विमानों के संचालन के लिए अपने न्योमा एडवांस्ड लैण्डिंग ग्राउंड के अपग्रेडेशन के लिए निर्माण कार्य शुरू करने जा रहा है। चीन के साथ चल रहे गतिरोध के दौरान न्योमा हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल जवानों और सामग्री के परिवहन के लिए किया गया है। इस हवाई क्षेत्र में चिनूक हेवी-लिफ्ट हेलिकॉप्टर और सी-130 जे स्पेशल ऑपरेशंस विमानों को भी उतारा जा चुका है। ''न्योमा एडवांस्ड लैण्डिंग ग्राउंड (एएलजी) को जल्द ही लड़ाकू विमान संचालन के लिए अपग्रेड किया जाएगा। अधिकांश आवश्यक मंजूरी और अप्रूवल पहले ही आ चुके हैं। योजना के अनुसार, नए हवाई क्षेत्र और सैन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण सीमा सड़क संगठन द्वारा किया जाएगा।'' एएलजी के अपग्रेडेशन से वायुसेना को बहुत ताकत मिलेगी। इस क्षेत्र से लड़ाकू विमानों के संचालन की क्षमता से वायु सेना की विरोधियों द्वारा किसी भी

- **भारत ने चीन सीमा से मात्र 50 किलोमीटर की दूरी पर यह एयर फील्ड स्थापित करने का निर्णय लिया है।**
- **सेना ने कहा है कि, लद्दाख में पहले से ही स्थापित ''न्योमा एयरफील्ड'' को बेहद उन्नत दर्जे पर अपग्रेड किया जायेगा। न्योमा पूर्वी लद्दाख का बेहद अहम् एरिया है। इस योजना के जरिये सीधे लद्दाख से हर प्रकार के लड़ाकू विमानों का संचालन किया जा सकेगा।**

दुस्साहस से तेजी से निपटने की क्षमता मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मोदी सरकार द्वारा मंजूरी मिलने के बाद पूर्वी लद्दाख सेक्टर में निर्माण कार्य का उद्घाटन जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। भारत पूर्वी लद्दाख में दौलत बेग ओल्डी (डी.बी.ओ.), फुकचे और न्योमा सहित कई हवाई क्षेत्रों के विकास पर विचार कर रहा है। यह इलाके चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एल.ए.सी.) से कुछ ही मिनटों की दूरी पर हैं। न्योमा एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) पर पहले ही वायुसेना के एम.आई.-17 हेलीकॉप्टर, अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर, चिनूक हेवी-लिफ्ट हेलीकॉप्टर को उतारा जा चुता है व गरुड़ स्पेशल फोर्स ऑपरेशन का भी यहां संचालन किया गया है। हाल ही में, भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन अजय राठी ने न्योमा जैसे एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड के महत्व को समझाया था। राठी ने कहा, ''न्योमा एएलजी का वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब होने के कारण रणनीतिक महत्व है।

### शर्मा की...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जिसकी योग्यता इंजीनियरिंग की डिग्री के साथ ही पावर जनरेशन, ट्रांसमिशन व डिस्ट्रिब्युशन में कार्य अनुभव है। राज्य सरकार ने मैंबर के खाली टैक्निकल पद पर बीएन शर्मा को 17 मई 2021 को नियुक्ति देते हुए कमीशन का चेयरमैन नियुक्त कर दिया। जबकि राजस्थान पावर रिफॉर्म एक्ट 1999 और इलैक्ट्रिक एक्ट 1999 के अनुसार आयोग में टैक्निकल सदस्य पद पर इंजीनियरिंग सहित अन्य योग्यताधारक की नियुक्ति ही हो सकती है। इसलिए टैक्निकल मैंबर के पद पर बी.एन. शर्मा की नियुक्ति एक्ट 1999 के नियमों का उल्लंघन है। याचिका में अदालत से बी.एन. शर्मा को चेयनमैन पद पर काम करने से तुरंत रोकने और उनकी नियुक्ति को अवैध मानते हुए रद्द करने का आग्रह किया है। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।

# राजनाथ सिंह के बयान से पाकिस्तान और चीन में बड़ी हलचल

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कश्मीर की धरती से ऐलान किया था कि, बहुत जल्द पी.ओ.के. को भारत में मिला दिया जायेगा

श्रीनगर, 27 अक्टूबर (वार्ता)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को एक ऐसा बयान दिया है जिससे चीन और पाकिस्तान दोनों में खलबली पैदा हो गई है, उन्होंने जम्मू-कश्मीर की धरती से एलान किया कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लेने के बाद ही जम्मू- कश्मीर का भारत में विलय पूरा होगा।

जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय और वर्ष 1947 में जम्मू-कश्मीर को कबाइलियों के हमले से बचाने के लिए भारतीय सेना को वहां पहुंचाये जाने की याद में मनाये जाने वाले शौर्य दिवस के अवसर पर यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने कहा यह यात्रा तभी पूरी होगी जब हम पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के ,अन्य हिस्सों के साथ गिलगित बाल्टिस्तान को भी वापस ले लेंगे। राज्य का विशेष दर्जा खत्म किये जाने के बाद यहां एक नई शुरूआत हुई है, यह तो बस शुरूआत भर है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख अब एक के बाद एक विकास के नये आयामों को छुएंगे। लेकिन यहां मैं कहना चाहूंगा कि हमने इन क्षेत्रों का विकास अभी शुरू ही किया है और अब हम उत्तरी इलाकों की ओर बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा, हमारी यात्रा तब पूरी होगी जब भारतीय संसद में 22 फरवरी 1949 को सर्वसम्मति से पारित किये गये प्रस्ताव को लागू कर देंगे और उसके हिसाब से बाकी बचे हिस्सों जैसे गिलगित और बाल्टिस्तान के साथ दूसरे हिस्सों को भी अपनी ज़द में ले आयेंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा मैं पाकिस्तान से सवाल करना चाहता हूं कि उसने कश्मीर के जिस हिस्से पर

- **कश्मीर में शौर्य दिवस कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि, 22 फरवरी 1949 को भारतीय संसद में पारित किये गये प्रस्ताव को बहुत जल्द अमलीजामा पहनाया जायेगा और भारत जल्द ही गिलगित, बाल्टिस्तान सहित दूसरे हिस्सों को अपनी ज़द में ले लेगा।**
- **राजनाथ सिंह ने कहा कि, पाकिस्तान ने पी.ओ.के. के लोगों का जीवन अंधकारमय बना रखा है, वहां के लोगों को कोई भी मूलभूत अधिकार नहीं मिले हुये हैं तथा पाकिस्तान के राजनेता व सेना पी.ओ.के. के नागरिकों को लगातार यातनायें देते रहते हैं।**

अवैध रूप से कब्जा जमाया हुआ है वहां के लोगों को कितने अधिकार दिये हैं। पाकिस्तान जो मानवाधिकारों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहता है ,वह उसके कब्जे वाले इलाके के लोगों की कितनी चिंता करता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पीओके के लोगों के खिलाफ क्रूरता दिखाता है। सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के देश का अभिन्न हिस्सा होने के बावजूद यहां के लोग राजनीति के शिकार हैं। उनके साथ सही व्यवहार नहीं किया गया है। एक ओर इस क्षेत्र की आजादी को धरती का स्वर्ग बताया जाता है तो दूसरी ओर इस भावना ने स्वार्थी राजनीति के सामने दम तोड़ दिया है।

उन्होंने कहा इस क्षेत्र को लंबे समय से अंधकार में रखा गया है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद से जम्मू-कश्मीर में विकास की नई बयार बही है। इससे पहले यहां हुई जबरदस्त हिंसा का शिकार अनगिनत जिंदगियां हुईं और अनगिनत घर बरबाद हुए। इसके कारण एक ही देश में दो विधान काम कर रहे थे। केंद्र सरकार की कितनी ही लाभकारी योजनाएं पंजाब की सीमा पार करके इस राज्य तक नहीं पहुंच पायीं।

### 75000नौकरियां ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

स्टंट मानकर इस पर संदेह व्यक्त करते हुए गोहिल ने पूछा कि ''क्या आपने इन लोगों को वास्तव में रोजगार दिया है? या आपने इन लोगों को सिर्फ कॉन्ट्रैक्ट पर हायर किया है? और इन अभ्यर्थियों के चयन में किस प्रक्रिया का अनुसरण किया गया? इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए, कृपया देश को बताएं कि इन नौकरियों का वितरण किस प्रकार किया गया और यह भी स्पष्ट करें कि ये पद कितने समय से रिक्त पड़े थे।'' ''आपने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। कई वर्षों बाद आय रोजगार मेला आयोजित करने का निर्णय लेते हैं। अब ऐसा छोटा रोजगार मेला क्यों, जबकि आपको 16 करोड़ नौकरियां पहले ही दे देनी चाहिए थीं? आपने प्रत्येक वर्ष दो करोड़ नौकरियां क्यों नहीं दीं?कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पहले आरोप लगाया था कि गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों से पूर्व रोजगार मेले की नौटंकी करने के लिए करीब 75 हजार नियुक्ति पत्र कई महीनों तक रोक कर रखे गए और अभ्यर्थियों की भावना का कोई सम्मान नहीं किया गया।

### ''वंदे भारत'' ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लिए अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, ट्रेन सैट डिपो और वॉशिंग लाइन्स के साथ मैन पावर भी उपलब्ध करवाएगा, जो कि उसके तकनीकी साझेदार के ''सुपरविज़न और टैक्नीकल कंट्रोल'' में काम करेंगे।

रेलवे के स्टाफ के वेतन एवं भत्ते रेलवे ही देगा और सरकार निःशुल्क पानी -बिजली के अलावा इलैक्ट्रिकल फिटिंग्स, केन्स, ट्रैक्स, ओ.एच.ई. सिस्टम्स के साथ बेसिक सिविल स्ट्रक्चर उपलब्ध करवाएगी। भारतीय रेलवे अपने टैक्नोलॉजी पार्टनर को ट्रेन सैट्स खरीदकर अनुगृहीत करेगा और उसे वार्षिक मेन्टिनैंस शुल्क भी दिया जाएगा जो कुल कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू का अनुमानतः 3.5 प्रतिशत होगा।

बिड दस्तावेजों की शर्तों को देखते हुए भारतीय रेलवे के कुछ अधिकारी कहते हैं कि वंदे भारत के कॉन्ट्रैक्ट्स देश के औद्योगिक विकास में अपना योगदान नहीं देंगे क्योंकि इनमें ट्रांसफर ऑफ टैक्नोलॉजी नहीं होगा। देश में रेलवे के कुल यात्री भार में एयर कण्डीशन्ड ट्रेन ट्रैवल का हिस्सा परम्परागत रूप से काफी कम रहा है। इस मामले में राजधानी और शताब्दी जैसी 50 विषम प्रीमियर ट्रेन्स पहले से ही पटरियों पर दौड़ रही है और आने वाले वर्षों में 400 वंदे भारत ट्रेन्स के और आ जाने से भारतीय रेलवे के अपनी सामाजिक प्रतिबद्धताओं के साथ समझौता करने की उम्मीद है, क्योंकि इस पदानुक्रम में आगे गैर आरक्षित यात्री ट्रेनों की भरमार होने की संभावना है।

# डॉनल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर खुले मंच पर भारत और हिन्दुत्व की पैरवी की

## राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा, वे अगर 2024 में राष्ट्रपति बने तो भारत और अमेरिका के संबंधों को एक नये मंच पर ले जायेंगे

न्यूयॉर्क, 27 अक्टूबर। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर वे 2024 में राष्ट्रपति चुनाव जीतते हैं तो भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को अगले स्तर तक लेकर जाएंगे। फ्लोरिडा में अपने मार-ए-लागो रिजॉर्ट में रिपब्लिकन हिंदू कोलिशन (आर.एच.सी.) द्वारा आयोजित दिवाली कार्यक्रम में शामिल करीब

- **डॉनल्ड ट्रम्प ने दिवाली के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि, हिंदू समुदाय, भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके बहुत अच्छे संबंध हैं।**
- **ट्रम्प ने कहा, हमें 2016 और 2020, दोनों बार हिंदुओं का बहुत समर्थन मिला था और भारत तथा उनके लोगों का भी समर्थन मिला था।**

200 भारतीय-अमेरिकियों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके हिंदू समुदाय, भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि, अगर वे 2024 में अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित होते हैं तो आर.एच.सी. के संस्थापक शलभ कुमार को भारत में अपना राजदूत नामित करेंगे। आर.एच.सी. ने बीते दिनों दिवाली कार्यक्रम में ट्रंप द्वारा दिए गए भाषण का वीडियो को जारी किया। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने अभी तक यह घोषणा नहीं की है कि वह चुनाव लड़ेंगे कि नहीं, लेकिन अगर वह चुनाव लड़ते हैं और 2024 में जीत दर्ज करते हैं तो भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रति उनकी कुछ खास प्रतिबद्धताएं होंगी। ट्रंप ने कहा, हमें 2016 और 2020, दोनों बार हिंदुओं का बहुत समर्थन मिला था और भारत तथा उसके लोगों का भी समर्थन मिला था। मैं वाशिंगटन डीसी में एक हिंदू होलोकास्ट स्मारक बनाने के विचार का पूरी तरह से समर्थन करता हूं। उन्होंने वादा किया कि अगर वह 2024 में राष्ट्रपति चुनाव जीतते हैं तो भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को अगले स्तर तक लेकर जाएंगे।

# डॉ. स्वामी की सुरक्षा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुब्रमन्यम स्वामी, जिनसे सरकार उनका कार्यकाल अप्रैल में खत्म होते ही सरकार बँगला खाली करने के लिये कह दिया

- **भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी, जिनको कार्यकाल पूरा होने पर सरकारी बंगला खाली करने का आदेश मिला है, ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दर्ज कर अपने निजी आवास पर पर्याप्त सुरक्षा मांगी है।**

था, गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय पहुँच गये। अपनी याचिका में उन्होंने कहा है सरकार ने उन्हें यहाँ पश्चिम निजामुद्दीन क्षेत्र में स्थित उनके निजी निवास पर यथेष्ट सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई है। 14 सितम्बर को, उच्च न्यायालय ने उनसे कहा था कि वे छः सप्ताह के अंदर अपने सरकारी बँगले का स्वामित्व सरकार के ऐस्टेट कार्यालय को सँभलवा दें। उनके वकील ने गुरुवार को उच्च न्यायालय को बताया कि सरकार ने उनके निजी आवास पर कोई सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई है, जबकि सरकार ने उनको उस समय इसका आश्वासन दिया था, जब डॉ. स्वामी 26 अक्टूबर तक सरकारी बँगला खाली करने के लिये तैयार हो गये थे।

अदालत उनकी याचिका की आगे की सुनवाई सोमवार को करेगी। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुये डॉ. स्वामी, जो पूर्व केन्द्रीय मंत्री हैं, को 15 जनवरी, 2016 को कैबिनेट कमेटी ऑन ए कॉमीडेशन ने लुटियन्स जोन में पाँच साल के लिये सरकारी आवंटित कर दिया था। वे सितम्बर में सकरारी बँगले के पुर्नआवंटन के लिये उच्च न्यायालय गये थे। अदालत में उन्होंने ''सुरक्षा-संकट बने रहने'' का हवाला दिया था, लेकिन केन्द्र ने यह कहते हुये उनकी दलील का विरोध किया था कि अन्य मंत्रियों एवं सांसदों को आवास दिया जाना जरूरी है। पूर्ववर्ती सुनवाई में, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने निर्णय दिया था कि मूल आवंटन पाँच साल के लिये किया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

किए जाने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। गत 26 फरवरी 2020 को जस्टिस मुरलीधर की अध्यक्षता वाली दिल्ली हाई कोर्ट की दो जजों की एक बैंच ने दिल्ली दंगों से पूर्व भड़काऊ भाषण देने वालों के विरूद्ध दिल्ली पुलिस द्वारा कार्रवाई ना करने को लेकर केन्द्र सरकार की खिंचाई की थी, क्योंकि दिल्ली पुलिस केन्द्र सरकार के ही अधीन है।

बैंच, पूर्व नौकरशाह हर्ष मंदर द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें भाजपा नेता अनुराग ठाकुर, कपिल मिश्रा व अन्य पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाया गया था। जस्टिस मुरलीधर ने केन्द्र सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि वह इस अवधि में अपना यह रूख स्पष्ट करे कि क्या वह कथित भड़काऊ भाषणबाजों के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करने का इरादा रखती है या नहीं? लेकिन जब आगे के निर्देश पारित करते, उससे पहले ही 27 फरवरी 2020 को केन्द्र सरकार की एक अधिसूचना आ गई उनके व तीन अन्य जजों के तबादले की बात कही गई थी। कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस अधिसूचना को जस्टिस मुरलीधर द्वारा एक दिन पूर्व दिए गए आदेश के परिणाम के रूप में देखा, तथापि तत्कालीन विधि मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने कोलीजियम द्वारा 12 फरवरी 2020 को की गई तबादले की सिफारिश का हवाला देकर विपक्ष पर मामले का अनावश्यक राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। लेकिन जहां तक जजों की नियुक्ति की मंजूरी में विलंब की बात है तो केन्द्र सरकार इस वर्ष की शुरूआत में यह साबित कर चुकी है कि यदि वह चाहे तो कोलीजियम की सिफारिशों को 48 घंटे के भीतर मंजूरी प्रदान कर सकती है।

# दक्षिण भारत की यात्रा पर निकला...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

का एक व्यवसायी नन्द कुमार है। जब पुलिस का सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों से यह जानकारी मिली कि पैसे और बड़े पदों की पेशकश करके, उन्हें भाजपा में शामिल होने का प्रलोभन दिये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं, उसके बाद रवीन्द्र हैदराबाद से जुड़े हुये जिले रंगा रेड्डी के अजीज़ नगर कस्बे के संदर्भित फार्म हाउस में गया था। पुलिस ने बुधवार शाम को फार्म हाउस पर छापा मारा तथा तीन लोगों को हिरासत में ले लिया।

जब यह राजनैतिक घटना टेलीविजन के स्क्रीन तथा सोशल मीडिया तक पहुँच गई तो चार विधायकों- गुव्वाला बाला राजू (अचेम्पेट), रेगा कान्ता राव (पीनायाका), बीरम हर्षवर्धन रेड्डी (कोल्लापुर) तथा पंजूगुला रोहित रेड्डी (तन्दूर)- की तस्वीरें दो महात्माओं के साथ वायरल हो गई। प्रसंगवश बता दें कि इनमें से तीन विधायक पूर्व कांग्रेसी हैं, जो कांग्रेस के टिकट पर जीतने के बाद, टी.आर.एस. में शामिल हो गये थे। ये चारों विधायक सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय गये तथा बाद में उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी।

टी.आर.एस. विधायकों ने मीडिया कर्मियों को बताया कि उन्होंने भाजपा के विधायक तोड़ने के अभियान को मात दे दी है। उन्होंने कहा, ''हमें पैसे से खरीदे जाने की साजिश को हमने उजागर कर दिया है।'' एक पार्टी विधायक ने कहा, ''हम के.सी.आर. के पैदल सैनिक हैं तथा हम पैसे के लालच में नहीं आयेंगे।''

जब यह समाचार मीडिया में पहुँच गया तो भाजपा ने तुरन्त इस कथित घटना से स्वयं को अलग कर लिया तथा कहा कि यह ''टी.आर.एस. का ''इन-हाउस ऑपरेशन'' था क्योंकि वह मुनुगोडे विधानसभा उपचुनाव की संभावित हार से डरी हुई थी तथा लोगों को ध्यान हटाने तथा भाजपा को बदनाम करना चाहती थी।''

केन्द्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने उल्टे आरोप लगाते हुये कहा है कि ''सभी पार्टियों से विधायक खरीदने का काम टी.आर.एस. ने किया था तथा भाजपा पर विधायक तोड़ने का झूठा आरोप लगाने का नाटक कर रही थी। ''टी.आर.एस. के चार विधायकों से पूछताछ तक भी क्यों नहीं की गई?''

रेड्डी ने माँग की कि इस मामले की गहन जाँच सी.बी.आई. से कराई जाये तथा स्वयं मुख्यमंत्री की भूमिका की भी छानबीन की जायें क्योंकि ''हॉर्स ट्रेडिंग'' उनका इतिहास रहा है। रेड्डी ने यह भी जानना चाहा कि इस बात का क्या प्रमाण है कि आरोपी भाजपा से जुड़े हुये हैं। उन्होंने सवाल खड़ा किया कि पुलिस ने सी.सी.टी.वी. फुटेज क्यों नहीं जारी की। रेड्डी ने इस बात से दृढ़तापूर्वक इंकार किया कि भाजपा का कोई व्यक्ति न तो फार्म हाउस पर मौजूद था और न पार्टी इस गलत काम से जुड़ी

- **भाजपा ने यह भी सवाल उठाया कि, पुलिस ने अभी तक चारों विधायकों से गहरी पूछताछ क्यों नहीं की और इस बात का क्या सबूत है कि, गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों का भाजपा से कुछ भी संबंध है।**
- **भाजपा का यह भी आरोप है कि, तेलंगाना राष्ट्र समिति मनु गोडे का एसेम्बली का उपचुनाव हारने जा रही है, इसलिये भाजपा द्वारा विधायक खरीद का यह नाटक रचा है। तेलंगाना में आरोप-प्रत्यारोप के कारण राजनीतिक स्थिति धूमिल सी है, पर कर्नाटक में, जो दक्षिण भारत में भाजपा का सबसे प्रमुख राज्य है और जहां भाजपा की सरकार भी है, में जरूर भाजपा की स्थिति स्पष्ट रूप से कमजोर हुई है, भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस के पुनर्जिवित होने से। कांग्रेस नेता भी आक्रामक शैली से इस पुनर्जिवित होने की हवा का पूरा लाभ लेने की तैयारी में हैं।**

उन्होंने पुलिस पर इतने घटिया स्तर तक उतर आने का आरोप लगाया तथा कहा कि पुलिस अधिकारियों तथा के.सी.आर. सरकार की मिली भगत है तथा पुलिस मुख्यमंत्री द्वारा तैयार कथानक के अनुरुप कार्य कर रही है। रेड्डी ने सवाल खड़ा किया, हुई हैं। रेड्डी ने कहा कि मुनुगोडे विधानसभा उपचुनाव की संभावित हार से डरी हुई टी.आर.एस. ने यह झूठा नाटक गढ़ा है तथा उसकी झूठी पटकथा लिखी है। उन्होंने कहा कि यह एक फिल्मी कहानी से ज्यादा कुछ नहीं है जिसके पटकथा लेखक तथा निर्देशक स्वयं मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने भविष्यवाणी की कि ''यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप होगी।''

मुनुगोडे सीट के लिये मतदान 3 नवम्बर को होगा तथा चुनाव परिणाम की घोषणा 6 नवम्बर को होगी।

आम लोगों की नजर में, तेलंगाना में भाजपा और टी.आर.एस. के बीच की इस बड़ी राजनैतिक लड़ाई से भाजपा अपना दामन पूरी तरह से बचाने की कोशिश कर रही है लेकिन इसे भाजपा का दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि पिछले कुछ दिनों का राजनैतिक इतिहास तथा कई राज्यों की सरकारों को गिराने में भाजपा को मिली सफलता के फलस्वरूप, आम जनता की नजर में, टी.आर.एस. द्वारा लगाये जा रहे आरोप विश्वसनीय प्रतीत हो रहे हैं- भले ही इस प्रकरण की सच्चाई कुछ भी हो। तेलंगाना की ताजातरीन इस विधायक चोरी (पोचिंग) में भाजपा शामिल न भी हो तो भी उसका ट्रैक रिकॉर्ड लोगों की नजरें उनके इंकार को संदेहास्पद श्रेणी में ही रख रही हैं। आम जनता तमिलनाडु तथा केरल में भी भाजपा के कृत्यों को बड़ी सजगता एवं सतर्कता के साथ देख रही है। ज्ञातव्य है कि जनता इस समय तथा पूर्ववर्ती चुनावों में भी, भाजपा के पक्ष में नहीं रही है। केरल के राज्यपाल द्वारा राज्य के वित्त मंत्री को उनके पद पर बने रहने की अपनी प्रसन्नता को वापस लिया जाना, अर्थात उन्हें बर्खास्त करने की कोशिश करना केरल की जनता की नजर में एक नकारात्मक कदम ही रहा है।

ज्ञातव्य है कि केरल साक्षरता के मामले में देश में सबसे ऊपर है। दक्षिण भारत, जहाँ से लोकसभा के 130 सांसद आते हैं, जो कुछ भी भाजपा के पास है, उसे खोती नजर आ रही है। पिछे आम चुनावों में, भाजपा ने कर्नाटक में इकतरफा जीत हासिल की थी, लेकिन तेलंगाना, जहाँ से उसे चार सीटें मिली थीं, के अलावा अन्य किसी दक्षिण भारतीय राज्य में प्रवेश भी नहीं कर पाई थी और भाजपा यहाँ अपनी जमीन तैयार करने तथा अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ाने की आशा लगाये बैठी है तथा अन्य पार्टियों, खासतौर से कांग्रेस के राजनेताओं को तलाशने एवं चुराने की कोशिश कर रही है।

दो तेलुगू भाषी राज्यों- आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना में उनकी चुनावी संभावनाओं को बढ़ाने के लिये भाजपा नेतृत्व फिल्म स्टारों तथा अन्य सेलिब्रिटीज को अपने साथ लाने एवं चुनावों में उतारने की भी कोशिश कर रही है।

# केरल में बर्ड फ्लू की दस्तक

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (वार्ता)। केंद्र सरकार ने केरल में एवियन इनफ्लुएंजा की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए एक उच्च स्तरीय दल भेजा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि केरल में एवियन इन्फ्लुएंजा

- **केंद्र सरकार ने केरल में एवियन इनफ्लुएंज़ा यानी बर्ड फ्लू की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए एक उच्च स्तरीय दल जांच एवं बेहतर इंतजामात के लिए वहां भेजा है।**

के प्रकोप की जांच के लिए उच्च स्तरीय दल भेजा है। यह दल एवियन नफ्लुएंजा प्रकोप का विस्तार से जांच करेगा और सिफारिशें केंद्र सरकार को सौंपेगा।

केरल के लिए सात सदस्यीय केंद्रीय दल में राष्ट्रीय क्षय रोग और श्वसन रोग संस्थान, नई दिल्ली, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, नई दिल्ली, राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान, चेन्नई और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के विशेषज्ञ शामिल हैं। जांच दल का नेतृत्व क्षेत्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कार्यालय, बैंगलोर के डॉ राजेश केदामणि कर रहे हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908